शरीरमाद्यं खलुधर्मसाधनम्

59वीं

एम्स वार्षिक रिपोर्ट

2014–2015

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

नई दिल्ली 110029

59 वीं

एम्स

वार्षिक रिपोर्ट

2014–15

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

नई दिल्ली–110029

संयुक्त रूप से संपादित :
डॉ. कल्पना लूथरा, जैव रसायन विभाग
डॉ. रोहित भाटिया, तंत्रिका विज्ञान विभाग
डॉ. अल्पना शर्मा, जैव रसायन विभाग
डॉ. विरेन्दर कुमार बंसल, शल्य चिकित्सा विभाग एवं उप–संकायाध्यक्ष (शैक्षिक)
डॉ. संदीप अग्रवाला, बालशल्य चिकित्सा विभाग
डॉ. संजीव लालवानी, न्याय चिकित्सा विभाग एवं कुल–सचिव
डॉ. पीयूष साहनी, जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं यकृत प्रत्यारोपण विभाग
डॉ. प्रताप शरण, मनोचिकित्सा विभाग
डॉ. यतन पाल सिंह बलहारा, मनोचिकित्सा विभाग
डॉ. दीप्ति विभा, तंत्रिका विज्ञान विभाग
डॉ. पुरवा माथुर, प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग, जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र
डॉ. एच. के. भट्टाचार्जी, शल्य चिकित्सा विभाग
डॉ. रोहित सक्सेना, डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र
डॉ. राकेश लोढ़ा, बाल चिकित्सा विभाग
डॉ. मनीष सोनेजा, कायचिकित्सा विभाग
डॉ. आर. लक्ष्मी, ह्रद् जैव रसायन विभाग
डॉ. प्रिया जगिया, ह्रद् विकिरण विज्ञान
डॉ. टोनी जॉर्ज जैकब, शरीर रचना विज्ञान विभाग
सुश्री सरस्वती, व्याख्याता, अंग्रेजी

डिजाइन एवं प्रिंट
जे. डी. सर्विसेस इंक.
मोबाइलः 9810247997,8800333339,8130398210
ई–मेल jdsi2000@gmail.com, वेबसाइटः www.jdsi.co.in

अ. भा. आ. सं. 2014–2015 / 2

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (अ. भा. आ. सं.) की स्थापना सन 1956 में संसद के एक अधिनियम के द्वारा राष्ट्रीय महत्व के एक संस्थान के रूप में की गई थी। संस्थान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य स्नातक–पूर्व तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा में इसकी सभी शाखाओं में शैक्षिक पैटर्न विकसित करना, भारत में सभी मेडिकल कॉलेजों एवं अन्य संबद्ध संस्थानों के लिए चिकित्सा शिक्षा का एक उच्च स्तरीय निदर्शन करना; स्वास्थ्य कार्यकलापों की सभी महत्वपूर्ण शाखाओं में कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु सर्वोच्च स्तर की शैक्षिक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना; तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना था।

संस्थान में शिक्षण, अनुसंधान तथा रोगी उपचार हेतु व्यापक सुविधाएं हैं। संस्थान द्वारा स्नातक–पूर्व तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर चिकित्सा परा–चिकित्सीय पाठ्यक्रमों में शैक्षिक कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं तथा अपनी ही डिग्रियां प्रदान की जाती हैं। यहां 52 विषयों में शिक्षण एवं अनुसंधान कार्य संचालित किया जाता है। एक वर्ष में अपने संकाय–सदस्यों तथा अनुसंधानकर्ताओं के 2000 से भी अधिक अनुसंधान प्रकाशनों के साथ संस्थान चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी है। एम्स द्वारा एक नर्सिंग कॉलेज भी चलाया जाता है। विभिन्न विभागों और केंद्रों द्वारा पूर्व एवं परा–नैदानिक विभागों की सहायता से सभी प्रकार की बीमारियों का व्यावहारिक रूप से उपचार किया जाता है। संस्थान द्वारा हरियाणा में बल्लभगढ़ में व्यापक ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र में 50 बिस्तरों वाला एक अस्पताल भी चलाया जाता है जिसमें सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के माध यम से लगभग 8 लाख लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

एक नजर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
2014–2015

स्थापना का वर्ष 1956

शिक्षण विभाग और केंद्र	55	चिकित्सा स्नातक	2788
संकाय सदस्य (स्वीकृत 869)	640	स्नातकोत्तर	9047
गैर संकाय कर्मचारी (स्वीकृत 10865)	9300	नर्सिंग / पैरामेडिकल स्नातक	2904
स्नातक पूर्व छात्रों की संख्या	839	पत्रिकाएं / सार में प्रकाशन	2194
स्नातकोत्तर छात्रों की संख्या	1446	पुस्तकें में अध्याय / पुस्तकें / मोनोग्राफ	308

अस्पताल सेवाएं

अस्पताल / केंद्र	बाह्य रोगी (आपातकालीन सहित)	दाखिला (ऑपरेशन / प्रक्रियाएं)	सर्जरी	सामान्य प्राइवेट	बिस्तर	कुल
मुख्य अस्पताल	17,50,197	96,689	73,882	982	165	1147
डॉ. रा. प्र. केंद्र	3,74,947	38,333	38,974	281	21	302
डॉ. बी. आर. ए. आई. आर. सी. एच.	1,38,125	38,058	8,202	167	15	182
हृद् वक्ष केंद्र	1,61,399	12,039	4,090	185	33	218
तंत्रिका विज्ञान केंद्र	1,21,757	8,682	3,546	174	30	204
एन. डी. डी. टी. सी.	83,034	1,054	–	50	0	50
सी. सी. एम.	3,89,677	10,807	2,789	50	0	50
जे. पी. एन. ए. टी. केंद्र	97,373	5,290	5,678	186	0	186
सी. डी. ई. आर. *(20 बिस्तर और 80 डेंटल चेयर सहित)*	44,343	971	13,953	100	0	100
आउटरीच ओपीडी, बाढ़सा, झज्जर	62,889	–	–			
कुल	**33,41,297**	**2,11,923**	**1,51,114**	**2,175**	**264**	**2,439**

* सी. टी. केंद्र द्वारा 6 माह और एन. एस. केंद्र द्वारा 6 माह के लिए 1 बिस्तर (प्राइवेट) उपयोग किया जाता है।

अस्पताल प्रदर्शन सूचकांक	**2014–15**		**टिप्पणियां**
	मुख्य अस्पताल	**सी एन सी**	
रहने की औसत अवधि (दिन)*	4.3	6.8	बिस्तरों के सांकेतिक प्रभावी उपयोग।
औसत बिस्तर अधिभोग दर (प्रतिशत)*	87.9	84.6	सांकेतिक निष्पक्ष अधिभोग।
सकल मृत्यु दर (प्रतिशत)*	1.7	2.9	इस तथ्य के बावजूद कि गंभीर रूप से बीमार रोगियों की बड़ी संख्या अस्पताल में दाखिल किए जाते हैं, सांकेतिक मृत्यु दर निम्न है।
संयुक्त अशोधित संक्रमण दर (प्रतिशत)*	5.38	–	

* ये आंकड़े केवल अ. भा. आ. सं. मुख्य अस्पताल और हृद् वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केंद्र के लिए हैं।

विषय–सूची

1. निदेशक की समीक्षा 009
2. संस्थान और इसकी समितियां 015
3. शैक्षिक अनुभाग 020
4. परीक्षा अनुभाग 028
5. सामान्य प्रशासन 033
6. मुख्य अस्पताल 036
7. नर्सिंग महाविद्यालय 061
8. अनुसंधान अनुभाग 065

9. विभाग

9.1 संवेदनाहरण विज्ञान 076
9.2 शरीर रचना विज्ञान 085
9.3 जैव रसायन 097
9.4 जैव आयुर्विज्ञान इंजीनियरी 106
9.5 जैव भौतिकी 109
9.6 जैव सांख्यिकी 113
9.7 जैव प्रौद्योगिकी 123
9.8 सामुदायिक चिकित्सा केंद्र 126
9.9 त्वचा एवं रतिज रोग विज्ञान 141
9.10 आपात चिकित्सा 147
9.11 अंतःस्राविकी एवं चयापचय 150
9.12 न्याय चिकित्सा और विष विज्ञान 158
9.13 जठरांत्र रोग विज्ञान एवं मानव पोषण 162
9.14 जठरांत्र शल्य–चिकित्सा एवं यकृत प्रत्यारोपण 172
9.15 जराचिकित्सा 176
9.16 रुधिर विज्ञान 179
9.17 अस्पताल प्रशासन 183
9.18 प्रयोगशाला चिकित्सा 188
9.19 काय–चिकित्सा 201
9.20 सूक्ष्म जैव विज्ञान 210
9.21 वृक्क विज्ञान 220
9.22 नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद 226
9.23 नाभिकीय चिकित्सा 232
9.24 प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 236
9.25 अस्थि रोग विज्ञान 249
9.26 कान, नाक एवं गला रोग विज्ञान एवं सिर एवं ग्रीवा शल्य चिकित्सा 256
9.27 बाल चिकित्सा विज्ञान 261

9.28 बाल शल्य चिकित्सा ... 284
9.29 विकृति विज्ञान ... 292
9.30 भेषजगुण विज्ञान ... 302
9.31 भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास ... 308
9.32 शरीर क्रिया विज्ञान ... 313
9.33 मनोचिकित्सा ... 328
9.34 पुल्मोनरी चिकित्सा एवं निद्रा विकार ... 338
9.35 विकिरण निदान ... 343
9.36 प्रजनन जैव विज्ञान ... 352
9.37 शल्य चिकित्सा ... 356
9.38 प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवंशिकी ... 362
9.39 मूत्ररोग विज्ञान ... 367

10. केंद्र

10.1 हृदय वक्ष विज्ञान केंद्र ... 372
10.2 दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र ... 398
10.3 डॉ. बी. आर. अंबेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल ... 405
10.4 डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र ... 431
10.5 जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र ... 447
10.6 राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र ... 474
10.7 तंत्रिका विज्ञान केंद्र ... 482

11. केंद्रीय सुविधाएं

11.1 बी. बी. दीक्षित पुस्तकालय ... 516
11.2 कैफेटेरिया ... 518
11.3 केंद्रीय पशु सुविधा ... 520
11.4 केंद्रीय कार्यशाला ... 522
11.5 कंप्यूटर सुविधा ... 524
11.6 इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी सुविधा ... 533
11.7 छात्रावास अनुभाग ... 535
11.8 संस्थान की नीति विषयक समिति ... 538
11.9 के. एल. विग आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी केंद्र ... 539
11.10 मीडिया और प्रोटोकॉल प्रभाग ... 542

12. प्रकाशन ... 544

13. वित्त प्रभाग

13.1 बजट एवं वित्त ...676
13.2 लेखा–परीक्षा रिपोर्ट ...778

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

संगठन संरचना

संस्थान निकाय

शासी निकाय

वित्त समिति | चयन समिति | शैक्षिक समिति | संपदा समिति | अस्पताल प्रबंध समिति

1.निदेशक की समीक्षा

मुझे संस्थान की 59वीं वार्षिक रिपोर्ट तथा वर्ष 2014–15 के लेखों का लेखा–परीक्षित विवरण प्रस्तुत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भारत तथा पड़ोसी देशों के लोगों के स्वास्थ्य में सुधार करने हेतु अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली ने इस अवधि में अत्यधिक प्रगति की है। एम्स, नई दिल्ली ने अपने संकाय सदस्यों एवं छात्रों को भविष्य में आने वाली चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करने हेतु उन्हें प्रेरित एवं प्रशिक्षित करना भी जारी रखा है। मुझे इस रिपोर्ट में हमारी कुछ विशिष्ट उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है।

राजकुमारी अमृत कौर की परिकल्पना के आधार पर भारत में स्नातकपूर्व तथा स्नातकोत्तर स्वास्थ्य उपचार शिक्षा हेतु एक मजबूत पाठ्यक्रम आधार को विकसित करने के उद्देश्य से भारतीय संसद के एक अधिनियम द्वारा वर्ष 1956 में स्थापित एम्स, नई दिल्ली स्वास्थ्य उपचार शिक्षा, अनुसंधान तथा सेवा के उच्च स्तरीय मानदण्ड को प्राप्त करने हेतु सतत् प्रयासरत है। इसे पूरे विश्व में भारत के एक ऐसे सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ आयुर्विज्ञान शिक्षा के साथ अद्यतन अनुसंधान और गुणवत्ता स्वास्थ्य उपचार का सम्मिश्रण है। इसके अतिरिक्त, इस वर्ष हमने एम्स को भारत का पहला पूर्ण रूप से पर्यावरण–अनुकूल सार्वजनिक अस्पताल बनाने की प्रतिज्ञा की है जिससे कि वह यथोचित रूप से 'हरित स्वास्थ्य उपचार का लेबल' हासिल कर सके।

हरित बनने की ओर अग्रसर

एम्स, नई दिल्ली, ऊर्जा और संसाधन संस्थान (टेरी) की सहायता से हरित बनने की ओर अपने कदम बढ़ा चुका है। एम्स द्वारा ऊर्जा संरक्षण, सौर ऊर्जा और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम प्रयोग, पानी के उपयोग को कम करने तथा उसके लिए जल संरक्षण एवं अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण पद्धति और सूक्ष्म जलवायु उष्मा को 3° से. तक, ऊर्जा संरक्षण का 30: तक कम करने और जल उपभोग को 50: तक कम करने, के लिए शहरी ऊष्मा भूमि प्रभाव पर कार्य करने की योजना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के हमने व्यापक ऊर्जा परीक्षण किया है और हिताची इंडिया की सहायता से उच्च ऊर्जा बचत निष्पादन हेतु एक डाटा केंद्र की स्थापना की है। निरूपित परियोजना से हम अस्पताल की सम्पूर्ण ऊर्जा प्रयोग का पता लगाने और मानसिक चित्रण करने में सक्षम हो पाएंगे। ऐसा हम सूचना प्रौद्योगिकी पद्धति के परिवेश की स्थापना करके एवं अति कुशल पद्धतियों एवं उपकरणों को उन्नत करके कर पाएंगे।

शिक्षा

एम्स, नई दिल्ली हमारे तेजी से विकसित हो रहे व्यवसाय की मांगों को पूरा करने के लिए विस्तारशील हो रहा है। डॉ. बी आर. अंबेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल की संवेदनाहरण यूनिट को उन्नत करके संवेदनाहरण विज्ञान, पीड़ा एवं प्रशामक उपचार विभाग कर दिया गया है और दो नए पाठ्यक्रमः एम.डी. (प्रशामक उपचार चिकित्सा) एवं डी.एम. (अर्बुद–संवेदनाहरण विज्ञान) आरंभ किये गये हैं।

एम्स, नई दिल्ली द्वारा आयुर्विज्ञान और विज्ञान के अग्रणियों की अगली पीढ़ी को शिक्षित किया जाना जारी है। एम्स ने इंडिया टूडे के बेस्ट मेडिकल स्कूल्स लीग टेबल में लगातार 12वें वर्ष सभी विचाराधीन मानदण्डों में सबसे अधिक अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह स्थान विभिन्न रोगी समूहों और असंख्य रोगों के प्रति नैदानिक पहुंच, विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों के समेकित उपचार, उन्नतशील शिक्षण और कार्य मार्गदर्शन में संस्कृति जिसमें 'रोगी प्रथम' की भावना रखी जाती है, के संदर्भ में समृद्ध शिक्षण वातावरण को कायम रखते हुए प्राप्त किया गया है। एम्स, नई दिल्ली, में 07 केंद्र हैं, जिनमें विभिन्न शिक्षण विभाग एवं सुविधाएं हैं और 39 अद्वितीय विभाग है तथा 10,000 से अधिक कार्मिक शक्ति है जिनमें 600 से अधिक संकाय सदस्य सम्मिलित हैं। संस्थान द्वारा बड़ी संख्या में विशेषज्ञ (एम. डी./एम.एस.), उच्च विशेषज्ञ (डी.एम. /एम.सी.एच), पी.एच.डी. स्कॉलर और संबद्ध स्वास्थ्य एवं आधारभूत विज्ञान विशेषज्ञों तथा नर्सों एवं पैरा मेडिकल कर्मियों को तैयार किया जाता

छात्रों द्वारा दिए गए कुछ उद्धरण

"मैंने पाया है कि सुविधा से वंचित लोग स्वास्थ्य उपचार पद्धति के लाभ उठाने में एक चिकित्सक के रूप में, मैं उपचार में इस विषमता को कम करने में सहायता करूंगा"।

"देश ने एम्स में मेरी शिक्षा के लिए अनमोल योगदान दिया है। मैं आशा करता हूं कि स्वास्थ्य उपचार और अनुसंधान में श्रेष्ठता का अनवरत रूप से पालन करके देश के विश्वास का कर्ज चुका पाऊंगा"

"मैं ट्रांसलेशनल अनुसंधान करना चाहता हूं क्योंकि यह शैक्षणिक विज्ञान को ऐसे विज्ञान में परिवर्तित करने में मदद करता है, जो लोगों के जीवन पर प्रभाव डाले।

है। वर्ष के दौरान, हमने विभिन्न पाठ्यक्रमों में 798 स्कॉलरों को पंजीकृत किया हैं। एम्स द्वारा पाठ्यक्रम में सहायता के लिए एक नया लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम आरंभ किया गया है। इसमें कार्यक्रमों का व्यापक कैलेण्डर बनाने के लिए सूचना प्रोद्यौगिकी का प्रयोग किया जाता है और वास्तविक समय में जानकारी प्रदान करने हेतु क्रियाविधि प्रदान की गई है। एम्स द्वारा युवा अन्वेषकों को रचनात्मक रूप से जटिल वैज्ञानिक प्रश्न पूछने और उन्हें हल करने का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए उन्हें जैव आयुर्विज्ञान अनुसंधान, शैक्षणिक समुदाय और उद्योग में चुनौतीपूर्ण करियर हेतु तैयार किया जा रहा है।

संस्थान द्वारा अल्पकालीन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 722 अल्पकालीन प्रशिक्षुओं, 19 दीर्घकालीन प्रशिक्षुओं, डब्ल्यू.एच.ओ. फैलोशिप कार्यक्रम के अंतर्गत 12 डब्ल्यू.एच.ओ. फैलो (विदेशी नागरिक) और डब्ल्यू. एच.ओ. इन–कंट्री फैलोशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 12 डब्ल्यू एच.ओ. फैलो (भारतीय नागरिक) को स्नातकोत्तर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। एम्स, नई दिल्ली द्वारा भोपाल, भुवनेश्वर, जोधपुर, पटना, रायपुर और ऋषिकेश में एम्स के लिए संरक्षक की भूमिका निभाया जाना भी जारी है और उनके लिए एम.बी.बी.एस. एवं बी.एस.सी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु छात्रों के अंतिम चयन हेतु प्रवेश परीक्षाओं और काउंसलिंग का संचालन किया जा रहा है।

एम्स द्वारा लगातार रूप से समीक्षा की जाती है कि चिकित्सा और विज्ञान को किस प्रकार पढ़ाया जाए जिससे कि स्कॉलरशिप और नवीन खोजों को विकसित किया जा सके। एम्स द्वारा विभिन्न विशिष्टताओं जैसे शल्य चिकित्सा, अस्थिरोग तथा विकिरण चिकित्सा में एनिमेशन और विडियो जैसी तकनीकी सहायता के प्रयोग को बढ़ाया गया है। शरीर रचना विज्ञान विभाग द्वारा इसकी 'ब्लेंडिड लर्निंग' को सुगम बनाने के लिए ई–लर्निंग सुविधा को विस्तारित किया गया है और संवेदनाहरण विभाग द्वारा छात्रों तथा प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इसकी अद्यतन उच्च निष्ठापूर्ण ह्यूमन पेशेन्ट सिम्यूलेशन सिस्टम और संवेदनाहरण कौशल प्रयोगशाला के प्रयोग को संगठित किया गया है।

एम्स द्वारा राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दोनों ही विद्यार्थियों की बढ़ती हुई संख्या को अभिनव निर्देशात्मक अवसर प्रदान किया जाना जारी है। एम्स द्वारा हजारों चिकित्सकों और स्वास्थ्य उपचार कर्मियों को कौशल विकसित करने, ज्ञान वर्धन करने एवं कार्य निष्पादन में उन्नति करने में सहायता करने हेतु क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा प्रदान की गई। हमने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से 150 से अधिक कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित किया एवं मेजबानी की है। नवजात विज्ञान प्रभाग, बाल चिकित्सा विभाग द्वारा प्रतिभागी संस्थानों में इसेन्शियल न्यूबोर्न केयर और सिक न्यूबोर्न केयर में कौशल अध्ययन सहित पाठ्यक्रम संचालित किए गए। मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान, मॉरीशस और भारत के छात्रों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया।

तंत्रिका विज्ञान विभाग द्वारा मल्टीपल स्कलीरोसिस पर नियमित क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा कार्यक्रम आरंभ किया गया है। जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र (जे पी एन ए टी सी) द्वारा भारत में अभिघात उपचार को उन्नत करने के लिए क्षमता निर्माण करने में मुख्य योगदान दिया जाना जारी है। शल्य चिकित्सा विभाग द्वारा मिनीमली इनवेसिव शल्य चिकित्सा प्रशिक्षण केंद्र में लैप्रोस्कोपिक सर्जरी में पूरे भारत से 100 से अधिक शल्य चिकित्सकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्रविज्ञान केंद्र द्वारा नेत्र शल्यक कौशल में प्रशिक्षण हेतु एक नई शल्यक प्रशिक्षण सुविधा 'राष्ट्रीय शल्यक कौशल विकास केंद्र' की स्थापना की गई है। अंग पुनः स्थापन एवं बैंकिंग संस्था (ऑर्बो) द्वारा शव अंग एवं ऊतक दान प्रक्रिया पर नर्सों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का संचालन किया गया। और राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र (एन.डी.डी.टी.सी.) भारत में राज्यों एवं पड़ोसी देशों में क्षमता निर्माण हेतु श्रमपूर्वक कार्य करते हुए निवेश किया जाना जारी हैं। ये क्रमिक शिक्षा कार्यक्रम उन आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान स्वास्थ्य कर्मियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिनके काम में स्वास्थ्य तंत्र, स्वास्थ्य उपचार एवं विज्ञान की गहरी समझ होना अपेक्षित हैं।

विश्वसनीय एम्स स्वास्थ्य प्रकाशनों के दिशा–निर्देश से सामान्य जनता को भी लाभ हुआ है। अंग पुनः स्थापन एवं बैंकिंग संस्था (ऑर्बो) द्वारा अंग एवं ऊतक दान संबंधी जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इसी प्रकार, तंत्रिका विज्ञान विभाग द्वारा मिरगी रोग हेतु जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। व्यक्ति के स्वास्थ्य एवं तंदुरूस्ती हेतु विटामिन डी और इसके महत्व के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स के सहयोग से एम्स तथा हील फाउंडेशन के संयुक्त उपक्रम बोन–डी–लाइट एक्सप्रेस द्वारा 15 शहरों में विस्तारित यात्रा का आयोजन किया।

रोगी उपचार

अस्पताल रोगियों की बहुत अधिक संख्या को बहुत कम लागत पर उपचार प्रदान करते हुए गुणवत्ता के उच्च मानकों को बनाए रखने में सक्षम रहा है। एम्स मुख्य अस्पताल एवं इसके केंद्रों–हृद् वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केंद्र (हृ.तं.कें), जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र (जे पी एन ए टी सी), डॉ. बी.आर. अंबेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल (बी आर ए आई आर सी एच), डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र (आर पी सी ओ एस), दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (सी डी ई आर), राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र (एन डी डी टी सी) के बिस्तरों की संख्या, दिवस उपचार बिस्तरों सहित कुल 2439 है। वर्ष 2014–15 के दौरान संस्थान में उत्कृष्ट रोगी उपचार सेवा पैरामीटरों पर लगभग 33.41 लाख रोगियों को ओ पी डी में तथा 2.11 लाख अंतरंग रोगियों को देखा गया और लगभग 1.5 लाख से अधिक रोगियों के ऑपरेशन किए गए। इसमें औसत बिस्तर अधिभोग लगभग 86% था और अस्पताल में ठहरने की औसत अवधि लगभग 5.5 दिन थी। एम्स अस्पताल की शुद्ध मृत्यु दर लगभग 2% रिपोर्ट की गई। एम्स, द्वारा भारत में विकसित स्वास्थ्य उपचार सेवाएं प्रदान करने के साथ–साथ विकासशील विश्व, विशेषकर दक्षिण एवं दक्षिण पूर्वी एशिया हेतु सेवाएं प्रदान करने में नेतश्त्व की भूमिका भी निभाई गई।

एम्स, नई दिल्ली द्वारा अपनी एपॉइंटमेंट प्रक्रिया को सफलतापूर्वक कंप्यूटरीकृत कर लिया गया है और इसी कारण वह अपने सभी रोगियों को यूनिक हैल्थ आइडेंटीफिकेशन (यू एच आई डी) नंबर प्रदान कर सका। यू एच आई डी के माध्यम से लोग संस्थान के रोगी पोर्टल के माध्यम से अपने चिकित्सक से एपॉइंटमेंटस लेने में सक्षम हुए हैं। एपॉइंटमेंट की बुकिंग को सरल करने और प्रयोगशाला रिपोर्टों की जांच करने के लिए एक मोबाइल एप्लीकेशन आरंभ किया गया हैं। एम्स को बुजुर्गों और बच्चों को ऑनलाइन ओ पी डी एपॉइंटमेंट में प्राथमिकता प्रदान करने में सहायता करने के लिए हेल्पेज इंडिया का सहयोग प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त, संक्रमण, मिचली और दुष्प्रभावों जैसी सामान्य अप्रकटित समस्याओं से पीड़ित रोगियों हेतु फोलो–अप उपचार को सरल और सुविधाजनक बनाने हेतु टेली–परामर्श का संचालन करने में कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु एक 'नर्सिंग इंर्फोमेटिक्स' कार्यक्रम आरंभ किया गया। संस्थान द्वारा कंप्यूटराइज्ड नेटवर्किंग के माध्यम से इसके प्रमुख केंद्रों हृद् तंत्रिका, दंत, नेत्र एवं कैंसर को जोड़ने की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई हैं।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मार्गदर्शन में एम्स, नई दिल्ली के चिकित्सकों को निदेश दिए गए कि वे जेनेरिक दवाइयां (जिनके भेषजगुण विज्ञानी प्रभाव बिलकुल उनके ब्रांड के नाम वाली दवाइयों के समान होते हैं) लिखें। जेनेरिक दवाइयां उचित नुस्खा लिखने, उपचार की लागत को कम करने और रोगी उपचार को उन्नत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संस्थान द्वारा 10 मंजिला धर्मशाला ब्लॉक के निर्माण की भी योजना बनाई गई है, जिसमें 360 से अधिक लोग ठहर सकें। इसमें उपचार तथा फोलो–अप के लिए आने वाले रोगियों और उनके रिश्तेदारों तथा तीमारदारों के लिए एक स्वच्छ, सुविधाजनक और सुरक्षित आवासीय सुविधा प्रदान की जाएगी। पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके अंतर्गत उन्होंने अपनी सामूहिक सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत इस कार्य के लिए प्रथम किस्त के रूप में ₹ 29 करोड़ दान स्वरूप दिए।

भारत सरकार द्वारा घोषणा की गई है कि वृद्ध जनसंख्या, जिसमें वर्ष 1951 से चार गुणा वृद्धि हुई है, की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एम्स, नई दिल्ली में नेशनल इंस्टट्यूट ऑफ एजिंग (एन आई ए) की स्थापना की जाएगी।

एम्स अस्पताल से ट्रॉमा केंद्र के बीच यात्रा समय को 30 मिनट से कम करते हुए 3 मिनट तक करने के लिए दोनों के बीच एक समर्पित कॉरीडोर का निर्माण किया गया। संस्थान द्वारा आपदा मोचन प्रकार्य के दौरान चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन डी आर एफ) के साथ भी गठबंधन किया गया है। देश के अंदर बड़ी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान एन डी आर एफ की खोजी एवं बचाव दल के साथ एम्स द्वारा तैनाती हेतु चिकित्सा विशेषज्ञ, नर्सें और परा–चिकित्सा स्टाफ उपलब्ध करवाया जाएगा। इस सहयोग द्वारा क्षमता

विश्वास का मानदण्ड

चाहे वह इबोला की दहशत हो अथवा डेंगू का प्रकोप, एम्स भारत का प्रमुख केंद्र बना रहा।

अंतःकरण का स्वर

एम्स के संकाय सदस्यों द्वारा सोसायटी फॉर लैस इंवेस्टीगेटिव मेडिसिन (एस एल आई एम) को आरंभ किया गया–एक ऐसा कार्यक्रम जिसका उद्देश्य स्केवड इकनोमिक्स इंसेन्टिव के अंतर्गत अत्यधिक चिकित्सीय जांचों के खतरों का मुकाबला करना है।

निर्माण के अवसरों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

तंत्रिका शल्य चिकित्सा के प्रतिष्ठित आचार्य प्रो. पी.एन. टंडन के नाम पर मिरगी हेतु उत्कृष्टता केंद्र के भाग के रूप में एक उन्नत तंत्रिका जैव विज्ञानी प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। प्रयोगशाला में औषध–प्रतिरोधी मिरगी से पीड़ित रोगियों की आवश्यकताओं के लिए कार्य किया जाएगा, जिनमें सभी मिरगी रोगियों में से लगभग 25–30ः मिरगी रोगी सम्मिलित हैं और अधिकांशतः उन्हें अपने रोग के उपचार के लिए शल्य चिकित्सा के विकल्प को अपनाना आवश्यक होता हैं।

एम्स द्वारा औषध प्रतिरोध पैटर्नों, जोकि भविष्य में दिखाई दे सकते हैं, के पूर्वानुमान में सहायता हेतु सूचना एकत्र करने में आई सी एम आर की सहायता की जा रही हैं। आई सी एम आर के एंटीमाइक्रोबायल निगरानी एवं अनुसंधान नेटवर्क द्वारा डायरिया, टाइफाइड, कवक संक्रमणों और अस्पताल और सघन उपचार एकक (आई सी यू) में रोगियों को होने वाले संक्रमणों के कारक छः रोगाणुओं के प्रतिरोधी पैटर्नों का पता लगाया जा रहा है।

एम्स के 42वें दीक्षांत समारोह के दौरान माननीय प्रधानमंत्री महोदय का संबोधन।

"भारत को बदलते हुए विश्व के साथ अपनी गति को बनाए रखने के लिए अपने चिकित्सा अनुसंधान को आगे बढ़ाए रखने की आवश्यकता है।"

चेतावनी परामर्श

एम्स, दिल्ली द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि स्ट्रोक में परंपरागत उपचार से अलग अस्थि मज्जा मूल कोशिका उपचार का कोई अतिरिक्त लाभ नहीं है। यह अध्ययन पत्रिका "स्ट्रोक" में प्रकाशित हुआ था। अतः इस्कैमिक स्ट्रोक से पीड़ित लोगों को मूल कोशिका चिकित्सा का विकल्प चुनते समय एहतियात बरतनी चाहिए।

इस अध्ययन को जर्नल ऑफ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी में प्रकाशित किया गया था।

अनुसंधान

हमारे विशेष जैव आयुर्विज्ञान अनुसंधान उद्यम द्वारा रोग को बेहतर ढंग से समझने, उपचार तथा उसकी रोकथाम करने के प्रयासों हेतु सहायता एवं संवर्धन किया जाता है। वर्ष 2014–15 में एम्स में अनुसंधान से संबंधित लोगों ने नवीन कार्यों और प्रकाशनों में अपने नेतृत्व के माध्यम से स्कॉलरशिप में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 570 से अधिक वित्तपोषित अनुसंधान परियोजनाओं को संचालित किया गया और संस्थान को अग्रणी क्षेत्रों में ₹ 70 करोड़ से अधिक की राशि बाहरी अनुसंधान अनुदान के रूप में प्राप्त हुई। वर्ष के दौरान, संस्थान के संकाय सदस्यों और वैज्ञानिकों ने 109 अनुसंधान परियोजननाएं आरंभ की और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 1900 से अधिक अनुसंधान पत्र एवं 300 से अधिक मोनोग्राफ, पुस्तकें और पुस्तकों में अध्याय प्रकाशित किए गए।

अनुसंधानकर्ताओं ओर वैज्ञानिकों की नई पीढ़ी को शिक्षित करने के लिए नई प्रभावी पद्धतियों को विकसित करने हेतु हमारे अनुसंधान प्रकोष्ठ का निरंतर अभियान है कि एम्स में शोध और शिक्षा के कार्य को अत्यावश्यक रूप से किया जाए। इसके अतिरिक्त 64 नई अनुसंधान परियोजनाओं को आरंभ करने के लिए प्रतिभाशाली युवा संकाय सदस्यों को रू. 5 करोड़ का आंतरिक अनुदान वितरित किया गया।

इस वर्ष के आरंभ में 10 मंजिला कंवर्जेंस ब्लॉक का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद उसे संस्थान को सौंप दिया गया। इसमें शिक्षण कक्ष, प्रयोगशालाएं, अनुसंधान एकक और 'नॉलेज सेन्टर' है। नॉलेज सेन्टर ज्ञान विस्तार और प्रौद्योगिकी चालित अनुसंधान के संचालन हेतु नवीनतम प्रौद्योगिकी सुविधा के रूप में कार्य करेगा। यह विशाल मात्रा में स्वास्थ्य उपचार संबंधी आंकड़े और आण्विक और जैवविज्ञानी सिस्टम संबंधी आंकड़े एकत्रित करेगा। ऐसा परिकल्पित है कि इन आंकड़ों के समूह संबंधी प्रगतिशील बायोइंफोर्मेटिक्स उपकरणों के प्रयोग से अकेले रोगी को भी बेहतर ढंग से उपचार करने में चिकित्सकों को सहायता मिलेगी जैसे नैदानिक पर्यवेक्षणों, प्रयोगशाला परिणामों, आनुवंशिकी, जिनोमिक्स और पर्यावरणीय प्रभावों से निकलने वाले पैटर्नों को चिकित्सीय अनुसंधान से प्राप्त नवीनतम जानकारी से जोड़ते हुए उनको रोगी शय्या पर ही प्रयोग किया जा सकेगा। जैव आयुर्विज्ञान इनफोर्मेटिक्स के विस्तारित हो रहे क्षेत्र उस गति को प्रतिबिंबित करता है, जिससे आंकड़ों को अब अत्यधिक मात्रा में एकत्रित किया जा सकता है और उनका विश्लेषण किया जा सकता है, जिससे हम स्वास्थ्य और रोग का और अधिक सूक्ष्मता से अध्ययन कर सकते हैं।

महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोजों को तेज गति से बढ़ाने के लिए विश्व में एकीकरण और सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए एम्स द्वारा प्रमुख पहल की गई है। इस संदर्भ में ध्यान देने योग्य है

कि आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी जॉन एबोट ने आस्ट्रेलियाई–इंडिया नीति विषयक अनुसंधान कोष के विस्तार हेतु 20 मिलियन आस्ट्रेलियाई डॉलर की सहायता की घोषणा की। दोनों देश निवारक स्वास्थ्य अपचार, अभिघात उपचार, जरा–चिकित्सा मधुमेह अनुसंधान एवं मानसिक रोगों के क्षेत्रों में सहयोग करेंगे। एम्स द्वारा कम लागत के वहनीय शल्यक उपकरणों हेतु जापान में ओसाका यूनिवर्सिटी के साथ सहयोगी अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम की स्थापना भी की गई है।

एम्स मूल कोशिका सुविधा को वर्ष 2005 में मूल कोशिका अनुसंधान हेतु श्रेष्ठता केंद्र के रूप में जैवप्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से आरंभ किया गया था। इसको इस वर्ष करंट गुड मैनफैक्चरिंग प्रैक्टिसिस (सी जी एम पी) की एक यूनिट के रूप में अपग्रेड किया गया। ऑक्यूलर सरफेस रीकंस्ट्रक्शन, रेटिनाइटिस पिग्मेन्टोसा, डाइलेटिड कार्डियोमायोपैथी, मायोकार्डियल इंफारक्शन, स्ट्रोक, पेरीफेरल वेस्क्यूलर रोग, बाइलरी एट्रेसिया एवं विटिलिगो हेतु नैदानिक अनुसंधान/परीक्षण आरंभ किए गए हैं। कुछ आरंभिक बैंच अनुसंधान परिणामों का क्लिनिकों में रोगियों के संबंध में विवेचन किया गया है, उदाहरण के लिए:– हाल ही में दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र, एम्स में डॉक्टरों की एक टीम द्वारा मूल कोशिका सक्रियण के माध्यम से संक्रमित रूट कैनाल के उपचार एवं उसकी अवस्था में सुधार के लिए सील बायो तकनीक नामक एक नई तकनीक को विकसित किया गया है।

एम्स में पहले स्वदेशीय रूप से विकसित रोटावायरस टीके द्वारा शीघ्र ही व्यापक रूप से घातक–रोटावायरस डायरिया से पीड़ित पांच वर्ष की आयु से छोटे हजारों बच्चों के जीवन को बचाना आरंभ किया जा सकेगा। भारत में प्रत्येक वर्ष एक वर्ष की आयु से कम वाले 100,000 से अधिक बच्चे इस रोग से मर जाते हैं। लेन्सेट में हाल ही में प्रकाशित परिणामों के अनुसार, रोटावायरस टीके 116 ई. के चरण III परीक्षण में यह टीका शिशुओं के जीवन के प्रथम वर्ष के दौरान उनमें तीव्र रोटावायरस गेस्ट्रोइंटरटाइटिस की रोकथाम करने में सुरक्षित तथा प्रभावशाली पाया गया था। यह टीका सरकार को 100 प्रति खुराक तक में उपलब्ध करवाया जाएगा और इसे शीघ्र ही लाइसेंस मिलने की संभावना है। इसी प्रकार एम्स और आई आई टी दिल्ली के सहयोग से मोबाइल फोन के आकार के हीमोग्लोबिन मीटर को विकसित किया गया। इस यंत्र को इसके प्रभाव हेतु एम्स द्वारा मान्यता प्रदान की गई। इस यंत्र से अरक्तता की पहचान करने और उसे नियंत्रित करने की संभावना है। भारत में अरक्तता बहुत ही व्यापक रूप से फैली हुई है और इस रोग के कारण बड़ी संख्या में मातृ मृत्यु भी देखी गई हैं। इस यंत्र के बाजार में उपलब्ध अन्य समान यंत्रों से दस गुना सस्ता होने की संभावना है।

जन–स्वास्थ्य

एम्स का अन्वेषण, प्रकाशन और शिक्षण नई दिल्ली की सीमा से बाहर विस्तारित हो चुका हैं। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय निकायों द्वारा स्वास्थ्य उपचार सिस्टम में सुधार करने के लिए बनाई गई जन–नीतियों के विकास हेतु अधिकांशतः एम्स के संकाय सदस्यों से परामर्श लिया गया है। इनमें से सम्मिलित हैं:–ऑर्बो द्वारा चिकित्सा–विधिक मामलों में सम्पूर्ण देह दान और अंग पुनः स्थापन संबंधी दिशा–निर्देश बनाने में योगदान दिया गया फुफ्फुसीय चिकित्सा एवं निद्रा विकार विभाग द्वारा इंडियन इनीशिएटिव ऑन ऑब्स्ट्रक्टिव स्लीप एपनिया (आई एन ओ एस ए) दिशा–निर्देशों का मसौदा तैयार किया गया (2014, प्रथम संस्करण), जिसका उद्देश्य भारत में निद्रा प्रयोगशालाओं, पॉजिटिव एयरवे प्रैशर (पी ए पी), चिकित्सा विवेकपूर्ण नुस्खा और भारत के बाहर पी ए पी उपकरणों की प्रतिपूर्ति को आधिकारिक मान्यता देना हैं और बाल चिकित्सा विभाग के नवजात विज्ञान प्रभाग द्वारा अस्वस्थ प्रसवपूर्व नवजात शिशुओं के उपचार के संबंध में वैश्विक दिशा–निर्देशों के विकास हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन, जेनेवा के लिए लगभग 20 सिस्टेमिक समीक्षाएं भी निष्पादित की गई।

सामुदायिक चिकित्सा केंद्र द्वारा पांच उत्तरी राज्यों (बिहार, दिल्ली, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड) में एच आई वी सेन्टीनेल सर्विलेन्स को तकनीकी सहायता प्रदान करने वाली नोडल एजेन्सी के रूप में कार्य किया जाना जारी है। जरा चिकित्सा विभाग द्वारा हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के राज्यों के लिए प्रशिक्षण एवं रैफरल हेतु नोडल केंद्र के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवंशिकी विभाग द्वारा पूरे भारत में एच एल ए जांच में लगे हुए लगभग 15 केंद्रों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता नियंत्रण और गुणवत्ता आश्वासन (क्यू सी/क्यू ए) सेवा प्रदान की जाती है।

समुदायिक चिकित्सा केंद्र में एन सी डी पी सी आधारित समुदाय में क्षमता विकास एवं अनुसंधान हेतु डब्ल्यू एच ओ सहयोगी केंद्र भी स्थापित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मुख स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु सी डी ई आर को सहयोगी केंद्र के रूप में नामित किया गया है, और उसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय मुखीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु राष्ट्रीय उत्कश्ष्टता केंद्र के रूप में भी नामित किया गया है। एन डी डी टी सी एक राष्ट्रीय संसाधन केंद्र है और उसे यूनाइटिड नेशन्स ऑफिस ऑन ड्रग्स एण्ड क्राइम (यू एन ओ डी सी) द्वारा क्षेत्रीय शिक्षण केंद्र और डब्ल्यू एच ओ सहयोगी केंद्र के रूप में नामित किया गया था। नवजात विज्ञान प्रभाग, बाल चिकित्सा

विभाग को डब्ल्यू एच ओ सहयोगी केंद्र और आई सी एम आर द्वारा नवजात शिशु स्वास्थ्य अनुसंधान हेतु उन्नत केंद्र के रूप में नामित किया गया। प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवंशिकी विभाग को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा 'आण्विक चिकित्सा में उत्कृष्टता केंद्र' के रूप में नामित किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जरा चिकित्सा विभाग को क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान के रूप में नामित किया गया था। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा काय चिकित्सा विभाग को एक्स्ट्रा–पुलमोनरी–टीबी (ई पी टी बी) हेतु उत्कृष्टता केंद्र के रूप में नामित किया गया।

उपलब्धियां

ंएम्स में हमारे समुदाय के कई विशिष्ट सदस्यों ने मुख्य उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इस वर्ष हमारे संकाय सदस्यों द्वारा प्राप्त कई सम्मानों में संभवतः सबसे प्रतिष्ठित सम्मान पद्म श्री था, जो चौथा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान है जोकि आयुर्विज्ञान के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रदान किया गया। जिन चिकित्सकों को ये सम्मान प्रदान किया गया वे हैं:–प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया, प्रोफेसर अलका कृपलानी, प्रोफेसर योगराज शर्मा और प्रोफेसर निखिल टंडन। मैं इस प्रकार के प्रतिभावना प्रतिभावान सहकर्मियों के समूह के साथ काम करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

एम्स द्वारा नवाचार शिक्षा, समर्पित सेवा प्रावधान और अग्रणी जैव आयुर्विज्ञान अनुसंधान के माध्यम से जनता को गुणवत्ता स्वास्थ्य उपचार प्रदान करने के प्रयत्न से, सरकार को सहायता प्रदान करने हेतु प्राप्त शासनादेश को पूरा करने का ईमानदार प्रयास किया गया है। यह मेरा दुर्लभ सौभाग्य ही रहा है कि मुझे इस सर्वश्रेष्ठ संस्थान की सेवा करने और सही अर्थों में कितने ही असाधरण लोगों के साथ काम करने का अवसर मिला। सदा की तरह, मैं अपनी मन की गहराइयों से एम्स में उस प्रत्येक व्यक्ति का आभार प्रकट करता हूं जिनकी प्रतिबद्धता ने इसे उस श्रेष्ठतम स्थान पर पहुंचाया है, जहां आज यह कायम है!

एम. सी. मिश्र
निदेशक

2. संस्थान और इसकी समितियां

संस्थान निकाय

1.	**श्री गुलाम नबी आजाद** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	अध्यक्ष (12 जून 2014 तक)
	डॉ. हर्ष वर्धन केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	अध्यक्ष (13 जून 2014 से 4 दिसंबर 2014)
	श्री जगत प्रकाश नड्‌डा केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	अध्यक्ष (5 दिसंबर 2014 से)
2.	**श्रीमती सुषमा स्वराज, सांसद (लोकसभा)** 8, सफदरजंग लेन, नई दिल्ली 110011	सदस्य (18 मई 2014 तक)
	श्री रमेश बिधूड़ी, सांसद (लोकसभा) म. नं. 179, संपथ हाउस, तुगलकाबाद गांव, नई दिल्ली 110044	सदस्य (10 सितंबर 2014 से)
3.	**डॉ. ज्योति मिर्धा, सांसद (लोकसभा)** 875, सेक्टर– 17 बी, गुड़गांव, हरियाणा 122001	सदस्य (18 मई 2014 तक)
	श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, सांसद (लोकसभा) 1/14 बी, शांति निकेतन, नई दिल्ली	सदस्य (10 सितंबर 2014 से)
4.	**श्री मोतीलाल वोरा, सांसद (राज्य सभा)** 33, लोधी स्टेट, नई दिल्ली 110011	सदस्य (18 मई 2014 तक)
5.	**श्री अशोक ठाकुर** सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली 110001	सदस्य (22 फरवरी 2015 तक)
	श्री एस. एन. मोहंती सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली 110001	सदस्य (23 फरवरी 2015 से)
6.	**डॉ. एम. के. भान** एफ–14 हौज खास एन्क्लेव, नई दिल्ली	सदस्य
7.	**श्री लव वर्मा** सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	सदस्य (3 मार्च 2015 तक)
	श्री भानु प्रताप शर्मा सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	सदस्य (4 मार्च 2015 से)

8.	**प्रोफेसर दिनेश सिंह** कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली 110007	सदस्य (पदेन)
9.	**डॉ. जगदीश प्रसाद** महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	सदस्य (पदेन)
10.	**प्रो. के. के. तलवार** सी–ब्लॉक, 625, दूसरा तल, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली	सदस्य
11.	**डॉ. आर. ए. बडवे** निदेशक, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, डॉ. ई बारजेस रोड, लोअर परेल, मुंबई, महाराष्ट्र	सदस्य
12.	**डॉ. रमाकांत पांडा** उपाध्यक्ष, एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट, बांद्रा ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र	सदस्य
13.	**डॉ एस. पी. अग्रवाल** महासचिव, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, रफी मार्ग, नई दिल्ली	सदस्य
14.	**डॉ. अब्दुल हामिद ज़रगर** चिकित्सा निदेशक, एडवांस सेंटर फॉर डायबिटीज एंड एंडोक्राइन केयर, नेशनल हाइवे, गुलशन नगर, नौगांव, श्रीनगर 190015, जम्मू और कश्मीर	सदस्य
15.	**श्री गौतम गुहा** अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	सदस्य (22 फरवरी 2015 तक)
	श्रीमती विजया श्रीवास्तव अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	सदस्य (23 फरवरी 2015 से)
16.	**प्रो. के. सी. पाण्डे** प्राणी विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ 226007, उत्तर प्रदेश	सदस्य
17.	**प्रो. एम. सी. मिश्र** निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	सदस्य सचिव
18.	**श्री अली रज़ा रिज़वी** संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	विशेष आमंत्रित
19.	**प्रोफेसर पी. के. जुल्का** संकायाध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	विशेष आमंत्रित

20.	**डॉ. डी. के. शर्मा** चिकित्सा अधीक्षक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	विशेष आमंत्रित

शासी निकाय

1.	**श्री गुलाम नबी आजाद**	अध्यक्ष (12 जून 2014 तक)
	डॉ. हर्ष वर्धन	अध्यक्ष (13 जून 2014 से 4 दिसंबर 2015)
	श्री जगत प्रकाश नड्डा	अध्यक्ष (5 दिसंबर 2015 से)
2.	**श्रीमती सुषमा स्वराज, सांसद (लोकसभा)**	सदस्य (18 मई 2014 तक)
	श्री रमेश बिधूड़ी, सांसद (लोकसभा)	सदस्य (10 सितंबर 2014 से)
	श्री मोतीलाल वोरा, सांसद (राज्यसभा)	सदस्य (14 मई 2014 तक)
4.	**श्री अशोक ठाकुर**	सदस्य (22 फरवरी 2015 तक)
	श्री एस. एन. मोहंती	सदस्य (23 फरवरी 2015 से)
5.	**श्री लव वर्मा**	सदस्य (3 मार्च 2015 तक)
	श्री भानु प्रताप शर्मा	सदस्य (4 मार्च 2015 से)
6.	**प्रो. के. के. तलवार**	सदस्य
7.	**डॉ. आर. ए. बडवे**	सदस्य
8.	**डॉ. जगदीश प्रसाद**	सदस्य (पदेन)
9.	**डॉ. एस. पी. अग्रवाल**	सदस्य
10.	**श्री गौतम गुहा**	सदस्य (22 फरवरी 2015 तक)
	श्रीमती विजया श्रीवास्तव	सदस्य (23 फरवरी 2015 से)
11.	**प्रोफेसर एम. सी. मिश्र**	सदस्य सचिव
12.	**श्री अली रज़ा रिज़वी**	विशेष आमंत्रित
13.	**प्रोफेसर पी. के. जुल्का**	विशेष आमंत्रित
14.	**डॉ डी. के. शर्मा**	विशेष आमंत्रित

स्थायी वित्त समिति

1.	**श्री लव वर्मा**	अध्यक्ष (3 मार्च 2015 तक)
	श्री भानु प्रताप शर्मा	अध्यक्ष (4 मार्च 2015 से)
2.	**श्री मोतीलाल वोरा, सांसद (राज्य सभा)**	सदस्य (14 मई 2014 तक)
	श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, सांसद (लोक सभा)	सदस्य (10 सितंबर 2014 से)
3.	**श्री अशोक ठाकुर**	सदस्य (22 फरवरी 2015 तक)
	श्री एस. एन. मोहंती	सदस्य (23 फरवरी 2015 से)
4.	**डॉ. जगदीश प्रसाद**	सदस्य
5.	**प्रोफेसर दिनेश सिंह**	सदस्य

6.	श्री गौतम गुहा	सदस्य (22 फरवरी 2015 तक)
	श्रीमती विजया श्रीवास्तव	सदस्य (23 फरवरी 2015 से)
7.	प्रोफेसर एम. सी. मिश्र	सदस्य सचिव
8.	प्रोफेसर पी. के. जुल्का	विशेष आमंत्रित
9.	डॉ. डी. के. शर्मा	विशेष आमंत्रित
10.	श्री अली रज़ा रिज़वी	विशेष आमंत्रित

स्थायी शैक्षिक समिति

1.	डॉ. जगदीश प्रसाद	अध्यक्ष
2.	डॉ. ज्योति मिर्धा, सांसद (लोकसभा)	सदस्य (18 मई 2014 तक)
	श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा	सदस्य (10 सितंबर 2014 से)
3.	प्रोफेसर दिनेश सिंह	सदस्य
4.	डॉ एम. के. भान	सदस्य
5.	श्री अशोक ठाकुर	सदस्य (22 फरवरी 2015 तक)
	श्री एस. एन. मोहंती	सदस्य (23 फरवरी 2015 से)
6.	डॉ रमाकांत पांडा	सदस्य
7.	प्रोफेसर के. सी. पाण्डे	सदस्य
8.	डॉ अब्दुल हामिद जरगर	सदस्य
9.	प्रोफेसर एम. सी. मिश्र	सदस्य सचिव

स्थायी संपदा समिति

1.	डॉ एस. पी. अग्रवाल	अध्यक्ष
2.	डॉ. ज्योति मिर्धा, सांसद (लोकसभा)	सदस्य (18 मई 2014 तक)
	श्री रमेश बिधूड़ी, सांसद (लोकसभा)	सदस्य (10 सितंबर 2014 से)
3.	डॉ. एम.के. भान	सदस्य
4.	प्रो. के. के. तलवार	सदस्य
5.	डॉ. आर. ए. बडवे	सदस्य
6.	डॉ. जगदीश प्रसाद	सदस्य
7.	श्री गौतम गुहा	सदस्य (22 फरवरी 2015 तक)
	श्रीमती विजया श्रीवास्तव	सदस्य (23 फरवरी 2015 से)
8.	प्रोफेसर एम. सी. मिश्र	सदस्य सचिव
9.	प्रोफेसर पी. के. जुल्का	विशेष आमंत्रित

10.	**डॉ. डी. के. शर्मा**	विशेष आमंत्रित

अस्पताल मामलों की स्थायी समिति

1.	**श्री मोतीलाल वोरा, सांसद (राज्यसभा)**	अध्यक्ष (14 मई 2014 तक)
	श्री रमेश बिधूड़ी, सांसद (लोकसभा)	अध्यक्ष (10 सितंबर 2014 से)
2.	**डॉ. ज्योति मिर्धा, सांसद (लोकसभा)**	सदस्य (18 मई 2014 तक)
3.	**डॉ. आर. ए. बडवे**	सदस्य
4.	**प्रोफेसर के. सी. पाण्डे**	सदस्य
5.	**डॉ रमाकांत पांडा**	सदस्य
6.	**प्रोफेसर के. के. तलवार**	सदस्य
7.	**डॉ अब्दुल हामिद जरगर**	सदस्य
8.	**प्रोफेसर एम. सी. मिश्रा**	सदस्य सचिव
9.	**प्रोफेसर पी. के. जुल्का**	विशेष आमंत्रित
10.	**डॉ. डी. के. शर्मा**	विशेष आमंत्रित

3. शैक्षिक अनुभाग

संकायाध्यक्ष

पी. के. जुल्का

उप–संकायाध्यक्ष

वी. के. बंसल

कुल–सचिव

संजय कुमार आर्य (11 जनवरी 2015 तक)

संजीव लालवानी (12 जनवरी 2015 से)

शैक्षिक अनुभाग नीतियां, योजनाएं विकसित करता है तथा शैक्षिक गतिविधियां कार्यान्वित करता है। इन गतिविधियों में चिकित्सा, नर्सिंग, तथा परा–चिकित्सा पाठ्यक्रमों हेतु स्नातक–पूर्व, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है। इन गतिविधियों का संचालन स्नातक–पूर्व, स्नातकोत्तर एवं परा–चिकित्सा प्रकोष्ठों द्वारा किया जाता है।

स्नातक–पूर्व शिक्षा

इस अनुभाग द्वारा नए छात्रों के लिए प्रवेश के उपरांत की औपचारिकताओं, पाठ्यक्रम विकसित करने एवं संशोधित करने तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए स्नातक–पूर्व छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन सहित शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रबंध किया जाता है। इन पाठ्यक्रमों में शामिल हैं एम.बी.बी.एस., बी.एस–सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी तथा नेत्र विज्ञान में चिकित्सा प्रौद्योगिकी तकनीक, बी.एस–सी. नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट) तथा बी.एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम।

आयुर्विज्ञान एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (एम.बी.बी.एस.)

एम.बी.बी.एस. में शिक्षा के पैटर्न की समीक्षा की गई तथा जुलाई 2004 से इसकी पुनर्संरचना की गई। एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम की अवधि साढ़े पांच वर्ष की ही है जिसमें 3 चरण और इंटर्नशिप सम्मिलित है।

इसका विवरण निम्नानुसार है :

चरण	अवधि (वर्षों में)	प्रशिक्षण
प्रथम	एक वर्ष	पूर्व – नैदानिक
द्वितीय	डेढ़ वर्ष	परा – नैदानिक
तृतीय	दो वर्ष	नैदानिक
इंटर्नशिप	एक वर्ष	विभिन्न विभागों में अनिवार्य रूप से रोटेशन

वर्तमान में एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम में, प्रति वर्ष 72 भारतीय छात्रों (37 सामान्य, 11 अनु. जाति, 5 अनु. जनजाति एवं 19 अ. पि. वर्ग) को दाखिला दिया जाता है। ये चयन अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के आधार पर किए गए थे। निःशक्त हड्डी रोग (ओपीएच) के लिए प्रत्याशियों के 3 प्रतिशत का आरक्षण क्षैतिज आधार पर प्रदान किया गया। इन 72 सीटों के लिए, 76,014 आवेदन प्राप्त हुए थे और 58,002 प्रत्याशियों ने 1 जून 2014 को आयोजित प्रवेश परीक्षा में भाग लिया है। 31 मार्च 2015 के अनुसार 74 इंटर्न सहित एमबीबीएस नामांकन में छात्रों की संख्या 375 थी।

2011 तक, यहां विदेश मंत्रालय, भारत सरकार की सिफारिशों के आधार पर 5 विदेशी नागरिकों के नामांकन के लिए प्रावधान था। हालांकि, इस वर्ष विदेशी नागरिक का दाखिला नहीं किया गया था।

इस वर्ष में, परीक्षा के प्रथम, द्वितीय तथा अंतिम चरण में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 6 योग्य एम.बी.बी.एस. छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

परा – चिकित्सा तथा नर्सिंग शिक्षा

वर्ष 2014–15 में, बी.एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम में 77 छात्रों (39 सामान्य, 12 अनु. जाति, 5 अनु. जनजाति एवं 21 अ. पि. वर्ग) को प्रवेश दिया गया। बी.एस–सी नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट) पाठ्यक्रम में 25 छात्रों (17 सामान्य, 2 अनु. जाति, 3 अनु. जनजाति एवं 3 अ. पि. वर्ग) को प्रवेश दिया गया।

नेत्र रोग नेत्र विज्ञान तकनीक में 19 छात्रों (10 सामान्य, 3 अनु. जाति, 1 अनु. जनजाति तथा 5 अ. पि. वर्ग) तथा बी.एस–सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी चिकित्सा प्रौद्योगिकी में 9 छात्रों (5 सामान्य, 1 अनु. जाति, 1 अनु. जनजाति तथा 2 अ. पि. वर्ग) को प्रवेश दिया गया। इन पाठ्यक्रमों में दिनांक 31 मार्च 2015 तक पंजी. पर छात्रों की संख्या निम्न प्रकार से थी :–

पाठ्यक्रम	छात्रों की संख्या
नर्सिंग	
बी.एस–सी. नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट)	45
बी.एस–सी (ऑनर्स) नर्सिंग	275
परा – चिकित्सा	
बी.एस–सी. (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक	46
बी.एस–सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी	24

स्नातकोत्तर शिक्षा

शैक्षिक अनुभाग द्वारा जूनियर तथा सीनियर रेजीडेंटों सहित स्नातकोत्तर छात्रों के प्रवेश तथा प्रशिक्षण संबंधी सभी गतिविधियों का संचालन किया जाता है। इस अनुभाग द्वारा विभिन्न विषयों में पी–एच.डी., डी. एम., एम.सी–एच, एम. डी., एम. एस., एम.डी. एस., एम. एच. ए., एम. बायोटेक्नोलॉजी (एम. बायोटेक) तथा एम. एस–सी पाठ्यक्रमों से संबंधित सभी गतिविधियों का संचालन किया जाता है।

भारतीय नागरिकों तथा प्रायोजित उम्मीदवारों को सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश एक अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के द्वारा दिया जाता है जो कि वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है, एम.एस–सी तथा एम. बायोटेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए वर्ष में एक बार प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। प्रायोजित श्रेणी के तहत, विदेशी नागरिकों को समान प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। वर्ष 2014–15 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में 596 छात्रों को प्रवेश दिया गया। 31 मार्च 2015 तक पंजी. पर स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल छात्रों की कुल संख्या 1446 थी।

वर्ष 2014–2015 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले

क्र. सं.	पाठ्यक्रम का नाम	जुलाई 2014	जनवरी 2015	कुल
1	एम.एस–सी. / एम. बायोटेक / एम. एस–सी. नर्सिंग (अगस्त)'	79	–	73
2	एम डी / एम एस / एम डी एस / एम एच ए (जुलाई)	192	159	351
3	डी एम / एम सी एच (जुलाई)	43	49	92
4	पी.एच – डी (जुलाई)	45	35	80
	कुल	**359**	**243**	**596**

*दाखिले वर्ष में एक बार किए गए।

31 मार्च 2015 तक पंजी पर स्नातकोत्तर छात्र

क्र. सं.	पाठ्यक्रम का नाम	पंजीकृत छात्रों की संख्या
1	पी एच–डी	436
2	डीएम	160
3	एम–सीएच	88
4	एमडी / एमएचए	523
5	एमएस	75
6	एमडीएस	34
7	एम–एससी / एम. बायोटेक / एम–एससी. नर्सिंग	130
	कुल	**1446**

31 मई 2015 तक पंजी पर पीएच.डी. छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	संवेदनाहरण विज्ञान (डॉ. बीआरए आईआरसीएच)	4	0
2	संवेदनाहरण विज्ञान और गहन देखभाल (जेपीएनएटीसी)	1	0
3	शरीर रचना विज्ञान	30	0
4	जैव रसायन	31	0
5	जैव भौतिकी	37	0
6	जैव सांख्यिकी	6	0
7	जैव प्रौद्योगिकी	12	0
8	ब्लड बैंक	1	0
9	मुख्य ब्लड बैंक	1	0
10	हृद् संवेदनाहरण विज्ञान	3	0
11	सामुदायिक चिकित्सा केंद्र	2	0
12	हृद् जैव रसायन	3	0
13	हृद् विकिरण विज्ञान	1	0
14	हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	2	0
15	सामुदायिक नेत्र विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	2	0
16	दंत शल्य चिकित्सा	2	0
17	त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान	4	0
18	आपात चिकित्सा	2	0
19	अंतःस्राविकी एवं चयापचय	6	0
20	न्याय चिकित्सा	4	0
21	जठरांत्र रोग विज्ञान एवं मानव पोषण एकक	8	0
22	जरा चिकित्सा	3	0
23	रुधिर विज्ञान	8	0

24	प्रयोगशाला चिकित्सा	15	0
25	प्रयोग अर्बुद विज्ञान	1	0
26	चिकित्सा अर्बुद विज्ञान (डॉ. बीआरए आईआरसीएच)	5	0
27	काय चिकित्सा भौतिकी (डॉ. बीआरए आईआरसीएच)	3	0
28	काय चिकित्सा	9	0
29	सूक्ष्म जैव विज्ञान	26	2
30	तंत्रिका संवेदनाहरण विज्ञान	1	0
31	तंत्रिका जैव रसायन	3	0
32	तंत्रिका मनोविज्ञान (तंत्रिका विज्ञान)	5	0
33	तंत्रिका विज्ञान	25	0
34	तंत्रिका शल्य चिकित्सा	9	0
35	नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद	12	0
36	नाभिकीय चिकित्सा	5	0
37	प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान	1	0
38	नेत्र जैव रसायन (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	4	0
39	नेत्र सूक्ष्मजैव विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	1	0
40	नेत्र विकृति विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	3	0
41	नेत्र भेषजगुण विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	5	0
42	नेत्र विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	6	0
43	बाल चिकित्सा	10	0
44	बाल चिकित्सा (नैदानिक / जनसांख्यिकी)	0	2
45	बाल चिकित्सा (अनुवांशिकी / बुनियादी विज्ञान)	9	1
46	विकृति विज्ञान	9	0
47	भेषजगुण विज्ञान	15	0
48	शरीर क्रिया विज्ञान	32	1
49	मनोचिकित्सा (नैदानिक मनोविज्ञान)	6	0
50	मनोचिकित्सा (वयस्न मनोविज्ञान)	2	0
51	फुफ्फुसीय काय चिकित्सा और निद्रा विकार	5	0
52	विकिरण अर्बुद विज्ञान (आई आर सी एच)	2	0
53	प्रजनन जैव विज्ञान	6	0
54	विकिरण अर्बुद विज्ञान	4	0
55	शल्य चिकित्सा	5	0
56	आघात चिकित्सा	1	0
57	प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवांशिकी	12	0
	कुल	**430**	**6**

31 मार्च 2015 तक पंजी पर डी. एम. छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	हृद् संवेदनाहरण विज्ञान	6	3
2	हृद् विज्ञान	16	3
3	नैदानिक रुधिर विज्ञान	5	2
4	अंतःस्त्राविकी	8	3
5	जठरांत्र रोग विज्ञान	10	3
6	रुधिर विकृति विज्ञान	4	3
7	चिकित्सा अर्बुद विज्ञान	12	2
8	नवजात विज्ञान	4	3
9	वृक्क विज्ञान	8	5
10	तंत्रिका – संवेदनाहरण विज्ञान	8	2
11	तंत्रिका विज्ञान	15	3
12	तंत्रिका विकिरण विज्ञान	3	2
13	बाल तंत्रिका विज्ञान	6	3
14	नैदानिक भेषजगुण विज्ञान	3	1
15	फुफ्फुसीय चिकित्सा एवं निद्रा विकार	11	3
	कुल	**119**	**41**

31 मार्च 2015 तक पंजी पर एम.सी–एच छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	16	3
2	तंत्रिका शल्य चिकित्सा	17	3
3	जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं वृक्क प्रतिरोपण	12	3
4	बाल शल्य चिकित्सा	6	2
5	मूत्र रोग विज्ञान	8	3
6	शल्यक अर्बुद विज्ञान	12	3
	कुल	**71**	**17**

31 मार्च 2015 तक पंजी पर एम. डी. / एम. एस. / एम. डी. एस. छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	एमडी	सामान्य	प्रायोजित
1	संवेदनाहरण विज्ञान	36	3
2	शरीर रचना विज्ञान	16	0
3	जैव रसायन	12	0
4	जैव भौतिकी	14	0

5	सामुदायिक चिकित्सा	21	0
6	त्वचा एवं रतिज रोग विज्ञान	14	2
7	न्याय चिकित्सा	9	0
8	अस्पताल प्रशासन (एमएचए)	8	1
9	प्रयोगशाला चिकित्सा कार्य	7	0
10	काय चिकित्सा	55	3
11	सूक्ष्म जैव विज्ञान	10	0
12	नाभिकीय चिकित्सा	13	3
13	प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान	42	3
14	नेत्र विज्ञान	104	4
15	बाल चिकित्सा	28	3
16	विकृति विज्ञान	17	1
17	भेषजगुण विज्ञान	13	0
18	भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास	9	1
19	शरीर क्रिया विज्ञान	11	0
20	मनोचिकित्सा विज्ञान	29	3
21	विकिरण निदान	25	0
22	विकिरण चिकित्सा	9	1
23	जरा चिकित्सा	12	3
24	आपात चिकित्सा	9	3
	कुल	**523**	**34**
	एम.एस.		
25	अस्थि रोग विज्ञान	18	4
26	कान, नाक एवं गला रोग विज्ञान	12	3
27	शल्य चिकित्सा	45	3
	कुल	**75**	**10**
	एम डी एस		
28	कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एवं एंडोडोंटिक्स	9	1
29	ऑर्थोडोंटिक्स	9	3
30	प्रोस्थोडोंटिक्स	8	0
31	ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल शल्य चिकित्सा	8	3
	कुल	**34**	**7**
	कुल महायोग	**632**	**51**

31 मार्च 2015 तक पंजी पर एम.एस.सी. छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	एम.एस.सी.	सामान्य	प्रायोजित
1	शरीर रचना विज्ञान	8	–
2	जैव रसायन	7	2 (विदेशी नागरिक)
3	जैव भौतिकी	5	–
4	भेषजगुण विज्ञान	7	1 (विदेशी नागरिक)
5	शरीर क्रिया विज्ञान	9	–
6	प्रयूजन प्रौद्योगिकी	10	–
7	एम. जैव प्रौद्योगिकी	24	1 (विदेशी नागरिक)
8	नाभिकीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी	9	–
	कुल	**79**	**5**

31 मार्च 2015 तक पंजी पर एम.एस.सी. (नर्सिंग) छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	एम.एस.सी. (नर्सिंग)	सामान्य	प्रायोजित
1	हृद् विज्ञान / सी. टी. वी. एस. नर्सिंग	12	1 (विदेशी नागरिक)
2	तंत्रिका विज्ञान नर्सिंग	3	–
3	बाल चिकित्सा नर्सिंग	12	–
4	मनोचिकित्सा नर्सिंग	10	1 ( )
5	अर्बुद विज्ञान	7	–
	कुल	**44**	**2**

प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारत तथा विदेश के विभिन्न संगठन के छात्रों और कर्मचारियों को अल्पावधिक, दीर्घावधिक एवं ऐच्छिक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने का प्रावधान है। वर्ष 2014–15 के दौरान 851 व्यक्तियों को निम्नानुसार प्रशिक्षण प्रदान किया गया –

क्र. सं.	प्रशिक्षण	प्रशिक्षुओं की संख्या
1	अल्पावधिक प्रशिक्षण : भारतीय नागरिक	675
2	अल्पावधिक प्रशिक्षण : विदेशी नागरिक	47
3	दीर्घावधिक प्रशिक्षण : भारतीय नागरिक	19
4	ऐच्छिक प्रशिक्षण : विदेशी नागरिक (स्नातक पूर्व छात्र)	54
5	वि. स्वा. सं. अध्येता : भारतीय नागरिक	12
6	वि. स्वा. सं. अध्येता : विदेशी नागरिक	12
	कुल	**819**

समिति बैठकें

शैक्षिक समिति, स्टाफ काउंसिल, संकायाध्यक्ष समिति, संकाय तथा अनुसंधान प्रस्तुतीकरण की बैठकें आयोजित करने का उत्तरदायित्व शैक्षिक अनुभाग का है। विवरण नीचे दिए गए हैं :–

क्र. सं.	समिति	बैठकों की संख्या
1	शैक्षिक समिति	2
2	स्टाफ काउंसिल	1
3	संकायाध्यक्ष समिति	2
4	संकाय (सामान्य चर्चा)	8
5	अनुसंधान प्रस्तुतीकरण	4

दीक्षांत समारोह

संस्थान का 42वां वार्षिक दीक्षांत समारोह 20 अक्टूबर 2014 को जवाहर लाल सभागार, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली में आयोजित किया गया। भारत के महामहिम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने विशिष्ट योग्य छात्रों को संस्थान पदक / पुरस्कार प्रदान किए तथा उपस्थित जन – समूह को संबोधित किया। अध्यक्ष, अ. भा. आ. सं. एवं माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भारत सरकार मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन द्वारा उपाधियां प्रदान की गई।

4. परीक्षा अनुभाग

प्रभारी आचार्य (परीक्षा)

एस. दत्ता गुप्ता

उप–संकायाध्यक्ष (परीक्षा)

नन्द कुमार (अब तक)　　　　अशोक कुमार जरयाल (28 फरवरी 2015 से)

सहायक परीक्षा नियंत्रक

ओ. पी. शर्मा (1 अक्तूबर 2014 से)

लेखा अधिकारी

डी. के. गुप्ता (10 सितंबर 2014 से)

नीचे दिए गए विवरणों के अनुसार वर्ष के दौरान परीक्षा अनुभाग द्वारा विभिन्न व्यावसायिक एवं प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गई।

स्नातकोत्तर एवं स्नातक–पूर्व व्यावसायिक परीक्षाएं

क्र.सं.	माह एवं वर्ष	परीक्षा	छात्रों की संख्या			
			परीक्षा में उपस्थित	अनुपस्थित	उत्तीर्ण	अनुत्तीर्ण
1	**मई 2014**	अंतिम स्नातकोत्तर/पोस्ट डॉक्टरल	184	–	174	10
2	– तदैव –	एम. एससी (नर्सिंग) चरण – 1	22	–	22	–
3	– तदैव –	एम. एससी (नर्सिंग) चरण – 2	24	–	24	–
4	– तदैव –	द्वितीय एम बी बी एस (पूरक)	07	–	07	–
5	– तदैव –	अंतिम एम बी बी एस (पूरक)	11	2	08	01
6	– तदैव –	बी. एससी. नर्सिंग (पोस्ट – प्रमाणपत्र) चरण – 1	25	1	22	02
7	– तदैव –	बी. एससी. नर्सिंग (पोस्ट – प्रमाणपत्र) चरण – 2	24	–	24	–
8	– तदैव –	बी. एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण – 1	78	–	68	10
9	– तदैव –	बी. एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण – 2	69	–	68	01
10	– तदैव –	बी. एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण – 3	57	–	56	01
11	– तदैव –	बी. एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण – 4	51	–	51	–
12	**जुलाई 2014**	प्रथम व्यावसायिक एम बी बी एस	73	6 (एनई)	49	18
13	– तदैव –	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण– 1	20	–	11	09
14	– तदैव –	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण – 2	12	–	07	05
15	– तदैव –	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण – 3	12	–	09	03
16	– तदैव –	रेडियोग्राफी में बी.एससी (ऑनर्स) चिकित्सा तकनीकें चरण – 1	09	1	07	01
17	– तदैव –	रेडियोग्राफी में बी.एससी (ऑनर्स) चिकित्सा तकनीकें चरण – 2	06	–	05	01

18	– तदैव –	रेडियोग्राफी में बी.एससी (ऑनर्स) चिकित्सा तकनीकें चरण – 3	9	–	6	3
19	**अगस्त 2014**	प्रथम एम बी बी एस व्यावसायिक (पूरक)	24	–	15	9
20	**दिसंबर 2014**	अंतिम स्नातकोत्तर/पोस्ट डॉक्टरल	135	–	130	5
21	– तदैव –	एम बी बी एस अंतिम वर्ष	77	1	73	03
22	– तदैव –	एम बी बी एस द्वितीय वर्ष	78	2 (एनई)	73	03
23	– तदैव –	बी.एससी. (पी.सी.) नर्सिंग चरण – 1 (पूरक)	2	–	2	–
24	– तदैव –	बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग चरण – 1 (पूरक)	9	–	7	2
25	– तदैव –	बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग चरण – 2 . (पूरक)	6	–	5	1
26	– तदैव –	बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग चरण – 3 (पूरक)	1	–	1	–
27	– तदैव –	बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग चरण – 4 (पूरक)	10	–	10	–
28	**जनवरी 2015**	एम बी बी एस अंतिम वर्ष (पूरक परीक्षा)	1	–	1	–
29	– तदैव –	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण – 1 (पूरक)	8	1	5	2
30	– तदैव –	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण – 2 (पूरक)	7	–	7	–
31	– तदैव –	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण – 3 (पूरक)	3	–	3	–
32	– तदैव –	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण – 1 (पूरक)	1	–	1	–
33	– तदैव –	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण – 2 (पूरक)	3	–	2	1
34	– तदैव –	रेडियोग्राफी में बी. एससी. (ऑनर्स) चिकित्सा प्रौद्योगिकी चरण – 3 (पूरक)	3	–	3	–
		महायोग	**1061**	**14**	**956**	**91**

स्नातक पूर्व तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाएं

क्र. सं.	**पाठ्यक्रम**	**परीक्षा की तिथि**	**उम्मीदवारों की संख्या**	
			आवेदक	**उपस्थित**
1	एम. डी./एम. एस./एम. डी. एस. (एम्स) जुलाई 2014	11.05.2014	21133	16911
2	डी एम/ एम सीएच / एम एचए जुलाई 2014	18.05.2014	2349	1894
3	एम बी बी एस (एम्स) अगस्त 2014	01.06.2014	184663	148398
4	ऑनलाइन बी. एससी (ऑनर्स) नर्सिंग 2014	06.07.2014	3856	2056
5	ऑनलाइन बी. एससी नर्सिंग (पोस्ट – प्रमाणपत्र) 2014	22.06.2014	109	78
6	ऑनलाइन बी. एससी (ऑनर्स) परा चिकित्सा पाठ्यक्रम 2014	07.06.2014	1067	644
7	ऑनलाइन एम. एससी कार्यक्रम 2014	20.07.2014	594	290
8	ऑनलाइन एम. एससी नर्सिंग 2014	29.06.2014	1302	873
9	ऑनलाइन एम जैव प्रौद्योगिकी 2014	15.06.2014	649	368
10	सीनियर रेजीडेंट्स भर्ती परीक्षा, जुलाई 2014	13.07.2014	1734	1228

11	पीएच.डी जुलाई 2014	13.07.2014	562	246
12	सीनियर रेजीडेंट्स भर्ती, जनवरी 2015	11.01.2015	755	544
13	एम डी /एम एस/एम डी एस (एम्स) जनवरी 2015	09.11.2014	28481	26739
14	डी एम/ एम सीएच / एम एच ए जनवरी 2015	30.11.2014	2062	1726
15	एआईपीजीडीईई 2015	24.01.2015	10366	9385
16	पीएच. डी जनवरी 2015	17.01.2015	447	283
17	सिस्टर ग्रेड 2	–	28196	स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश के अनुसार परीक्षा रोकी गई है
		महायोग	**288325**	**211663**

पीएच. डी की मौखिक परीक्षा में उत्तीर्ण प्रत्याशी : 42

भर्ती के लिए परीक्षा :

क्र. सं.	पद	तिथि		आवेदक	उपस्थित	परिणाम घोषित
		परीक्षा	साक्षात्कार			
1	प्रकाशन सहायक	03.08.2014	19.11.2014	93	65	25.11.14
2	सांख्यिकीय सहायक	03.08.2014	22.11.2014	170	81	25.11.14
3	जूनियर इंजीनियर (सिविल / इले./ एसी एंड आर)	23.08.2014	26–27.11.2014	1471	954	12.12.14
4	एमएसएसओ	23.08.2014	29.01.2015	229	142	14.02.15
5	लाइब्रेरी अटेंडेंट ग्रेड 2	14.09.2014	31.01.2015	432	226	14.02.15
6	जूनियर फिजियोथेरेपिस्ट / ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट	20.09.2014	रद्द	–	–	–
7	लाइब्रेरियन ग्रेड 3	20.09.2014	रद्द	–	–	–
8	स्टोर कीपर (दवा)	20.09.2014	12.03.2015	178	91	**प्रक्रिया के तहत**
9	जूनियर फिजियोथेरेपिस्ट के लिए फिर से परीक्षा	27.12.2014	10.03.2015	2232	965	
10	लाइब्रेरियन ग्रेड 3 के लिए फिर से परीक्षा	27.12.2014	12.03.2015	335	118	
11	योग प्रशिक्षक	21.02.2015	27.03.2015	74	47	
12	प्रोग्रामर	21.02.2015	27.03.2015	657	249	
13	दंत तकनीशियन	21.02.2015	अनुसूचित 19.05.2015	464	214	
14	परफ्यूजनिस्ट	28.02.2015	21.05.2015	137	47	
			महायोग	**6472**	**3199**	

संचालित की गई प्रवेश परीक्षाएं :

1. 24 जनवरी 2015 में भारत के 6 शहरों में 24 केंद्रों (स्थानीय 11, दूरवर्ती 23) पर एम डी एस पाठ्यक्रमों के लिए 50 प्रतिशत ओपन मेरिट सीट आरक्षण से भर्ती हेतु अखिल भारतीय स्नातकोत्तर दंत प्रवेश परीक्षा – 2015 का आयोजन किया गया। परीक्षा परिणाम 6 फरवरी 2015 को घोषित किया गया।

2. जुलाई 2014 सत्र के लिए 11 मई 2014 को 67 केंद्रों (दिल्ली 21, दूरवर्ती 46) में एम डी / एम एस / एम डी एस पाठ्यक्रमों में भर्ती हेतु एम्स स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा का संचालन किया गया तथा जनवरी 2015 सत्र के लिए 9 नवंबर 2014 को 97 (दिल्ली 22, दूरवर्ती 75) केंद्रों में उक्त पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा का संचालन किया गया। इनके परिणाम क्रमशः 15 मई 2014 तथा 13 नवंबर 2014 को घोषित किए गए।

3. 19 – 27 मई 2014 तथा 15 – 21 दिसंबर 2014 के दौरान दो स्टेज प्रदर्शन मूल्यांकन के आधार पर जुलाई 2014 पोस्ट डॉक्टरल (सुपरस्पेशिलिटी) पाठ्यक्रम (डी एम / एम सी एच और एम एच ए) के जनवरी 2015 सत्र के लिए उम्मीदवारों का चयन किया गया।

4. अनुभाग द्वारा जुलाई सत्र 2014 के लिए 13 जुलाई 2014 तथा जनवरी सत्र 2015 के लिए 11 जनवरी 2015 को वरिष्ठ रेजीडेंट्स / वरिष्ठ डेमोन्सट्रेटर्स के पद के लिए ऑनलाइन परीक्षा का संचालन किया गया।

5. 13 – 23 जुलाई 2014 तथा 17 – 27 जनवरी के दौरान दो स्टेज प्रदर्शन मूल्यांकन के आधार पर जुलाई 2014 तथा जनवरी 2015 के लिए पी एच डी कार्यक्रम के पंजीकरण हेतु उम्मीदवारों का चयन किया गया।

6. संस्थान सहित 6 नए एम्स में अगस्त 2014 के लिए एम बी बी एस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु 18 शहरों के 334 (स्थानीय 68, दूरवर्ती 266) केंद्रों पर 1 जून 2014 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।

7. सी बी टी ऑनलाइन पद्धति द्वारा 6 जुलाई 2014 को दिल्ली तथा 6 एम्स (भोपाल, भुवनेश्वर, जोधपुर, पटना, रायपुर तथा ऋषिकेश) में बी एस सी (ऑनर्स) नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।

8. क्रमशः 20 जुलाई 2014 तथा 15 जून 2014 में ऑनलाइन पद्धति द्वारा अगस्त 2014 सत्र के लिए एम एस सी एवं एम. बायोटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई।

9. वर्ष 2005 के लिए एम एस सी नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा 29 जुलाई 2014 को केवल दिल्ली में सी बी टी ऑनलाइन पद्धति द्वारा आयोजित की गई। भर्ती के लिए सीटों का आबंटन दिनांक 14 तथा 21 जुलाई 2014 को काउंसलिंग द्वारा मेरिट आधार पर किया गया।

10. बी एस सी नर्सिंग (पोस्ट – सर्टिफिकेट) की प्रवेश परीक्षा का आयोजन सी बी टी ऑनलाइन पद्धति द्वारा 22 जून 2014 को दिल्ली में किया गया तत्पश्चात् 26 जून 2014 को उम्मीदवारों का वैयक्तिक मूल्यांकन किया गया।

11. अगस्त 2014 सत्र के लिए दिल्ली में एक केंद्र पर सी बी टी ऑनलाइन पद्धति द्वारा 7 जून 2014 को पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों यथा बी एस सी ऑनर्स नेत्र विज्ञान तकनीक तथा बी एस सी (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा तकनीक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इन दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 2 तथा 15 जुलाई 2014 को मेरिट के आधार पर सीटों का आबंटन किया गया।

अन्य गतिविधियों में सहभागिता :

1. परीक्षा अनुभाग एम्स स्नातकोत्तर, एम बी बी एस, बी.एस–सी. (ऑनर्स) परा चिकित्सा, एम. एस–सी. (नर्सिंग) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग तथा बी.एस–सी. (नर्सिंग) पोस्ट प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम हेतु वैयक्तिक मूल्यांकन में सक्रिय रूप से भाग लेता है।

2. परीक्षा अनुभाग द्वारा बी. पी. कोइराला स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान, धरन, नेपाल के 83 स्नातकोत्तर छात्रों के शोध के मूल्यांकन कार्य में सहायता की गई।

3. परीक्षा अनुभाग द्वारा भारत और विदेश में विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों को उनकी प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता भी प्रदान की जाती है।

महत्त्वपूर्ण घटनाएं

परीक्षा अनुभाग द्वारा 2010 से 2012 के बीच पूर्वोत्तर इंदिरा गांधी क्षेत्रीय, स्वास्थ्य और चिकित्सा विज्ञान, संस्थान, शिलांग, मेघालय की एम बी बी एस प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।

परीक्षा अनुभाग द्वारा संचालित परीक्षा में और अधिक नियंत्रण एवं संतुलन बनाए रखने को प्रारम्भ करने के उपाय के रूप में परीक्षा व्यवस्था की पूर्ण गोपनीयता एवं सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए, बाहरी केंद्रों के लिए प्रश्न–पत्रों को अब अनुमोदित बैंकों में सुरक्षित रखा जाता है। छद्म व्यक्तित्व के किसी भी प्रकार के मामले से बचने के लिए प्रवेश परीक्षा के दौरान सभी उम्मीदवारों के अंगूठे का निशान लिया जाता है। इसके अलावा, वर्ष 2006 से मेटल डिटेक्टरों के प्रयोग द्वारा शारीरिक जांच आरंभ की गई।

अनुभाग द्वारा जनवरी 2010 से सभी प्रवेश परीक्षाओं लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उम्मीदवार अब ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा अपना प्रविष्टि कार्ड भी डाउनलोड कर सकते हैं। इससे उम्मीदवारों को विवरणिका तथा आवेदन पत्र प्राप्त करने में आने वाली कठिनाई में कमी आई है। अनुभाग द्वारा 2012 से आवेदन शुल्क को जमा कराने के लिए भुगतान की समाकलित पद्धति (डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, ऑनलाइन ट्रांसफर इत्यादि) को भी प्रारंभ किया गया है। अनुभाग ने 2012 से प्रत्याशियों की जरूरतों एवं एम्स के छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ऑनलाइन हेल्पलाइन भी आरंभ की है, ताकि उनकी शंकाओं का तत्काल समाधान किया जा सके।

सभी प्रवेश परीक्षाओं में सभी प्रत्याशियों को लिखने के लिए पैन लाना होता है। यह इलेक्ट्रॉनिक गजट का उपयोग करते हुए नकल की रोकथाम के लिए किया गया था। परीक्षा के दौरान उम्मीदवार की पहचान की प्रामाणिकता में संदेह होने के मामले में अथवा उम्मीदवार द्वारा परीक्षा उद्देश्य हेतु फोटोग्राफ नहीं लाई जाती है तो उनकी फोटोग्राफी (स्नेपशॉट) की जा रही है।

परीक्षा के व्यय को पूरा करने के लिए नामित परीक्षा केंद्रों को अग्रिम में डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक के माध्यम से 90 से 95 प्रतिशत राशि भेजकर एम्स प्रतिनिधि द्वारा किए जाने वाले नकद राशि के लेन–देन को कम कर दिया गया है

सभी प्रवेश (एम्स एम बी बी एस के अलावा) और भर्ती परीक्षाओं को ऑफलाइन विधि से ऑनलाइन विधि में बदला गया है। एम्स की एम बी बी एस परीक्षा को भी ऑनलाइन विधि से आयोजित करने के प्रयास प्रगति पर हैं।

इस अनुभाग ने संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को भुगतान के संवितरण के लिए नकद प्रणाली सुविधा के स्थान पर ईसीएस / एनईएफटी द्वारा परिलब्धि के भुगतान की शुरूआत की है। इस सुविधा से संवितरण प्रणाली को एक नया रूप दिया गया है। अब अल्प समय अवधि के अंदर सभी संकाय और कर्मचारियों को उनके संबंधित बैंक खातों में उनकी देय राशियां मिल जाती हैं।

5. सामान्य प्रशासन

उप–निदेशक (प्रशासन)

श्री वी. श्रीनिवास

संस्थान के कार्मिक एवं स्थापना, सुरक्षा, संपदा, इंजीनियरी सेवा विभाग से संबंधित मामले, भंडार, सतर्कता एवं जनसंपर्क क्रियाकलापों सहित सामान्य प्रशासन का नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण उप–निदेशक (प्रशासन) द्वारा किया जाता है। उपर्युक्त वर्णित क्षेत्रों की देखभाल करने के लिए विभिन्न शाखाएं हैं। प्रत्येक शाखा का नेतृत्व एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा सहायक अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों की सहायता से किया जाता है। विभिन्न शाखाओं की देखभाल करने वाले अधिकारियों / स्टाफ का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया हुआ है।

सामान्य प्रशासन

मु. प्रापण अधिकारी
राजेश गुप्ता

उप–सचिव
संजीव चतुर्वेदी

मु. प्र. अधिकारी
के. के. वैद्य

अधि. अभियंता
मंजुल रस्तोगी

उप–मुख्य सुरक्षा अधिकारी
राजीव लोचन
(29 नवंबर 2013 निलम्बनाधीन)
आर.एस. रावत

वरिष्ठ भंडार अधिकारी
के. डी. शर्मा

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
अरुण कुमार सिंह
अजय कुमार
के. के. गिरिधारी (1 मई 2013 से) (8 मई 2013 से)

कार्यकारी अभियंता
एस. भास्कर
वी. के. जायसवाल
वी. के. शर्मा
विद्या भूषण
(29 नवंबर 2013 से)

भंडार अधिकारी
राकेश कुमार शर्मा
प्रदीप कुमार गुप्ता
नरेंद्र कुमार

प्रशासनिक अधिकारी
आर. के. शर्मा
रजी जावेद
ललित उराँव
के. पी. सिंह
(31 मई 2013 से)
रेनू भारद्वाज
ममता कुकरेती
चक्रवर्ती ई.वी.एस.
सतीश कुमार सिंह

सहायक प्रशासनिक अधिकारी
बी. एस. गिल
राज कुमार
राजेंद्रन पिल्लई
अनीता टेटे
एस. एल. चमोली

नियुक्तियों, सांविधिक समितियों की बैठकों की व्यवस्था, संपदा एवं सम्पत्ति प्रबंधन, उपकरण सामग्री एवं उपभोज्यों की खरीद, सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों के कल्याण आदि सहित स्थापना अनुभाग और सामान्य प्रशासन से संबद्ध सभी मामलों को इस विभाग द्वारा देखा जाता है।

सभी केन्द्रों / मुख्य अस्पताल / डी. ओ. सहित संस्थान की कुल स्वीकृत संख्या 11,673 है। समूह–वार स्वीकृत पद तथा विद्यमान स्टाफ पद का उल्लेख निम्नानुसार है :–

क्र. सं.	श्रेणी/समूह	स्वीकृत पद	विद्यमान पद
1.	संकाय	869	642
2.	'क'	562	414
3.	'ख'	5531	4657
4.	'ग'	4773	4238
	कुल	**11735**	**9951**

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ

संपर्क अधिकारी

डॉ. राजपाल

आचार्य, नेत्ररोगविज्ञान, डॉ. रा. प्र. कें.

प्रशासनिक अधिकारी

ललित उराँव

वर्ष 2014–15 के दौरान अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति वर्ग के कर्मचारियों से विभिन्न अभ्यावेदन प्राप्त हुए। ये निम्नानुसार हैं :

प्राप्त अभ्यावेदनों की कुल संख्या	:	10
समाधान हुए / निपटाए गए केसों की संख्या	:	7
विचाराधीन केसों की संख्या	:	3

मामलों का संक्षिप्त विवरण

1. डॉ. चंद्रलेखा, एम्स के आचार्य एवं संवेदनाहरण विभाग के प्रमुख द्वारा डॉ. प्रदीप कुमार की पत्नी श्रीमती कौशल, सहायक इंजी. (इलेक्ट.), निरंतर भेदभाव एवं उत्पीड़न संबंधी केस। यह मामला सक्षम प्राधिकारी के पास विचाराधीन है।

2. श्री. ओ. पी. बेनवाल, वरिष्ठ स्टुवर्ड, आहारविद् सेवा विभाग, डॉ. रा. प्र. केंद्र एम्स के पद्दोन्नति से संबंधित अभ्यावेदन राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा प्राप्त हुआ, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को वास्तविक रिपोर्ट भेज दी गई है। मामले को निपटा दिया गया है।

3. श्री. राज नारायण, संयोजक, जनहित अभियान, बी–7, सरस्वती कॉम्पलेक्स, सुभाष चौक, लक्ष्मी नगर दिल्ली, सीनियर रेज़ीडेंट (एसआर) पद के हाल के चयन में डॉ. एम. सी. मिश्रा द्वारा एम्स में अनुसूचित जाति / जनजाति विरोधी कार्रवाई से संबंधित 30 अप्रैल 2014 और 1 मई 2014 को आयोजित की गई। मामले की जांच की गई और मंत्रालय को जवाब भेज दिया गया। मामले को निपटा दिया गया है।

4. श्री प्रताप सिंह बिष्ट, महा सचिव, संभावना संगठन, विभिन्न विभागों द्वारा निःशक्त व्यक्ति अधिनियम 1995 की धारा 33 के उल्लंघन से संबंधित। आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अभ्यावेदन संबंधित अनुभाग को भेज दिया गया।

5. श्री. बनवारी लाल, म. नं. 10426 गली नं. 2, बागीची अलाउद्दीन, पहाड़गंज, नई दिल्ली–55, एम्स प्राधिकरण द्वारा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के खिलाफ उत्पीड़न और पक्षपात व्यवहार किया गया। यह मामला सक्षम प्राधिकारी के पास विचाराधीन है।

6. श्री. अविनाश बी. धार्गवा, मुख्य भौतिक चिकित्सक, पीएमआर विभाग, एम्स में एक वरिष्ठ दलित अधिकारी के उत्पीड़न से संबंधित मामले की जांच की गई, डॉ. आर. पी. सेंटर के प्रमुख, प्रो. वाय. आर. शर्मा, की अध्यक्षता के अधीन एम्स में अनुसूचित जाति / जनजाति के कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण करने के लिए समिति का गठन किया और समिति की बैठक के कार्यवृत्तों के अनुसार श्री अविनाश बी. धार्गवा द्वारा डॉ. यू सिंह के खिलाफ कोई शिकायत नहीं पाई गई। इसलिए, मामले को निपटा दिया गया है।

7. श्री राहुल, लैब तकनीशियन, सी.एन.सी. ब्लड बैंक, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा उत्पीड़न से संबंधित याचिकाकर्ता का अभ्यावेदन संलग्न नहीं किया गया। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को एक अनुरोध पत्र भेजा गया। हालांकि, अब तक कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई। इसलिए, इस मामले को निपटा दिया गया है।

8. स्वच्छता परिचारक संयुक्त प्रतिनिधित्व, राजगढ़िया विश्राम सदन, एम्स, नियमितीकरण से संबंधित। दिल्ली आयोग ने मामले को बंद करने का स्वतः आदेश दिया है क्योंकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मामले को निपटा दिया गया है।

9. श्री नागेंदर सिंह यादव की ओर से निःशक्त व्यक्ति मुख्य आयुक्त (सीसीपीडब्ल्यूडी) की अदालत के माध्यम से अभ्यावेदन प्राप्त हुआ, जो पी एंड ओ कार्यशाला में निःशक्त व्यक्तियों के लिए अगम्यता के विषय में है। इस मामले की जांच की गई और सीसीपीडब्ल्यूडी को उत्तर भेज दिया गया है। मामले को निपटा दिया गया है।

10. श्री हेमराज, ओ. टी. सहायक, आपातकालीन चिकित्सा विभाग, जेपीएनएटीसी की ओर से डॉ. महेंद्र, परामर्शदाता, जेपीएनएटीसी, एम्स, नई दिल्ली के खिलाफ शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न के विषय में तथा अपशब्दों एवं जातिसूचक शब्दों के उपयोग के विषय में अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है। श्री हेमराज और डॉ. महेंद्र के बीच विवाद को उनकी आपसी सहमति से सहायक प्रशासनिक अधिकारी, जेपीएनएटीसी की उपस्थिति में सुलझा दिया गया है और श्री हेमराज ने डॉ. महेंद्र, परामर्शदाता, आपातकालीन चिकित्सा विभाग, जेपीएनएटीसी के खिलाफ शिकायत वापस ले ली है। मामले को निपटा दिया गया है।

6.0 अस्पताल

आचार्य

आई. बी. सिंह | संजय आर्य | आरती विज

सहायक आचार्य

निरुपम मदान | अमित लथवाल | अनूप डागा

महेश आर | एंजेल राजन सिंह (अनुबंध)

चिकित्सा अधीक्षक

डी. के. शर्मा

पूरक बिस्तर

बिस्तर की श्रेणी	**मुख्य अस्पताल**	**हृद् वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केंद्र**
सामान्य	827	277
सघन देखभाल	86	63
अवलोकन	69	09
निजी वार्ड	165	63
कुल बिस्तर	**1147**	**412**

अस्पताल कार्य निष्पादन का विवरण	**मुख्य अस्पताल**	**हृ. तं. कें.**			**निष्कर्ष**
	2014–15	**2013–14**	**2014–15**	**2013–14**	
अस्पताल में ठहरने की औसतन अवधि (दिनों में)	4.3	4.4	6.8	6.9	बिस्तरों का प्रभावी उपयोग दर्शित होता है।
औसत बिस्तर अधिभोग दर (प्रतिशत)	87.9	86.7	84.6	85.8	उचित अधिभोग दर्शाता है।
शुद्ध मृत्यु दर (प्रतिशत)	1.7	1.6	2.9	3.3	अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार रोगियों की अधिक संख्या में भर्ती के बावजूद निम्न मृत्यु – दर को दर्शाते हैं।
संयुक्त अशोधित संक्रमण दर (प्रतिशत)	5.38	6.0	–	–	

कृपया विवरण हेतु तालिका 1 एवं 2 देखें।

6.1 चिकित्सा अभिलेख सेवाएं (अस्पताल)

प्रभारी अधिकारी

निरुपम मदान

मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी और उप – पंजीयक, जन्म एवं मश्त्यु

एन. के. शर्मा (31 अक्तूबर 2014 तक) पैटी लिंगदोह (1 नवंबर 2014 से कार्य)

शिक्षा एवं प्रशिक्षण

- नर्सिंग महाविद्यालय, अ. भा. आ. सं. के 24 एम. एससी. नर्सिंग द्वितीय वर्ष छात्रों ने दिनांक 4 अप्रैल 2014 को चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल) का दौरा किया और श्री एन. के. शर्मा, मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी द्वारा एम्स के चिकित्सा अभिलेख प्रबंधन पर एक संक्षिप्त व्याख्यान दिया गया।
- सेंट स्टीफन अस्पताल, नई दिल्ली के चिकित्सा अभिलेख प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम के 9 छात्रों ने दिनांक 22 अप्रैल 2014 को चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल), केंद्रीय प्रवेश / पूछताछ कार्यालय और आर ए के डॉ. राजकुमारी अमश्त कौर बहिरंग रोगी विभाग का दौरा किया।
- नर्सिंग महाविद्यालय, अ. भा. आ. सं. के 25 बी.एससी. नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्रों ने दिनांक 7 अगस्त 2014 को चिकित्सा अभिलेख अनुभाग का दौरा किया और श्री अशोक कुमार, कनिष्ठ चिकित्सा अभिलेख अधिकारी द्वारा चिकित्सा अभिलेख प्रबंधन पर अभिविन्यास व्याख्यान दिया गया।
- नर्सिंग महाविद्यालय, अ. भा. आ. सं. के 23 एम.एससी. नर्सिंग द्वितीय वर्ष के छात्रों को दिनांक 21 मार्च 2015 को उनके नर्सिंग पाठ्यक्रम के भाग के रूप में चिकित्सा अभिलेख स्टाफ द्वारा चिकित्सा अभिलेख प्रबंधन पर एक संक्षिप्त व्याख्यान दिया गया।

न्यायालय में उपस्थिति

दिल्ली तथा दिल्ली से बाहर विभिन्न न्यायालयों से चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल) में कुल 612 सम्मन/नोटिस प्राप्त हुए। संबंधित चिकित्सकों अथवा परामर्शदाताओं (मामले के अनुसार) तथा चिकित्सा अभिलेख विभाग के स्टाफ सदस्यों के विवादों को निपटाने के लिए एम्स अस्पताल की ओर से न्यायालय में उपस्थित होने के लिए तैनात किया गया था।

प्रकरण अभिलेख जारी करना

7933 चिकित्सा के प्रकरण अभिलेख अनुसंधान, शिक्षा और अन्य शासकीय प्रयोजनों के लिए संबंधित परामर्शदाताओं द्वारा डॉक्टर अधिकृत रेजीडेंटों के लिए जारी किए गए हैं।

चिकित्सा अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण

केंद्रीय भर्ती कार्यालय तथा मुख्य अस्पताल के अस्पताल पूछताछ कार्यालय को चिकित्सा अभिलेख अनुभाग सहित एनआईसी द्वारा कम्प्यूटरीकरण किया गया, मुख्य अस्पताल और सी एन केन्द्र के वॉर्ड क्षेत्रों का कंप्यूटरीकरण किया गया है और इन्हें एनआईसी के सॉफ्टवेयर से जोड़ा गया है। इस सॉफ्टवेयर से मुख्य अस्पताल में होने वाली सभी मृत्यु और जन्मों का अभिलेख तैयार किया जाता है। आंतरिक रोगी चिकित्सा अभिलेखों के लिए आउट सोर्सिंग की शुरूआत की गई है ताकि चिकित्सा अभिलेख अनुभाग में स्थान की कमी से निपटा जा सके। आंतरिक रोगी चिकित्सा अभिलेखों का डिजिटल रूपांतरण अभिलेखों को आसानी से पुनः प्राप्त करने हेतु वर्ष 2014 से आरंभ किया गया था।

अंतः रोगी सेवाएं

अ. भा. आ. सं. देश भर से तथा विदेश से आने वाले रोगियों की बढ़ती जनसंख्या के बावजूद रोगी उपचार सेवा तथा गुणवत्ता की परम्परा को बनाए हुए है जो पूरे देश और विदेशों से अस्पताल में दिखाने के लिए आते हैं। वित्तीय वर्ष के दौरान मुख्य अस्पताल तथा हृद् तंत्रिका केंद्र की विभिन्न नैदानिक यूनिटों में कुल 117,410 रोगियों को भर्ती किया गया। विभाग, राज्य तथा जेंडर की भर्ती, छुट्टी और यहां ठहरने की औसत

अवधि का विवरण तालिका 2 से 3 और चित्र 1 से 3 में दिया गया है। विभिन्न शल्यक विधाओं में निष्पादित किए गए ऑपरेशनों की कुल संख्या तालिका–4 में दी गई है।

शिक्षा, अनुसंधान और अन्य उद्देश्यों हेतु अंतः रंग रोगियों के चिकित्सा अभिलेखों को आसानी से खोजने के लिए उन्हें क्रमबद्ध तरीके से वर्गीकृत एवं श्रेणीबद्ध किया जाता है। इन अभिलेखों को कम्पेक्टर्स में रखा जाता है। हृद् तंत्रिका केंद्र के सभी अंतः रोगियों के रिकॉर्ड का रख–रखाव भी मुख्य अस्पताल के चिकित्सा अभिलेख अनुभाग द्वारा किया जाता है।

केंद्रीय भर्ती कार्यालय एवं अस्पताल पूछताछ (सीएओ और ई)

एम्स का केंद्रीय भर्ती कार्यालय एवं पूछताछ विभाग वर्ष भर चौबीसों घण्टे अर्थात् 365 दिन कार्य करता है। इस कार्यालय द्वारा मुख्य अस्पताल एवं हृद् वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केंद्र के अंतरंग क्षेत्रों की सभी भर्तियां निष्पादित की जाती हैं। यह रोगी पंजीकरण, भर्ती पर्ची (फेस शीट) का सृजन और परिचर पास जारी करना, रोगी एवं संस्थान के बारे में सही सूचना एवं तीव्रता से सामान्य जानकारी प्रदान करने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन संस्थान के हृदय के समान करता है। इसके अलावा यहां पर स्टाफ शिफ्ट ड्यूटी में कार्य करते हैं और इस कार्यालय में स्वागत अधिकारी, कनिष्ठ चिकित्सा अभिलेख अधिकारी, चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन, आदि कार्यरत हैं।

बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) और विशिष्टता क्लीनिक

कुल 1,750,197 रोगियों ने विभिन्न सामान्य ओ पी डी और मुख्य अस्पताल (एम्स) की विशिष्टता क्लीनिक में भाग लिया। ओ पी डी लोड के विवरण तालिका 7 में दिए गए हैं।

तालिका 1 वार्षिक सांख्यिकी स्वास्थ्य बुलेटिन

क्र.सं.	विवरण	मुख्य अस्पताल		हृद् तंत्रिका केंद्र	
		2014–15	2013–14	2014–15	2013–14
1.	कुल भर्ती किए गए रोगी	96689	93898	20721	20185
	क. वयस्क एवं बच्चे	93960	90967	–	–
	ख. नवजात शिशु	2729	2931	–	–
2.	डिस्चार्ज हुए रोगियों की कुल संख्या (डीओआर और मृत्यु, फरार, एलएएमए सहित)	89065	87867	19035	19141
	क. वयस्क एवं बच्चे	86374	85014	–	–
	ख. नवजात शिशु	2691	2853	–	–
3.	उपचार के कुल दिन	380812	386893	129522	131518
	क. वयस्क एवं बच्चे	364386	366370	–	–
	ख. नवजात शिशु	16426	20523	–	–
4.	ठहरने की औसत अवधि	4.3	4.4	6.8	6.9
	क. वयस्क एवं बच्चे	4.2	4.3	–	–
	ख. नवजात शिशु	6.1	7.2	–	–
5.	रोगियों की कुल संख्या (प्रतिदिन की गणना के अनुसार)	345848	341107	129610	128657
	क. वयस्क एवं बच्चे	343410	338672	–	–
	ख. नवजात शिशु	2438	2435	–	–

6.	रोगियों की औसत संख्या (प्रतिदिन की गणना के अनुसार)	948	935	355	352
	क. वयस्क एवं बच्चे	940	928	–	–
	ख. नवजात शिशु	7	7	–	–
7.	औसत बिस्तर अधिभोग (प्रतिशत)	87.9	86.7	84.6	85.8
	क. वयस्क एवं बच्चे	88.9	87.7	–	–
	ख. नवजात शिशु	33.4	33.4	–	–
8.	अस्पताल में जन्म	2568	2685	–	–
	क. लड़का	1377	1419	–	–
	ख. लड़की	1191	1266	–	–
9.	कुल मृत्यु (नवजात शिशु सहित)	2723	2474	842	920
	क. 48 घंटे के भीतर मृत्यु	1203	1095	293	302
	ख. 48 घंटे के बाद मृत्यु	1520	1379	549	618
	ग. सकल मृत्यु दर (प्रतिशत)	3.1	2.8	4.4	4.8
	घ. शुद्ध मृत्यु दर (प्रतिशत)	1.75	1.6	2.9	3.3
10.	कुल आपातकालीन में रोगी उपस्थित	143034	134096	–	–
	क. आपातकालीन में मृत्यु	2072	2120	–	–
	ख. आपातकालीन विभाग में पहले से मृत लाए गए रोगी	969	1019	–	–

तालिका 2 विभाग वार भर्ती, छुट्टी और मृत्यु दर (मुख्य अस्पताल और हृद् तंत्रिका केंद्र)

विभाग	भर्ती	अस्पताल से छुट्टी (डीओआर, मृत्यु, फरार, एलएएमए, सहित)	उपचार के कुल दिन अवधि	ठहरने की औसत
कायचिकित्सा 1	1714	1562	13481	8.6
कायचिकित्सा 2	942	860	8603	10.0
कायचिकित्सा 3	2010	1908	9661	5.1
शल्यचिकित्सा 1	1556	1434	9696	6.8
शल्यचिकित्सा 2	1889	1691	9400	5.6
शल्यचिकित्सा 3	1489	1411	9188	6.5
शल्यचिकित्सा 4	2634	2340	10448	4.5
अस्थिरोगविज्ञान 1	2930	2640	13961	5.3
अस्थिरोगविज्ञान 2	3081	2650	14740	5.6

प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 1	4220	3919	16924	4.3
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 2	5043	4715	17098	3.6
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 3	4048	3791	15642	4.1
वृक्कविज्ञान	7970	7184	20555	2.9
अंतःस्रावी	610	603	8485	14.1
जठरांत्र रोग विज्ञान	3293	2925	18336	6.3
जरा चिकित्सा	962	875	7608	8.7
रुधिरविज्ञान	9317	8864	24837	2.8
मनोचिकित्सा	296	216	7831	36.3
मूत्ररोग विज्ञान	6321	5864	18103	3.1
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 1 (ई.एन.टी.)	1758	1611	5579	3.5
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 2 (ई.एन.टी.)	1287	1255	5457	4.3
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 3 (ई.एन.टी.)	1321	1212	4490	3.7
त्वचा रोग	4378	3891	11948	3.1
नवजातविज्ञान	2568	2589	14653	5.7
नवजात गहन चिकित्सा कक्ष	174	112	827	7.4
बाल चिकित्सा 1	3270	2973	10337	3.5
बाल चिकित्सा 2	1800	1736	8527	4.9
बाल चिकित्सा 3	10438	9540	15951	1.7
बालशल्य चिकित्सा	2945	2714	16661	6.1
फुप्फुसीय चिकित्सा एवं निद्रा विकार	2211	1929	9320	4.8
विकिरण चिकित्सा	31	45	138	3.1
दंत चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान केंद्र	1185	1157	2639	2.3
नाभिकीय चिकित्सा	554	596	1439	2.4
जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं लिवर प्रतिरोपण	1047	958	12191	12.7
भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास	31	34	1456	4.3
कैंसर विज्ञान (मुख्य)	921	872	4174	4.8

चित्र 1. विभाग–वार ठहरने की औसत अवधि



ठहरने की औसत अवधि

एनेस्थीसियोलॉजी सीडीईआर
त्वचा विज्ञान
अंतः स्रावी
जठरांत्र विज्ञान
जठरांत्रीय और यकृत
रुधिर विज्ञान
कैंसर विज्ञान
चिकित्सा
वृक्क विज्ञान
नवजात
नवजात (आईसीयू) नाभिकीय
चिकित्सा
प्रसव और स्त्रीरोग
आर्थोपेडिक्स
कान, नाक एवं गला रोग विज्ञान
बाल चिकित्सा
बाल शल्य चिकित्सा
पी. एम. आर.
मनोरोग
विकिरण चिकित्सा
शल्य–चिकित्सा
मूत्रविज्ञान
वृद्धावस्था चिकित्सा फुफ्फुसीय
चिकित्सा हृदयरोगविज्ञान
सीटीवीएस
तंत्रिका–विज्ञान
न्यूरोसर्जरी

चित्र 2 अंतरंग रोगियों का लिंग–वार वर्गीकरण (मुख्य अस्पताल और हृ.तं.केंद्र)



पुरुष
महिला
बालक
बालिका

तालिका 3 मृत्यु विभाग–वार (मुख्य अस्पताल और हृ.तं.केंद्र)

विभाग	कुल	48 घंटे के अंदर	48 से अधिक दर (प्रतिशत)	सकल मश्त्यु दर (प्रतिशत)	शुद्ध मश्त्यु
कायचिकित्सा 1	371	183	188	23.8	13.6
कायचिकित्सा 2	248	129	119	28.8	16.3
कायचिकित्सा 3	239	116	123	12.5	6.9
शल्यचिकित्सा 1	50	21	29	3.5	2.1
शल्यचिकित्सा 2	38	14	24	2.2	1.4
शल्यचिकित्सा 3	15	8	7	1.1	0.5
शल्यचिकित्सा 4	27	6	21	1.2	0.9
अस्थिरोगविज्ञान 1	10	–	10	0.4	0.4
अस्थिरोगविज्ञान 2	3	–	3	0.1	0.1
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 1	10	3	7	0.3	0.2
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 2	4	2	2	0.1	–
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 3	–	–	–	–	–
वृक्कविज्ञान	126	46	80	1.8	1.1
अंतःस्रावी	8	3	5	1.3	0.8
जठरांत्र रोग विज्ञान	403	211	192	13.8	7.1
जरा चिकित्सा	50	13	37	5.7	4.3
रुधिरविज्ञान	280	101	179	3.2	2.0
मनोचिकित्सा	–	–	–	–	–
मूत्ररोग विज्ञान	15	5	10	0.3	0.2
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 1	8	3	5	0.5	0.3
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 2	7	4	3	0.6	0.2
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 3	4	1	3	0.3	0.2
त्वचा रोग	4	1	3	0.1	0.1
नवजातविज्ञान	25	20	5	1.0	0.2
नवजात गहन चिकित्सा कक्ष	24	2	22	21.4	20.0
बाल चिकित्सा 1	57	27	30	1.9	1.0
बाल चिकित्सा 2	89	34	55	5.1	3.2
बाल चिकित्सा 3	97	36	61	1.0	0.6
बालशल्य चिकित्सा	69	19	50	2.5	1.9
फुप्फुसीय चिकित्सा एवं निद्रा विकार	165	59	106	8.6	5.7

विकिरण चिकित्सा	6	4	2	13.3	4.9
दंत चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान केंद्र	–	–	–	–	–
नाभिकीय चिकित्सा	–	–	–	–	–
जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं लिवर प्रतिरोपण	86	17	69	9.0	7.3
भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास	–	–	–	–	–
कैंसर विज्ञान (मुख्य)	185	115	70	21.2	9.2
दर्द क्लिनिक	–	–	–	–	–
कुल (मुख्य)	**2723**	**1203**	**1520**	**3.1**	**1.7**
हृदविज्ञान	217	127	90	2.7	1.2
हृद वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	233	50	183	7.0	5.6
तंत्रिकाविज्ञान 1	76	21	55	5.3	3.9
तंत्रिकाविज्ञान 2	61	18	43	5.5	4.0
तंत्रिकाविज्ञान 3	52	8	44	3.8	3.2
तंत्रिका–शल्य चिकित्सा 1	123	39	84	5.8	4.1
तंत्रिका–शल्य चिकित्सा 2	80	30	50	4.6	2.9
तंत्रिका संवेदनाहरण	–	–	–	–	–
कुल (हृद तंत्रिका केन्द्र)	**842**	**293**	**549**	**4.4**	**2.9**

चित्र 3 अंतरंग रोगियों का भौगोलिक विवरण (मुख्य अस्पताल और हृ.तं.केंद्र)



दिल्ली

उत्तर प्रदेश

हरियाणा

बिहार

राजस्थान

पंजाब

जम्मू और कश्मीर

अन्य राज्य

तालिका 4 शल्य चिकित्सा प्रक्रिया (मुख्य अस्पताल और हृ.तं.केंद्र)

विभाग	**बड़े**	**छोटे**		**कुल**
		अंतरंग	**बाह्य**	
शल्यचिकित्सा 1	726	390	2635	3751
शल्यचिकित्सा 2	1061	302	2557	3920
शल्यचिकित्सा 3	734	374	2666	3774
शल्यचिकित्सा 4	1180	662	2972	4814
जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं लिवर प्रतिरोपण	607	–	–	607
मूत्ररोग विज्ञान	1591	444	12079	14114
प्रसूति विज्ञान	1147	123	–	1270
इन–विट्रो फर्टिलाइजेशन	–	1610	–	1610
स्त्रीरोग विज्ञान	2209	1494	911	4614
भ्रूण चिकित्सा	–	764	–	764
कान, नाक एवं गला रोग (ईएनटी)	2391	1624	23015	27030
अस्थिरोग 1	1872	727	–	2599
अस्थिरोग 2	1408	1242	–	2650
बाल शल्यचिकित्सा	2130	2	–	2132
दंत शल्यचिकित्सा	101	2	–	103
आपात विभाग	–	130	–	130
कुल (मुख्य)	17157	9890	46835	73882
हृद वक्ष एवं वाहिका शल्यचिकित्सा	4090	–	–	4090
तंत्रिका शल्य चिकित्सा 1	1657	237	–	1894
तंत्रिका शल्य चिकित्सा 2	1482	170	–	1652
कुल (हृद तंत्रिका केंन्द्र)	7229	407	–	7636

तालिका 5. ओ.पी.डी. एवं विशिष्टता निदानशालाओं में उपस्थिति

काय चिकित्सा विभाग		**नए रोगी**	**पुराने रोगी**	**कुल**
कायचिकित्सा	1. सामान्य ओ पी डी	74375	72933	147308
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क) वक्ष	–	–	–
	ख) रुमेटोलॉजी क्लिनिक	71	5149	5220
जरा चिकित्सा		11304	16892	28196
निद्रा संबंधी और श्वास विकार		9062	20575	29637
नाभिकीय चिकित्सा		2362	7948	10310

अंतःस्राविकी		12722	27233	39955
वृक्कविज्ञान	1. सामान्य ओ पी डी	8792	28517	37309
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क) प्रतिरोपण क्लिनिक	125	8806	8931
	ख) आरटीसीसी	445	997	1442
रुधिरविज्ञान		3252	18251	21503
जठरांत्र रोग विज्ञान		21428	31268	52696
बाल चिकित्सा	1. सामान्य ओ पी डी	38703	58632	97335
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क) स्वस्थ शिशु	644	21	665
	ख) फॉलोअप टी बी	297	2139	2436
	ग) वृक्क क्लिनिक	589	4751	5340
	घ) बाल तंत्रिकाविज्ञान	844	2044	2888
	ङ) बाल वक्ष निदानशाला	455	4148	4603
	च) उच्च जोखिम नवजात	244	1704	1948
	छ) आनुवंशिक एवं जन्म दोष क्लिनिक	2984	1396	4380
	ज) अर्बुदविज्ञान क्लिनिक	290	2094	2384
	झ) बाल विकास क्लिनिक	558	703	1261
	ञ) अंतःस्राविकी क्लिनिक	461	1351	1812
	ट) न्यूरोसिस्टीसिरीकोसिस क्लिनिक	228	1363	1591
	ठ) बाल कैंसर उत्तरजीवी / पीसीएससी	104	1128	1232
	ड) रुमेटोलॉजी क्लिनिक	254	2103	2357
	ढ) मायोपैथी क्लिनिक	384	1127	1511
त्वचा रोग विज्ञान	1. सामान्य ओ पी डी	35836	38784	74620
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क) यौन संक्रमित रोग (त्वचा विज्ञान			
	शल्य चिकित्सा)	1088	1519	2607
	ख) एलर्जी क्लिनिक	635	1557	2192
	ग) कुष्ठ रोग	370	2507	2877
	घ) पिगमेन्टेशन	667	1767	2434
	ङ) साइको – सेक्सुअल	–	–	–
	च) त्वचा शल्य चिकित्सा	711	1488	2199
मनोचिकित्सा	1. सामान्य ओ पी डी	17713	38043	55756
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क) वॉक–इन–क्लिनिक	2525	32941	35466
	ख) बाल–मार्गदर्शन	491	509	1000

शल्यक विभाग		नए रोगी	पुराने रोगी	कुल
शल्य चिकित्सा	1. सामान्य ओ पी डी	42477	34309	76786
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क) प्लास्टिक सर्जरी	–	–	–
मूत्ररोग विज्ञान	16874	36824	53698	
जठरांत्र संबंधी शल्य चिकित्सा				
एवं लिवर प्रतिरोपण		2323	7622	9945
बाल शल्य चिकित्सा	1. सामान्य ओ पी डी	6803	13976	20779
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क) हाइड्रोसेफेलस	25	148	173
	ख) इंटर सेक्स क्लिनिक	7	–	7
	ग) बाल मूत्ररोग विज्ञान	380	3074	3454
	घ) क्रेनियोसाइनोस्टोसिस	–	–	–
संवेदनाहरण	क) पीड़ा क्लिनिक	974	1938	2912
	ख) संवेदनाहरण–पूर्व क्लिनिक	7229	321	7550
अस्थि रोग	1. सामान्य ओ पी डी	48042	64403	112445
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क) फिजियोथेरेपी	19272	45856	65128
	ख) ऑक्यूपेशनल चिकित्सा	1592	8421	10013
	ग) हाइड्रोथेरैपी	1263	7642	8905
	घ) फॉलोअप क्लिनिक	–	10073	10073
	ङ) ट्यूबरकुलोसिस	148	631	779
	च) पोलियो	–	–	–
	छ) स्कोलियोसिस	505	1733	2238
	ज) हाथ	1366	1748	3114
	झ) सी टी ई वी	220	2742	2962
	ञ) संधिशोथ	–	–	–
	ट) खेल क्लिनिक	113	94	207
नाक, कान एवं गला रोग विज्ञान (ईएनटी) एवं आर यू ए एस	1. सामान्य ओ पी डी	31154	37046	68201
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क) श्रवणविज्ञान	78	46	124
	ख) वाक	1012	1069	2081
	ग) श्रवण	779	1371	2150
	घ) वाणी	596	922	1518
	ङ) वर्टिगो	83	69	152
	च) नासाविज्ञान	74	38	112

प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान	1. सामान्य ओ पी डी	37342	68483	105825
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क) प्रसवोत्तर	–	–	–
	ख) वन्ध्यता	–	–	–
	ग) आई वी एफ	871	2737	3608
	घ) परिवार कल्याण	5159	3392	8551
	ङ) प्रसव पूर्व	844	4356	5200
	च) अंतःस्राविकी स्त्रीरोग विज्ञान	41	59	100
	छ) उच्च जोखिम सगर्भता	2563	13473	16036
	ज) ऑपरेशन के बाद (स्त्री रोग)	–	–	–
	झ) रजोनिवृत्ति क्लिनिक	–	–	–
विकिरण चिकित्सा		275	2121	2396
भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास		34257	82695	116952
अन्य	1. आपात चिकित्सा	116360	26674	153034
	2. ई.एच.एस.	109130	72753	181883
	3. पोषण	7706	–	7706
	कुल–योग	**748950**	**1001247**	**1750197**

6.2 आहारविज्ञान विभाग

मुख्य आहारविद्

अलका मोहन चुटानी

अंतरंग रोगियों की संख्या, जिन्हें विभिन्न आहार परोसे गए (मुख्य अस्पताल एवं केन्द्र)

क्र. सं.	आहार का प्रकार	संख्या
1.	सामान्य आहार	376773
2.	प्राइवेट वार्ड हेतु आहार	90899
3.	अर्धठोस आहार	57057
4.	चिकित्सीय आहार	161470
5.	एन्टरल भोजन	38839
6.	कुल	725038

बाल चिकित्सा वार्ड और केंद्र अंतः स्राविकी के अतिरिक्त पोषण परामर्श (ओपीडी)

लिंग	ओपीडी रोगी	अंतरंग	कुल
पुरुष	4189	3085	7274
महिला	3517	3377	6894
कुल	7706	6462	14168

6.3 नर्सिंग सेवाएं

मुख्य नर्सिंग अधिकारी

सुश्री तारावती (8 जून 2014 तक) सुश्री सरिता मेहता (9 जून 2014 से)

नर्सिंग सेवाओं का संगठन

मुख्य परिचर्या अधिकारी
↓
परिचर्या अधीक्षक
↓
उप परिचर्या अधीक्षक
↓
सहायक परिचर्या अधीक्षक
↓
स्टाफ नर्स ग्रेड 1
↓
स्टाफ नर्स ग्रेड 2

एक अवलोकन

नर्सिंग सेवा एम्स का एक अभिन्न अंग है, जिसका उद्देश्य रोगी और समुदाय को उच्च गुणवत्ता नर्सिंग देखभाल प्रदान करना है। नर्सें एक ऐसे परिवेश में कार्य करती हैं जो कि अस्पताल में संबद्ध विभागों के अन्य सदस्यों के साथ व्यापक रोगी सेवाएं प्रदान करने में व्यावसायिकता और विशेषज्ञता को प्रोत्साहित करती है।

स्टाफ संख्या

अ. भा. अ. सं. में मुख्य नर्सिंग कार्यबल का गठन विभिन्न विभागों से प्रशिक्षित व्यावसायिक नर्सों को शामिल करते हुए किया जाता है। अ. भा. अ. सं. में (स्टाफ निरीक्षण एकक) एस आई यू मानको पर स्टाफिंग नर्सिंग सेवाएं आधारित होती है।

मुख्य अस्पताल/केंद्रों में स्वीकृत स्टाफ की संख्या	
मुख्य परिचर्या अधिकारी	1
परिचर्या अधीक्षक	4
उप परिचर्या अधीक्षक (डीएनएस)	36
सहायक परिचर्या अधीक्षक (एएनएस)	172
सिस्टर ग्रेड 1	888
सिस्टर ग्रेड 2	2914
कुल	**4015**

अभिविन्यास/विवरण सत्र

नवीन ग्रेड–2 स्टाफ नर्सों की भर्ती के समय सामान्यतया अस्पताल की नीतियों एवं कार्य प्रणाली एवं विशेष रूप से नर्सिंग सेवा के परिप्रेक्ष्य से अवगत कराने के लिए नर्सिंग सेवा कालीन शिक्षा (एनआईई) दल, संक्रमण नियंत्रण नर्स (आईसीएन) दल कि साथ सीएमईटी कार्मिकों द्वारा एक योजनाबद्ध प्रेरण और अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

26 मई 2013 से 13 अगस्त 2014 तक नवीन भर्ती की गई नर्सों को विभिन्न पहलुओं यथा अस्पताल अभिन्यास, विभिन्न विभाग, ओ पी डी अनुसूचियों, वार्ड प्रबंधन, संचार, तनाव प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं, जैव चिकित्सा प्रबंधन और उनकी व्यावसायिक ड्यूटी एवं जिम्मेदारियों के संबद्ध में अभिविन्यास प्रदान किया गया।

भारत के बाहर के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों से आगंतुकों के लिए नर्सिंग प्रशिक्षकों सहित नर्सिंग सेवाओं के विशेषज्ञों द्वारा अभिविन्यास/विवरण सत्रों का संचालन किया गया।

सतत नर्सिंग शिक्षा

नर्सिंग स्टाफ शिक्षा, वर्षभर सेवाकाल के दौरान चलती रहती है और सतत शिक्षा कार्यक्रमों का उद्देश्य कार्यरत नर्सों के नैदानिक ज्ञान को अद्यतन करना होता है जिससे एम्स में नर्सिंग केयर के मानकों में सुधार किया जा सके।

संक्रामक नियंत्रण गतिविधियां

''अस्पताल में संक्रमण नियंत्रण और इसकी रोक थाम'' पर नर्सिंग कार्मिकों के लिए माह में एक बार आधे दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। 10 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए और 313 नर्सों को प्रशिक्षण दिया गया।

20 जनवरी 2015 को संक्रमण नियंत्रण केन्द्रीय समूह के साथ संक्रमण नियंत्रण नर्सों, आपात कालीन सेवाओं के संकाय तथा राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र के दल द्वारा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) के उपयोग पर तथा कोंगों हेमरेजिक बुखार के बड़ी संख्या में फैलने के प्रबंधन पर प्रदर्शन सह व्याख्यान आयोजित किया गया।

नर्सिंग सेवाकालीन शिक्षा कार्यक्रम

एक कुशल संरचित सेवाकालीन शिक्षा कार्यक्रम जनवरी 2011 से आरंभ किया गया। आरंभ में इसे एक सप्ताह में दो बार, एक–एक घंटे के लिए आरंभ किया गया, जिसे बाद में बढ़ाकर सप्ताह में तीन बार कर दिया गया। सप्ताह में दो कक्षाएं बेडसाइड नर्सों (सिस्टर ग्रेड 2 एवं सिस्टर ग्रेड 1) के लिए आयोजित की गई, जहां सप्ताह में एक कक्षा वरिष्ठ नर्सों (प्रभारी सिस्टर तथा उससे ऊपर) के लिए है।

सरलीकरणकर्ता	:	सुश्री तारावती (8 जून 2014 तक), सुश्री सरिता मेहता (9 जून 2014 से)
परामर्शदाता	:	सुश्री अनसम्मा नीलकांतन, उप–परिचर्या अधीक्षक, (नवंबर 2014 तक) सुश्री सुमन आर. कश्यप, उप–परिचर्या अधीक्षक, (दिसंबर 2014 से)
शिक्षक	:	सुश्री रिबाका जे. हेराल्ड, सिस्टर ग्रेड 1 (एचआर) सुश्री जेसी शाजी पॉल, सिस्टर ग्रेड 1 सुश्री पूनम आनंद, सिस्टर ग्रेड 1

संक्रमण नियंत्रण नर्सें :

सुश्री एल्प्रेडा एम. विक्टर, सिस्टर ग्रेड 1 (एचआर)
सुश्री एम. आर. एवंगिलेन वसंत, सिस्टर ग्रेड 1
सुश्री उषा रॉबिन्सन, सिस्टर ग्रेड 1 (एचआर)
सुश्री श्रीनित्या राघवन, सिस्टर ग्रेड 1

जनवरी 2014 में मुख्य अस्पताल की नर्सों के लिए जरा चिकित्सा औषधि विभाग की सहायता से 'बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य देखभाल हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम' (एनपीएचसीई) पर एक माह की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुल 14 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। इन कार्यशालाओं में नर्सिंग शिक्षक भी सहायता प्रदान करते हैं। नवंबर माह में अध्यापन मॉड्यूल खण्ड 1 और 2 (पिछले वर्षों में आयोजित कक्षाओं का संकलन) जारी किया गया है। मार्च 2015 में नर्सिंग प्रशासकों के अस्पताल सेवा कालीन शिक्षा इकाई द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

नर्सों को संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं के प्रति सुग्राही बनाने के लिए हर माह आधे दिन की कार्यशाला का आयोजन किया जाता है और इसमें जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन की जरूरत को समझाया गया।

वर्ष के दौरान मुख्य अस्पताल में विभिन्न विभागों की 3306 नर्सों ने साप्ताहिक ''सेवा कालीन शिक्षा'' कक्षाओं में भाग लिया। वर्ष के दौरान निम्नलिखित विषयों पर कुल 144 व्याख्यान दिए गए थे।

संघर्ष प्रबंधन	मांगपत्र ऑनलाइन स्टोर	तनाव प्रबंधन
आईसीयू नर्सिंग की अवधारणा	नर्सिंग सूचना विज्ञान	एसीआर प्रपत्र को भरना
सुरक्षित दवा प्रशासन	घाव प्रबंधन	बेडसाइट नर्सों के लिए कक्षाएं
भर्ती, अस्पताल से छुट्टी और हस्तांतरण	प्रलेखन और सूची प्रबंधन रिर्पोटिंग	

आंत और आंत्रेत्तर आहार देने के लिए नर्सिंग जिम्मेदारियां।

नर्सिंग कार्मिकों जिन्होंने निम्नानुसार सेवाकालीन शैक्षिक कक्षाओं में भाग लिया :

सीएनओ/एनएस : 01	डीएनएस : 31	एएनएस : 248
सिस्टर ग्रेड 1 : 980	सिस्टर ग्रेड 2 : 2046	

नर्सिंग में उच्चतर शिक्षा

एम्स में नर्सिंग सेवाओं का उच्चतर अध्ययन के लिए सरलीकृत प्रचुर अवसरों द्वारा नर्सिंग केयर की गुणवत्ता को सुधारने पर मुख्यतः ध्यान केन्द्रित रहता है। 5 वर्ष की नियमित सेवा के पश्चात, नर्सें पूर्ण वेतन सहित उच्च अध्ययन को करने के लिए योग्य हो जाती हैं। इस वर्ष के दौरान 14 नर्सें पोस्ट बेसिक बी एस सी नर्सिंग कार्यक्रम में अध्ययन कर रही थीं एवं 4 ने वर्ष के दौरान एम–एससी. नर्सिंग कार्यक्रम पूरा किया।

वर्ष के दौरान परामर्शदाता और विशेषज्ञों के रूप में भागीदारी को छोड़कर वर्ष के दौरन कुल 1498 नर्सिंग कर्मियों ने कार्यशाला / सम्मेलनों में भाग लिया।

पिछले वर्ष आयोजित विभिन्न कार्यशालाओं, सीएमई और राष्ट्रीय सम्मेलनों में विभिन्न विभागों की नर्सों ने स्किल स्टेशन एवं हैंड्स ऑन ट्रेनिंग सत्रों हेतु समन्वयकों के रूप में भाग लिया एवं कार्य निष्पादन किया। भारत के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के समूहों के लिए एम्स के नर्सिंग एजुकेटर्स के अभिविन्यास संचालित कार्यक्रमों की सूची नीचे दी गई है।

1. हिंदुजा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अंधेरी (पूर्व) मुबंई, 7 जनवरी 2014 (एम.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 20 छात्र एवं व्याख्याता)
2. श्रीमती नगरथन्नमा, स्कूल ऑफ नर्सिंग, बंगलौर, 16 जनवरी 2014 (बी.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 25 छात्र एवं व्याख्याता)
3. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भारती विद्यापीठ यूनिवर्सिटी, धानकावाड़ी, पुणे, 27 जनवरी 2014 (बी.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 58 छात्र एवं व्याख्याता)
4. जसलोक हॉस्पिटल, जसलोक कॉलेज ऑफ नर्सिंग, डॉ. जी. देशमुख मार्ग, मुंबई, 30 जनवरी 2014 (बी.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 25 छात्र एवं व्याख्याता)
5. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सर जे. जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुबंई, 4 फरवरी 2014 (बी.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 41 छात्र एवं व्याख्याता)
6. सविता कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सविता नगर, थंडालम, चेन्नई, 6 फरवरी 2014 (एम.एस.सी. और बी. एस. सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 37 छात्र एवं व्याख्याता)
7. प्रज्ञान कॉलेज ऑफ नर्सिंग, पी ओ गांधी नगर, भोपाल, 11 जनवरी 2014 (एम.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 11 छात्र एवं व्याख्याता)
8. एमजीएम मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, एन–6, सीआईडीसीओ, औरंगाबाद, 25 फरवरी 2014 (बी.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 16 छात्र एवं व्याख्याता)
9. आनंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग फॉर वूमन, जेठूवाल, अमृतसर, 21 जून 2014 (बी.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 24 छात्र एवं व्याख्याता)
10. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, इडा स्कुद्दर रोड, वेल्लोर, 9 सितंबर 2014 (एम.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 28 छात्र एवं व्याख्याता)
11. होली स्पिरिट इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एजुकेशन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई, 5 फरवरी 2015 (बी.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 27 छात्र एवं व्याख्याता)

12. जसलोक कॉलेज ऑफ नर्सिंग, डॉ. जी. देशमुख मार्ग, मुंबई, 10 फरवरी 2015 (चौथे वर्ष बी.एस.सी. नर्सिंग 27 छात्र एवं व्याख्याता)

13. सिंहगड़ कॉलेज ऑफ नर्सिंग, क्रम. सं. 49/1 ऑफ वेस्टर्ली बायपास रोड, पुणे, 10 मार्च 2015 (पोस्ट–बेसिक और बी.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 35 छात्र एवं व्याख्याता)

14. एसडीपीसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, खंडवा रोड, इंदौर, 12 मार्च 2015 (बी.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 37 छात्र एवं व्याख्याता)

15. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सेंट मार्था हॉस्पिटल, नश्पथुंगा रोड, बंगलौर, 17 मार्च 2015 (बी.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 25 छात्र एवं व्याख्याता)

16. ससून जनरल हॉस्पिटल, जय प्रकाश नारायण रोड, पुणे, 21–25 मार्च 2015 (2 नर्सिंग अधीक्षक और 6 नर्सिंग कर्मी)

17. आरडीओ कॉलेज ऑफ नर्सिंग, लैमडेंग, इम्फाल वेस्ट, मणिपुर, 30 मार्च 2015 (जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी/ बी.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 30 छात्र एवं व्याख्याता)

विभिन्न अस्पतालों के 474 आगंतुकों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

6.4 कल्याण एकक

कल्याण अधिकारी

श्रीमती प्रीति आहलूवालिया

रोगी कल्याण

रोगी उपचार : दान के रूप में रु. 39,97,300 (लगभग) एकत्रित किए गए।

उद्देश्य	दान (रु.)	दानकर्ता
मुख्य अस्पताल तथा केंद्रों में उपचार कराने वाले गरीब तथा जरूरतमंद रोगियों के उपचार एवं शल्य चिकित्सा हेतु।	3,23,500 89,700	जवाहर भवन ट्रस्ट साहू जैन ट्रस्ट
	50,900	बैज नाथ भंडारी पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट
	10,720	सेवा प्रकल्प महिला मंडल ट्रस्ट
	82,755	अन्य दानदाता
एम्स निर्धन रोगी निधि लेखा	1,00,000	श्रीमती प्रमादा बी बजाज
	1,50,000/–	श्रीमती द्वारका प्रसाद ट्रस्ट
	30,000/–	श्रीमती अमृत शर्मा
	12,000/–	श्रीमती अंजना अहलूवालिया
	10,000/–	श्रीमती दिलजीत कौर वर्मा
	5,000/–	श्रीमती शकुंतला भाटिया
	3,000/–	श्री योगेंद्र पाल सिंह
कैंसर रोगियों को निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई कैंसर–रोधी दवाएं।	28,65,372/–	गोपाल फाउंडेशन
	2,64,442/–	डॉ. चेतन मेमोरियल डिवाइन ट्रस्ट

उपर्युक्त के अतिरिक्त, गरीब रोगियों को, राष्ट्रीय आरोग्य निधि, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष, स्वास्थ्य मंत्री के विवेकाधीन अनुदान तथा अन्य सरकारी तथा गैर–सरकारी एजेंसियों से, उनके उपचार के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया जा रहा है तथा उनकी सहायता की जा रही है। अस्पताल निर्धन रोगी निधि से निर्धन रोगियों को सहायता भी प्रदान की जाती है और उनकी दाखिले, लेवी प्रभारों में छूट, जांच प्रभारों आदि में छूट के लिए मार्गदर्शन तथा सहायता भी की जाती है।

धर्मशालाएं

कल्याण गतिविधि के रूप में, एम्स अस्पताल समाज कल्याण सोसायटी के तत्त्वावधान में राजगढ़िया विश्राम सदन, सुरेका विश्राम सदन तथा श्री साईं विश्राम सदन द्वारा एम्स तथा इसके केंद्रों में उपचार करवा रहे 14,700 से भी अधिक रोगियों और उनके तीमारदारों को आश्रय प्रदान किया गया। एम्स द्वारा रोगियों एवं उनके परिचरों की सहायता हेतु सदनों से अस्पताल तक आने–जाने के लिए वाहन सुविधा प्रदान की जा रही है।

राजगढ़िया विश्राम सदन के अंदर विश्राम सदन में ठहरने वाले बच्चों के लिए एक खेलने कूदने की सुविधा प्रदान की गई। यह सुविधा कैंसर पेशेंट एड एसोसिएशन (सीपीएए) द्वारा सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.00 बजे तक दी जाती है। इसके अलावा सीपीएए द्वारा यहां ठहरने वालों को सुविधा देने के लिए सप्ताह में एक दिन योग कक्षा का आयोजन किया जाता है। यह निवासियों के लिए दीवाली और होली का आयोजन भी करते हैं।

रैन बसेरा

नवंबर 2012 में सुरेका विश्राम सदन के पास दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के समग्र प्रबंधन में 270 लोगों के रहने के लिए एक रैन बसेरा की सुविधा स्थापित की गई थी। इस सुविधा में बाहर से आने वाले गरीब और जरूरतमंद रोगियों और उनके साथ आने वाले परिचारकों को निवास की सुविधा दी जाती है, जिनका एम्स में इलाज किया जाता है। सशस्त्र सीमा बल द्वारा 5 जनवरी 2015 से 20 मार्च 2015 तक 100 लोगों के लिए एक अस्थाई रैन बसेरा सुविधा स्थापित की गई थी। यह सुविधा बाहर से आने वाले निर्धन और जरूरतमंद रोगियों और उनके परिचारकों को कड़ाके की ठंड में आश्रय प्रदान करती है, जो चिकित्सा उपचार के लिए एम्स आते हैं।

कर्मचारी कल्याण

अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति

अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति के मामलों पर विचार किया गया। परिवार के सदस्यों को हुई भारी क्षति को सहन करने तथा जो जिम्मेदारियां उन पर आ गई हैं, उन्हें निभाने में सक्षम बनाने के लिए सहायता प्रदान करने हेतु परामर्श सेवाएं तथा नैतिक सहायता प्रदान की गई।

यौन उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान के लिए समिति

एम्स में 1999 में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के विषय में शिकायतों से निपटने के लिए एक समिति का गठन किया गया और यह एम्स में कार्यरत महिला कर्मचारियों के लिए एक प्रभावी शिकायत निपटान प्रक्रिया प्रदान करती है। यह समिति प्राप्त शिकायतों पर पूछताछ करती है। इसकी बैठकों में दिल्ली महिला आयोग द्वारा संस्तुत गैर सरकारी संगठन के सदस्य भाग लेते हैं। पूछताछ की रिपोर्ट के साथ सिफारिशें अनिवार्य कार्यवाही हेतु सक्षम प्राधिकारी के पास भेजी जाती है। यह कार्य स्थल पर उत्पीड़न रोकने के लिए महिलाओं हेतु एक सुरक्षित, निरापद और स्वस्थ माहौल सुनिश्चित करती है।

महिला निवारण प्रकोष्ठ

एक महिला की निवारणों / शिकायतों का समाधान करने के लिए जनवरी 2014 के दौरान एम्स में महिला निवारण प्रकोष्ठ का गठन किया गया था :

1. छात्राएं।
2. महिला कर्मचारी जो नियमित, अस्थाई, तदर्थ, परियोजना, अस्थाई स्थिति, दैनिक पारिश्रमिक, संविदा या आउट सोर्सिंग के अलावा किसी अन्य प्रकार से कार्यरत हैं।

   प्रकोष्ठ विचारार्थ विषयों में प्राप्त शिकायतों के संदर्भ में कार्य किया जाता है।

आत्म रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

जैण्डर संवेदीकरण / जागरूकता मॉड्यूलों के विकास के लिए एम्स में एक उप कार्यबल द्वारा छात्राओं, रेजीडेंट डॉक्टरों और एम्स की महिला कर्मचारियों के लाभ के लिए आत्मरक्षा में प्रशिक्षण के दूसरे बैच का आयोजन किया गया। इसमें 72 महिला कर्मचारियों / छात्राओं में हिस्सा लिया। विशेष महिला एवं बाल पुलिस इकाई (दिल्ली पुलिस), नानकपुरा द्वारा 21–25 अप्रैल 2014 के बीच एक 5 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया गया।

परामर्श सेवाएं

कर्मचारियों, रोगियों और उनके संबंधियों को ये प्रदान की गईं कि ताकि वे अपनी भौतिक, सामाजिक, भावनात्मक, आर्थिक, पारिवारिक और वैवाहिक समस्याओं से उबर / समायोजित कर सकें और इस प्रकार अपनी सामाजिक कार्यशैली उन्नत बना सकें।

शिकायतों का निवारण

स्टाफ–सदस्यों तथा रोगियों की शिकायतों का समाधान करने के लिए सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

दीवाली समारोह

मेडिकल इंस्टीट्यूट रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (एमआईआरडब्ल्यूए) द्वारा चलाए जा रहे नर्सरी एवं प्राथमिक विद्यालय में पढ़ रहे एम्स के

कर्मचारियों के बच्चों के साथ दीवाली का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर, प्रोफेसर एम. सी. मिश्र, निदेशक, एम्स तथा डॉ. डी. के. शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक, एम्स की उपस्थिति में स्वेटर, उपहार तथा मिठाइयां वितरित की गई। (सौजन्य दानदाता : श्रीमान और श्रीमती सुनील भुटानी)

तस्वीर में : प्रोफेसर एम. सी. मिश्र, निदेशक, और डॉ. डी. के. शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक, द्वारा वितरित किए गए नर्सरी एवं प्राथमिक विद्यालय में पढ़े रहे बच्चों को सामुदायिक हाल, एम्स में मेडिकल इंस्टीट्यूट रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (एमआईआरडब्ल्यूए) द्वारा स्वेटर, उपहार और मिठाइयां बांटते हुए।

6.5 चिकित्सा समाज कल्याण एकक

मुख्य चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी और नोडल अधिकारी वृक्क प्राधिकरण समिति
बी. आर. शेखर

चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी पर्यवेक्षक
पंकज कुमार

पहली चिकित्सा समाज कल्याण इकाई 1960 में आरंभ की गई थी जब प्रथम चिकित्सा सामाजिक कार्यकर्ता मुख्य अस्पताल में नियुक्त किया गया था। इकाई चिकित्सा अधीक्षक के देखरेख में कार्य करती है। चिकित्सा सामाजिक सेवाओं के एकीकरण के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं जैसे यह उपचार प्राप्त करते समय रोगियों के लिए सामाजिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करता है और तनाव को दूर करता है। चिकित्सा समाज कल्याण इकाई, मुख्य अस्पताल में ओपीडी के देखभाल के लिए 11 चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी (एमएसएसओ) और मुख्य अस्पताल के 16 महत्वपूर्ण विभागों के वार्ड हैं। एमएसएसओ के अलावा, रोगी की देखभाल और मार्गदर्शन के लिए इकाई के तहत 19 अंशकालिक सामाजिक मार्गदर्शक (पीटीएसजी) और एक अस्पताल परिचर कार्य कर रहे हैं।

हमारा सिद्धांत : 'एम्स के लिए प्रतिबद्ध, रोगियों के लिए प्रतिबद्ध'

हमारा उद्देश्य

1. डॉक्टर, रोगियों, उनके परिवार और समुदाय के बीच एक चिकित्सकीय नेटवर्क बनाना।
2. पूर्ण शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और व्यावसायिक पुनर्वास की दिशा में अग्रणी आध्यात्मिक उपचार की सुविधा देना।
3. रोगियों के बुनियादी मानवीय अधिकारों के संरक्षण को सुनिश्चित करना।
4. निर्धन और जरूरतमंद रोगियों के लिए विभिन्न सेवाओं की सुविधा देना।
5. अस्पताल प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने तथा उपचार कर रहे डॉक्टर के लिए रोगी कल्याण सेवाओं की सुविधा देना।
6. सामाजिक कार्य के छात्रों के लिए प्रशिक्षण और चिकित्सा सामाजिक कार्य का उन्मुखीकरण प्रदान करना।
7. यूनिट और एम्स के अन्य विभागों द्वारा शुरू किए गए शोध अध्ययन का संचालन और समन्वय करना।

विशिष्टताएं

1. स्वैच्छिक दान के माध्यम से 10000 ओपीडी रोगियों के लिए 107,390 रु. की निःशुल्क दवाएं।
2. निः शुल्क दवाइयां /शल्य चिकित्सा मदों के लिए एम्स से 900 रोगियों की भर्ती कराया।
3. राष्ट्रीय आरोग्य निधि (आरएएन), 442 रोगियों को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के माध्यम से 19,41,83,831 रु. की वित्तीय सहायता।
4. निर्धन और जरूरतमंद रोगियों के लिए ट्रस्ट और स्वैच्छिक दानदाताओं, गैर सरकारी संगठन के माध्यम से 29,65,500 रु. की व्यवस्था।
5. अस्पताल प्रभारों की छूट सीटी, एमआरआई, पीईटी और एचएलए सहित विभिन्न अस्पताल प्रभारों में 12000 बीपीएल/रोगियों के लिए छूटें।
6. एम्स निर्धन निधि के माध्यम से निर्धन रोगियों के लिए 48,420 रु. की मदद की।
7. लगभग 30,000 रोगियों को परामर्श और निर्देश दिया।
8. गुर्दा प्राधिकरण समन्वय टीएचओए, 1994 के अनुसार गुर्दे असंबंधित गुर्दा दाताओं के 16 मामलों में प्रत्यारोपण प्राधिकरण समिति के समक्ष छानबीन, मूल्यांकन, दस्तावेज और प्रस्तुत किए गए।
9. 162 रोगियों के पुनर्वास मेडिको–लीगल मामले (एमएलसी) : गैर एमएलसी अज्ञात / परोक्ष / बेसहारा / अनाथ रोगी।

10. बिस्तरों के गैर–उपलब्धता के कारण एमएसएसओ आपात के माध्यम से भर्ती के लिए सफदरजंग अस्पताल और अन्य सरकारी अस्पतालों से 6970 रोगियों को शिफ्ट किया गया।
11. माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत निःशुल्क उपचार के लिए निजी अस्पतालों में 25 रोगियों को रेफर किया।
12. रेलवे रियायत की सुविधा 8500 बाहरी रोगियों को उपलब्ध कराई गई।
13. आपात में एनएमएलसी से एमएलसी रूपांतरण (94) और रोगी डेटा सुधार (30)।
14. देश भर के विभिन्न कॉलेजों से सामाजिक कार्य के 15 छात्रों को सामाजिक कार्य प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
15. 'मेडिकल सोशल वर्क प्रैक्टिस इन हॉस्पिटल सेटिंग : क्रिएटिव इंटरवेंशंस एंड फ्यूचर एवेयरनेस' पर 20 मार्च 2015 को दूसरी वार्षिक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें देश भर में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।
16. जैव सांख्यिकी विभाग के माध्यम से इकाई द्वारा 26 अगस्त 2014 को 14 एमएसएसओ के लिए शोध पद्धति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।
17. संस्थान में दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदर्शित चिकित्सा समाज कल्याण इकाई पोस्टर।

21 अक्टूबर 2014 को एबी–5 वार्ड में दिवाली समारोह और मैजिक शो : चिकित्सा समाज कल्याण एकक द्वारा निदेशक, डीन, चिकित्सा अधीक्षक और प्रमुख, बाल चिकित्सा शल्य चिकित्सा विभाग की उपस्थिति में एक मैजिक शो और दिवाली समारोह आयोजित किया गया।

शिक्षा

शिक्षण गतिविधियां

1. हाल में शामिल हुए नर्सों के लिए प्रेरण प्रशिक्षण : श्री बी. आर. शेखर, प्रमुख एमएसएसओ और श्री विवेक कुमार सिंह, एमएसएसओ ग्रेड ।। द्वारा आयोजित की गई सीएमईटी द्वारा 'आप एमएसएसओ के माध्यम से निर्धन रोगियों की मदद कैसे कर सकते हैं' विषय पर 20 सत्र आयोजित किए गए थे।

2. मुख्य एमएसएसओ श्री बी. आर. शेखर, द्वारा चिकित्सा समाज कल्याण इकाई, मुख्य अस्पताल में अस्पताल व्यवस्था में एमएसएसओ की भूमिका पर (अस्पताल प्रशासन) एमएचए छात्रों के लिए नियमित सत्र आयोजित किया गया।
3. श्री विवेक कुमार सिंह, एमएसएसओ द्वारा एमएचए छात्रों के लिए 'निगमित सामाजिक दायित्व का परिचय' (2 अप्रैल 2014) को और 'हेल्थ केयर में परिदृश्य : निगमित सामाजिक दायित्व' पर (3 अप्रैल 2014) को सत्र आयोजित किया गया था।

प्रशिक्षण गतिविधियां

1. सामाजिक कार्य प्रशिक्षण : विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से 15 छात्रों को अस्पताल व्यवस्था में सामाजिक कार्य के लिए करने में चिकित्सा सामाजिक कार्य में प्रशिक्षण दिया गया।
2. सामाजिक कार्य अभिविन्यास सत्र : श्री बी. आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ और श्री विवेक कुमार सिंह, मुख्य एमएसएसओ ने संकाय सदस्यों के साथ सामाजिक कार्य छात्र समूहों को 'अस्पताल की व्यवस्था में चिकित्सा सामाजिक सेवाएं' पर 4 अभिविन्यास सत्र दिए।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा / कार्यशालाएं / संगोष्ठियां / राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

संगोष्ठी का आयोजन

सम्मेलन हाल, एम्स, नई दिल्ली में 20 मार्च 2015 को 'मेडिकल सोशल वर्क प्रैक्टिसिस इन हॉस्पिटल सेटिंग : क्रिएटिव इंटरवेंशंस एंड फ्यूचर एवेन्यू' पर दूसरी वार्षिक राष्ट्रीय संगोष्ठी।

संगोष्ठी का उद्घाटन और स्मारिका जारी की गई

संगोष्ठी / कार्यशाला / सम्मेलन में भागीदारी

1. श्री बी. आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ, भारतीय सामाजिक कार्य कांग्रेस, 19–21 दिसंबर, 2014, पुणे, भारत।
2. श्री पंकज कुमार, सुपरवाइजिंग एमएसएसओ, इंडियन सोशल वर्क कांग्रेस, 19–21 दिसंबर, 2014, पुणे, भारत।
3. श्री विवेक कुमार सिंह, एमएसएसओ ग्रेड ।।, नॉन–वायलेंट कम्युनिकेशन, 7–16 अक्तूबर 2014, रूहपोलडिंग, जर्मनी।

रोगी की देखभाल सेवाएं

1. मनोवैज्ञानिक सामाजिक और आर्थिक मूल्यांकन और सामाजिक नैदानिकी : एमएसएसओ मनोवैज्ञानिक सामाजिक और एमएसएसएओ के आर्थिक मूल्यांकन के माध्यम से निर्धन रोगियों के लिए विभिन्न योजनाओं से रोगियों को लाभ प्राप्त करने में सहायता करता है।
2. निःशुल्क दवाओं और शल्य चिकित्सा मदों की सुविधा प्रदान करना : मुख्य की सहित सामाजिक – आर्थिक समीक्षा के लिए एमएसएसओ के पास विभिन्न वार्डों से परामर्श प्राप्त किए जाते हैं इसी प्रकार ओपीडी में अनुवर्तन के लिए आने वाले निर्धन / जरूरतमंद रोगियों को निःशुल्क दवाओं / शल्य चिकित्सा मदों के लिए एमएसएसओ से सहायता प्राप्त होती है।
3. बीपीएल रोगियों और जरूरतमंद रोगियों को अस्पताल लेवी प्रभारों से छूट : एमएसएसओ द्वारा रोगियों के सामाजिक – आर्थिक मूल्यांकन के आधार पर मुख्य एमएसएसओ की सिफारिश के बाद विभिन्न अस्पताल जांचों और प्रवेश प्रभारों में छूट।
4. ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) रोगियों के लिए उपलब्ध सेवाओं की सुविधा : माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, उन सभी व्यक्तियों को ईडब्ल्यूएस के रूप में वर्गीकृत किया गया है जिनकी पारिवारिक आय 1 लाख रु. या इससे कम है, और वे दिल्ली में 46 निजी अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सा उपचार के हकदार हैं जिसे सरकार से रियायती दरों पर अधिग्रहीत भूमि पर निर्मित किया गया है।
5. राष्ट्रीय रोगी सहायता निधि (एनआईएएफ) के माध्यम से वित्तीय सहायता की सुविधा : एनआईएएफ या आरएएन (राष्ट्रीय आरोग्य निधि) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक केंद्र प्रायोजित योजना है जो 1997 में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले और जीवन के लिए घातक रोग से पीड़ित रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के एक उद्देश्य के साथ शुरू की गई है। एनआईएएफ के मामलों को श्री पंकज कुमार, पर्यवेक्षक एमएसएसओ द्वारा सलाह दी गई और प्रलेखित किया गया है और वे श्री बी. आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ के साथ एम्स एनआईएएफ की उप समिति में इन मामलों का प्रतिनिधित्व करते हैं।
6. गुर्दे प्राधिकार समिति का समन्वय और असंबंधित गुर्दा दाताओं का मूल्यांकन : मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम (टीओएचए), 1994, जिसे 2011 में संशोधित किया गया, जिसके अनुसार गुर्दा प्राधिकार के लिए श्री. बी. आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ / नोडल अधिकारी और गुर्दा प्राधिकार समिति (आरएसी) के वर्तमान मामले में परामर्श, समन्वय और प्रलेखन के लिए श्री अनिल जी. माली, एमएसएसओ के पास असंबंधित गुर्दा दाताओं के मामलों को भेजा जाता है।
7. परामर्श सेवाएं : एम्स में यह एकक रोगियों का पहला संपर्क बिंदु है। यह रोगियों और उनके परिचारकों के लिए न केवल बुनियादी जानकारी प्राप्त करने किंतु एमएसएसओ द्वारा अस्पताल में अपने प्रवास के दौरान उन्हें मानसिक – सामाजिक परामर्श और मार्गदर्शन देता है।
8. मेडिको – लीगल मामलों (एमएलसी) और गैर – एमएलसी अज्ञात / परोक्ष / बेसहारा / अनाथ रोगियों का समन्वय और पुनर्वास : सरकारी / गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से अज्ञात, बिना परिचारक, बेसहारा और अनाथ रोगियों के पुनर्वास के लिए सभी हितधारकों के साथ आपातकालीन एमएसएसओ द्वारा समन्वय किया जाता है।
13. न्यूरोक्रिटिकल केयर यूनिट का सप्ताह : न्यूरोक्रिटिकल केयर में बिंदु रोकथाम अवलोकन अध्ययन : पीआरआईएनसीई अध्ययन। जुलाई 2014
14. रीढ़ की हड्डी की सर्जरी से गुजर रहे बच्चों के उभद्व और उनके ठीक होने विशेषताओं पर सेवोफ्लुरेन और डेसफ्लुरेन के बीच तुलना।

पूर्ण

1. मस्तिष्क ट्यूमर सर्जरी से गुजर रहे वयस्क रोगियों में पेरिऑपरेटिव जटिलताओं और न्यूरोलॉजिकल परिणाम पर इंट्राऑपरेटिव खून की कमी का प्रभाव – एक पूर्वव्यापी अध्ययन।

2. ब्रेकियल प्लेक्सस चोट के सुधार की सर्जरी से गुजर रहे सीआरपीएस–।। वाले रोगियों में इंट्राऑपरेटिव प्रोपोफुल और फेंटनली कंज्मशन पर स्टेलेट गैंग्लियन ब्लॉक का प्रभाव।
3. अंतर्कपालीय तंत्रिका अर्बुद के छांटने के दौर से गुजर रहे रोगियों में इंट्राऑपरेटिव खून की कमी और आधान आवश्यकताओं पर ट्रांक्समिक एसिड प्रभाव।
4. गंभीर सिर की चोट वाले रोगियों में गैर – तंत्रिका विज्ञान संबंधी जटिलताओं का मूल्यांकन।
5. वयस्क रोगियों में पोस्टेरियर फोसा ट्यूमरों के लिए निम्नलिखित सर्जरी में ऑपरेशन पूर्व पल्मोनरी जटिलताओं की घटना और पूर्वानुमान : एक पूर्वव्यापी विश्लेषण।
6. सरवाइकल स्पाइन सर्जरी के दौर से गुजर रहे बुजुर्ग रोगियों में ऑपरेशन पूर्व जटिलताएं
7. इंट्राक्रेनियल सर्जरी के दौर से गुजर रहे बुजुर्ग रोगियों में ऑपरेशन पूर्व कारक और परिणाम – एक संभावित अवलोकन अध्ययन।
8. कई आघात पीड़ितों सहित और सिर की चोट के बिना क्रमानुसार अनुमानित सीरम प्रोकैल्सीटोनिन का प्रोग्नोस्टिक मूल्य।
9. बाल चिकित्सा न्यूरोसर्जरी रोगियों में बैठने की स्थिति – एक पूर्वव्यापी विश्लेषण।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. कार्डियक रिद्म पर एन्यूरिज्म सब – आर्कनॉइड हैमोरेहज के अनुपालन में सेरेब्रल वैसोस्पैम्स के लिए स्टेलेट गैंग्लियन ब्लॉक का प्रभावः ए होल्टर आधारित अध्ययन, कार्डियोलॉजी, एम्स।
2. एण्डोस्कोपिक पिट्यूटरी सर्जरी कराने वाले रोगियों में हीमोडायनेमिक्स पर लिडोकेन इंफ्यूजन के प्रभाव और इनका ठीक होना : एक बहु केंद्रिक, यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण, संवेदनाहरण विज्ञान विभाग, स्वास्थ्य विज्ञान केंद्र, यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटोबा, वाइनपेग, कनाडा
3. सेंट्रल लाइन एसोसिएटेड ब्लड स्ट्रीम इंफेक्शन (सीएलएबीएसआई) को कम करने में क्लोरेहेक्सिडिन ग्लुकोनेट इम्प्रेगनेटेड पैच (बीआईओपीएटीसीएच आर) की प्रभावशीलता पर भावी अध्ययन, सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग, जेपीएनएटीसी, एम्स।
4. रेफेरल इंडियन हॉस्पीटल में ब्लड स्ट्रीम इंफेक्शन (बीएसआई) की निगरानी, सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग, जेपीएनएटीसी, एम्स।
5. न्यूरोक्रिटिकल केयर इकाई का सप्ताह : न्यूरोक्रिटिकल देखभाल में बिंदु रोकथाम अवलोकन अध्ययन : पीआरआईएनसीई अध्ययन। जुलाई 2014. बयलॉर कॉलेज ऑफ मेडिसिन, हॉस्टन, टेक्सास।
6. आईसीयू में रहने के दौरान सिर की चोट वाले रोगियों में इलेक्ट्रोलाइट असमान्यताएं : एक भविष्यलक्षी अवलोकन अध्ययन। लैब मेडिसिन, जेपीएनएटीसी, एम्स।
7. पोस्ट – ट्रॉमेटिक रोगियों में पोस्ट काइटोकाइन में एंटी–इंफ्लेमेटरी साइकोकाइन के विनियमन में सीडी14 हाई सीडी16 – ब्लड मोनोकाइट की भूमिका। सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग, सर्जरी।
8. ट्रॉमा रोगियों में निम्न लैपरोटोमी की ऑपरेशन पश्चात जटिलताओं की भविष्यवाणी में माइक्रोडायलायसिस व्युत्पन्न चयापचय मापदंडों की भूमिका। एक व्यवहार्यता और प्रायोगिक अध्ययन। सर्जरी, न्यूरोसर्जरी।

रोगी देखभाल

विभाग नेएनएससी में 07 ऑपरेटिंग कक्ष, 02 न्यूरोरेडियोलॉजी इंटरवेंशनल कैथ. लैब, 01 एमआरआई सुविधा, 01 गामा नाइफ सर्जरी सुविधा और जेपीएनएटीसी में 02 ऑपरेशन थिएटर में एनस्थिसिया देखभाल प्रदान की। विभाग ने एनएससी में 26 बिस्तर वाले न्यूरोसर्जरी आईसीयू और 05 बिस्तर वाले न्यूरोलॉजी आईसीयू, जेपीएनएटीसी में 20 बिस्तर वाले न्यूरोट्रॉमा आईसीयू और 12 बिस्तर वाले जनरल ट्रॉमा आईसीयू में रोगी देखभाल भी प्रदान की।

विशेष क्लिनिक

क) ट्रॉमा सेंटर में पेन क्लिनिक

ख) एनएससी ओपीडी में पेन क्लिनिक

ग) एनएससी ओपीडी में पीएसी क्लिनिक

पुरस्कार, सम्मान और महत्वपूर्ण उपलब्धियां

प्रोफेसर पी. के. बिठ्ठल न्यूरोएनेस्थिसिया अपडेट 2014 के आयोजन अध्यक्ष थे।

डॉ. आर. एस. चौहान ने दो राष्ट्रीय सम्मेलनों (30.08.2015 से 31.08.2014 को नई दिल्ली में आयोजित एम्स न्यूरो एनेस्थेसिया अपडेट 2014 और 28.10.2014 से 01.11.2014 को नई दिल्ली में आयोजित एम्स वार्षिक न्यूरोट्रॉमा सम्मेलन) और 12.03.2015 से 15.03.2015 तक गोवा में अंतरराष्ट्रीय पीड़ा प्रबंधन (सीआईपीएम – 9) पर एक कैडेवेरिक कार्यशाला में भाग लिया; तीन वैज्ञानिक सत्रों (28.10.2014 से 01.11.2014 को नई दिल्ली में आयोजित दो एम्स वार्षिक न्यूरोट्रॉमा सम्मेलनों और 30.08.2014 से 31.08.2014 को नई दिल्ली में आयोजित एम्स न्यूरोएनेस्थेसिया अपडेट 2014) की अध्यक्षता की; 30.08.2014 से 31.08.2014 तक नई दिल्ली में आयोजित एम्स न्यूरोएनेस्थेसिया अपडेट 2014 की आयोजन समिति के उपाध्यक्ष रहे।

डॉ. मिहिर प्रकाश पांडिया न्यूरोएनेस्थिसिया अपडेट 2014 के आयोजन सचिव थे।

डॉ. गिरिजा प्रसाद रथ कोषाध्यक्ष, इंडियन सोसायटी ऑफ न्यूरोएंस्थिसियोलॉजी एंड क्रिटिकल केयर (आईएसएनएसी), कार्यकारी संपादक, जर्नल ऑफ न्यूरोएंस्थिसियोलॉजी एंड क्रिटिकल केयर (जेएनएसी) और इंडियन जर्नल ऑफ एनेस्थिसिया (आईजेए) के संपादकीय बोर्ड सदस्य का पद धारण किया। इंडियन कॉलेज ऑफ एनेस्थिसियोजॉस्टि (एफआईसीए) के अध्येता के रूप में नामित किया गया है। इसके अलावा एनाल्स ऑफ कार्डियक एनेस्थिसिया के लिए अनुभाग संपादक (न्यूरोएंस्थिसिया) और इंडियन जर्नल ऑफ क्लिनिकल एनेस्थिसिया (आईजेसीए) के लिए एसोसिएट संपादक के रूप में नामित कया गया है।

डॉ. केशव गोयल को इंडियन सोसायटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसन द्वारा बैंगलोर, कर्नाटक में आयोजित अपने वार्षिक सम्मेलन क्रिटिकेयर 2015 के अवसर पर यंग टैलेंट हंट अवार्ड 2015 प्रदान किया गया; सर्जन्स हेतु एम्स क्रिटिकल केयर कोर्स (एसीसीसी) की कोर कांग्रेस समिति के सदस्य; जेपीएनएटीसी, नई दिल्ली में नवंबर 2014 में आयोजित परिचयात्मक पाठ्यक्रम के सदस्य रहे; 18–20 सितंबर 2014 को एमएएमसी में आयोजित बीएलएस और एडवांस्ड कार्डियक लाइफ सपोर्ट कोर्स (एसीएलएस) प्रोवाइडर कोर्स; 18 – 20 सितंबर 2014 को एमएएमसी में आयोजित बीएलएस और एडवांस्ड कार्डियक लाइफ सपोर्ट कोर्स (एसीएलएस) इंस्ट्रक्टर कोर्स को सफलता पूर्वक पास किया; जे पी एन ए टी सी, नई दिल्ली में नवंबर 2014 में संचालित बीईसीसी 2014 के पाठ्यक्रम निदेशक; ट्रॉमाकेन 2014 की आयोजन समिति के सदस्य; न्यूरोएनेस्थेसिया अपडेट 2014 के सह संचालन सचिव के रूप में सेवाएं दीं।

डॉ. चारु महाजन ने जम्मू में 31 अक्टूबर – 2 नवंबर 2014 को आयोजित उत्तरी क्षेत्र आईएसएसीओएन, 2014 में सर्वेश्रेष्ठ शोध पत्र के लिए पुरस्कार प्राप्त किया।

तंत्रिका विकृति विज्ञान

विशिष्टताएं

तंत्रिका विकृति विज्ञान प्रयोगशाला में रोगी देखभाल नैदानिक सेवा के लिए आण्विक विकृति तकनीक का उपयोग कर रहा है। सीटू हाइब्रिडाइजेशन में फ्लोरसेंस न्यूरोमस्कुलर रोगों के लिए न्यूरो – ऑन्कोलॉजी और इम्युनोब्लोटिंग में उपयोग किया जा रहा है।

शिक्षा

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा / कार्यशालाएं / संगोष्ठी / राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

प्रदत्त व्याख्यान

चित्रा सरकार : 14 **मेहर सी. शर्मा : 5** **वैशाली सूरी : 3**

प्रस्तुत किए गए शोध पत्र और पोस्टर : 34

अनुसंधान

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. ग्लियोमास में पॉलीकोम्ब रिप्रैसिव कॉम्पलेक्सिस का एक क्लीनिकोपैथोलॉजिकल तथा मॉलीक्यूलर आनुवंशिक अध्ययन। चित्रा सरकार, आई. सी. एम. आर., 3 वर्ष, 2012–2015, 50 लाख रुपए (लगभग)।

2. ग्लियोब्लास्टोमा मल्टीफोरम में एक बड़े इम्प्रिंटिड एम आई आर एन ए क्लास्टर की भूमिका समझने के लिए जीनोमिक और कार्यात्मक उपागम। चित्रा सरकार, डीबीटी, 3 वर्ष, 2012–2015, 50 लाख रुपए (लगभग)।
3. पूरे एजोमी अनुक्रमण के माध्यम से ग्लियोमा विकास और प्रगति को सुलझाना, चित्रा सरकार, डीबीटी, 3 वर्ष, 2013–16, 99 लाख (लगभग)
4. वयस्क और बाल चिकित्सा मेनिंजियोमास में क्लिनिकोपैथोलॉजिकल सुविधाओं और आणविक आनुवंशिक परिवर्तन का अध्ययन। (आंतरिक परियोजना), वैशाली सूरी, आंतरिक, 3 वर्ष, 2013–15, 10 लाख रुपए।

पूर्ण

1. बच्चों तथा वयस्कों में ग्लियोब्लास्टोमास : मॉलीक्यूलर पाथवेस तथा एम जी एस टी मैथीलेशन स्टेट्स के विशेष संदर्भ में एक तुलनात्मक अध्ययन। वैशाली सूरी। आई सी एम आर, 3 वर्ष, 2010–13, 25 लाख रुपए।
2. एपेंडायमोमास में मेसेंकाइमल संक्रमण के लिए एपिथेलियल का अध्ययन। एम. सी. शर्मा, अ. भा. आ. सं., 1 वर्ष, 2012–13, 5 लाख रुपए।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. ग्लियोमास में हिस्टॉन मार्कर की अभिव्यक्ति
2. ओलिगोडेंड्रोग्लियोमास में एमआईआरएनए रूपरेखा
3. बाल चिकित्सा ग्लियोब्लास्टोमास में एमआईआरएनए रूपरेखा
4. जीबीएम के आण्विक वर्गीकरण के लिए सरल दृष्टिकोण
5. ईजेडएच2, साइक्लिन डी1 और सीएनएस के एटीआरटी में वीईजीएफ की अभिव्यक्ति।
6. इंट्राक्रानियल जर्म सेल ट्यूमर – बहु केंद्रीय अध्ययन।
7. पीडियट्रिक ओलिगोडेंड्रोग्लियोमस – आण्विक आनुवंशिकी परिवर्तनों का अध्ययन।
8. ग्लियोब्लस्टोमस में डीएनए मेथ्यल ट्रांसफेरेसेस की अभिव्यक्ति।
9. मिर्गी से जुड़े ट्यूमर – आनुवंशिक परिवर्तन और माइक्रो आरएनए रूपरेखा का अध्ययन।
10. पीडियट्रिक मेनिनगियोमस – क्लिनिकोपैथोलॉजिकल सुविधाओं, हार्मोनल रूपरेखा और आनुवंशिक परिवर्तन का अध्ययन।

पूर्ण

1. ग्लियोमास में एटीआरएक्स जीन की अभिव्यक्ति
2. वयस्क पिलोसाइटिक एस्ट्रोकाइटोमास में बीआरएएफ और ईजीएफआर
3. मेड्युलोब्लास्टोमास के क्लिनकोपैथोलॉजिकल और आणविक सबटाइप
4. सबएपेनडाइयल जॉयंट सेल एस्ट्रोसाइटोमस तथा कॉर्टिकल डिस्प्लासिया में डब्लयूएनटी पाथवे का ट्यूबरियस स्केलेरोसिस कॉम्प्लेक्स तथा अपरेगुलेशन अध्ययन।
5. 1क्यू गेन पर आधारित पीडियट्रिक पोस्टेरियर फोसा एपेंडायमोमस की विशेषता और लेमिनिन अल्फा – 2 (एलएएमए2) और न्यूरल एपिडर्मल ग्रोथ फैक्टर जैसे 2 (एनईएलएल2) प्रोटीनों की अभिव्यक्ति।
6. एंडोमेट्रियल हाइपरप्लासिया और कार्सिनोमा में बायोमार्करों की अभिव्यक्ति।
7. एफआईएसएच आमपन द्वारा ग्लियल ट्यूमरों में 1पी / 19क्यू स्थितियों का आकलन
8. ग्लियोब्लास्टोमस में एलओएच 10क्यू का विश्लेषण।
9. मेनिनजियोमस में 1वी / 14क्यू विलोपन का विश्लेषण।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. ग्लियोमास में चिप अनुक्रम (आईजीआईबी, दिल्ली)

2. ग्लियोमस में एफएटी1 जीन अभिव्यक्ति का विनियमन (जैव रसायन)
3. ग्लियोमा में फैट1, पी53 और एचआईएफ1अल्फा के बीच अंतःक्रिया संकेत (जैव रसायन)
4. ''मिर्गी के उपचार में कठिनाई'' पर विशेष संदर्भ सहित मिर्गी में अनुसंधान हेतु केन्द्र (न्यूरोसर्जरी)।

रोगी उपचार

तंत्रिका विकृति विज्ञान प्रयोगशाला

कुल स्पेसिमेंस	3518	फ्रोजेन सेक्शंस	361

इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री

कुल आईएचसी	14185	नियमित आईएचसी	6542
अनुसंधान आईएचसी	5093	मसल आईएचसी	2550
कुल प्राप्त मसल	456	मसल एंजाइम हिस्टोकेमिस्ट्री	1365
मसल इम्नोब्लॉट	228	रोगी देखभाल निदान एफआईएसएच	510
निदान	201	नियमित	310
कुल एमजीएमटी	70		

ईएम सुविधा

कुल मसल नमूने	359	कुल तंत्रिका नमूने	29
ट्यूमर	612		

पुरस्कार, सम्मान एवं महत्वपूर्ण उपलब्धियां

प्रोफेसर चित्रा सरकार को इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ न्यूरोपैथोलॉजी का उपाध्यक्ष; एम्स इंटरनेशनल रिसर्च कमेटी (बेसिक साइंसेज) का अध्यक्ष; जर्नल न्यूरोपैथोलॉजी (जापान से प्रकाशित) के संपादक मंडल का सदस्य; आईसीएमआर के वैज्ञानिकों की पदोन्नति हेतु गठित मूल्यांकन समिति का सदस्य; टेरिनियम 2013 – 15 के लिए इंडियन एकेडमी ऑफ साइंसेज, बैंगलोर की परिषद् की सदस्य; ''समसामायिक विज्ञान'' (2013 – 15) जर्नल की अनुभाग संपादक; राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र, मानेसर के प्रशासनिक निकाय तथा वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति का सदस्य; पैथोलॉजी संस्थान, नई दिल्ली की वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति का सदस्य; बायोटेक्नोलॉजी विभाग, भारत सरकार की आरएनएआई समिति का सदस्य; राष्ट्रीय इम्यूनोलॉजी संस्थान, नई दिल्ली (2013 – 15) की मानव नीतिशास्त्र समिति का सह अध्यक्ष; डॉ. अम्बेडकर जैव चिकित्सीय अनुसंधान केंद्र, नई दिल्ली (2012 – 15) की मानव नीतिशास्त्र समिति का सदस्य, जैव प्रौद्योगिकी न्यूरोसाइंसेज विभाग, भारत सरकार के कार्य बल का सदस्य नियुक्त किया गया; केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में डब्ल्यूएचओ के आने वाले ट्यूमर वर्गीकरण में ''केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के प्राचीन न्यूरोएक्टोडर्मल ट्यूमर और बहु पटलीय रोजेट्स के साथ भ्रूणीय ट्यूमर'' शीर्षक के अध्याय के सह लेखन हेतु डब्ल्यूएचओ द्वारा प्रोफेसर चित्रा सरकार को आमंत्रित किया गया।

प्रोफेसर एम. सी. शर्मा अपने वैज्ञानिक प्रकाशनों पर आधारित ट्यूमर्स ऑफ द सेंट्रल नर्वस सिस्टम के आगामी डब्ल्यूएचओ वर्गीकरण में शीर्षक ''ट्यूबरोस स्केलेयोसिस कॉम्प्लेक्स'' और सबपेंडायमल जाइंट सेल ट्यूमर्स'' के दो अध्याय में सह – लेखक के लिए डब्ल्यूएचओ द्वारा आमंत्रित किया गया था

डॉ. वैशाली सूरी को 2014 में नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज के सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया है।

रेजीडेंट्स : डॉ. अरुणा नाम्बिराजन ने 'स्टेम कोशिका मार्कर नेस्टिन और वैस्कुलर एंडोथेलियल वृद्धि कारक एवं एपेंडाइमोमस में माइक्रोवैस्कुलर सघनता के साथ इसका सह संबंध' शीर्षक से प्रकाशित सर्वोत्तम शोध पत्र के लिए ''डॉ. वी आर खनोलकर अवार्ड' प्राप्त किया। आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल कालेज, पुणे में 4 से 7 दिसंबर 2014 को आयोजित एफ्कॉन 2014 में नाम्बिराजन ए, शर्मा एमसी, गुप्ता आर के, सुरी वी, सिंह राम सरकार सी न्यूरोपैथोल एप्पल न्यूरो बायोलॉजी 2014 अक्तूबर; 40(6):714–25; डॉ. रजनी यादव ने एमआईबी – 1, पी53 के प्रोग्नोस्टिक महत्व, एपिडर्मल ग्रोथ फैक्टर रिसेप्टर, और चाइल्डहुड कार्डोमस में आईएन 11' शीर्षक से शोधपत्र में प्रकाशित सर्वोत्तम अनुसंधान कार्य के लिए 'श्रीमती

कुंती देवी मेहरोत्रा अवार्ड' प्राप्त किया। आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल कॉलेज, पुणे में 4 से 7 दिसंबर 2014 को आयोजित एफ्कॉन 2014 में यादव आर, शर्मा एमसी, मल गुलवर पीबी, पाठक पी, सिगामनी ई, सूरी वी., सरकार सी, कुमार ए, सिंह एम; शर्मा बीएस, गर्ग ए, बख्शी एस. फारुक एम न्यूरोकॉन्क्लेव 2014, मार्च 16(3):372–81: डॉ. सुवेंदु पुरकैत ने "मोलकुलर वर्गीकरण और प्रोग्नोस्टिक स्ट्रेटीफिकेशन ऑफ ग्लियोब्लास्टोमस (जीबीएम) : दैनिक नैदानिक पद्धति में उपयोग हेतु एक सरलीकृत प्रणाली" शीर्षक से क्राउन प्लाजा, कोच्चि में 26 – 29 मार्च 2015 को आयोजित इंडियन सोसाइटी ऑफ न्यूरो आंनकोलॉजी के 7वें वार्षिक सम्मेलन में प्रस्तुत अपने शोधपत्र के लिए 'बेसिक यूरो आंनकोलॉजी में सर्वोत्तम छात्र के लिए आईएसएनओ प्रेसीडेंट्स अवार्ड प्राप्त किया।

प्रकाशन

पत्रिकाएं : 171 **सार : 25** **पुस्तक में अध्याय : 27** **पुस्तकें : 2**

11.1 बी. बी. दीक्षित पुस्तकालय

प्रभारी आचार्य /अध्यक्ष पुस्तकालय समिति

एस. राजेश्वरी

मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष

एस. शिव चिदंबरम

समय और सदस्यता

पुस्तकालय रविवार और अवकाशों सहित सप्ताह के सभी दिनों पर हर समय खुला रहता है। इसमें लगभग 3000 नियमित सदस्य हैं और हर दिन यहां लगभग 300 पाठक आते हैं।

विशिष्टताएं

पुस्तकालय में 150,000 से अधिक पुस्तकें और बाउंड पत्रिकाएं, पैम्पफलेट्स आदि के रूप में अन्य दस्तावेज हैं। हालांकि यह पुस्तकालय एम्स में संकाय सदस्यों, रेजीडेंटों और छात्रों के लिए एक शैक्षिक और अनुसंधान पुस्तकालय है, हाल ही में इसमें लगभग 2100 हिंदी पुस्तकों का एक संग्रह विकसित किया गया है। यह पुस्तकालय चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान का समर्थन करने के लिए आधुनिक सुविधाओं से भी युक्त है। यह ऑनलाइन पत्रिकाओं और डेटाबेस में शामिल लगभग 1370 आवधिक / पत्रिकाओं की सदस्यता प्राप्त करता है और रखरखाव करता है। इसके अलावा, इस के पास नवीनतम व्यवस्थित समीक्षा डेटाबेस और 64 ई–पुस्तक की सदस्यता भी है। इन ऑनलाइन डेटाबेस और पत्रिकाओं / पीरियॉडिकल्स के लिए परिसर में आईपी सक्षम पहुंच के माध्यम से देखा जा सकता है। कुछ सोसायटी आधारित पत्रिकाओं को विशिष्ट यूजरनेम और पासवर्ड के माध्यम से देखा जा सकता है। यह आवश्यक जानकारी पुस्तकालय में समय समय पर परिचालित करता है और अ. भा. आ. सं. की वेबसाइट ***http://www.aiims.edu/en/library.html*** पर भी ये परिपत्र उपलब्ध हैं।

पुस्तकालय समिति पुस्तकालय के प्रबंधन के लिए एक सलाहकार निकाय है। यह पुस्तकों और पत्रिकाओं / आवधिक और डेटाबेस की सदस्यता की खरीद के संबंध में मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष सलाह देता है। वर्तमान समिति के अध्यक्ष के रूप में प्रभारी आचार्य और चार आचार्य, तीन अपर आचार्य और सदस्यों के रूप में विभिन्न विभागों से दो सहायक आचार्य और समन्वयक के रूप में मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष होते हैं।

पुस्तकालय के लिए तीन सर्वर और 46 कंप्यूटर से मिलकर एक इन–हाउस सूचना संचार और प्रबंधन प्रणाली है। पुस्तकालय में लिबसिस प्रीमिया नामक लाइब्रेरी ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर सिस्टम हिंदी में डेटा प्रविष्टि और पुनः प्राप्ति का समर्थन करता है। पुस्तकालय में चिकित्सा साहित्य पर सीडी–रोमवर्क स्टेशन का भी रखरखाव किया जाता है। सभी प्रलेखन / ग्रंथ सूची सेवाओं के साथ कुछ पुस्तकालय के संचालन एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर 'लिबसिस' पर उपयोग कर कंप्यूटरीकृत किया गया है। सभी पुस्तकों और पुस्तकालय में प्राप्त अन्य दस्तावेजों पर जानकारी परिसर के अंदर इंट्रानेट के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध हैं और इन्हें नियमित रूप से अपडेट किया जा रहा है। पुस्तकालय वर्तमान जागरूकता सेवा और ग्रंथ सूची तथा संदर्भ सेवाएं प्रदान करता है। हाल ही में, पुस्तकालय ने एम्स संस्थागत रिपोजिटरी बुलेटिन को आरंभ किया है। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में संकाय सदस्यों और अनुसंधान छात्रों द्वारा प्रकाशित शोध पत्र / लेख की ग्रंथ सूची के विवरण की खोज पाठकों द्वारा की जा सकती है।

पुस्तकालय वेब आधारित ओपन एक्सेस पब्लिक कैटलॉग (वेब ओपेक), वाई – फाई के साथ इंटरनेट खोज सुविधा, रेप्रोग्राफी और शैक्षिक साहित्य का मुद्रण तथा स्नातक पूर्व छात्रों के लिए बुक बैंक जैसी सेवाएं भी प्रदान कर रहा है।

इस वर्ष के दौरान, पुस्तकालय ने सभी विभागों के बीच एक पत्रिका मूल्यांकन सर्वेक्षण आयोजन किया। इस मूल्यांकन की प्राप्तियां ये थीं कि अधिकांश विभागों ने प्रिंट अंशदान रोकने और 218 पत्रिकाओं की अतिरिक्त आवश्यकता के साथ ऑन लाइन अंशदान पहुंच प्रदान करने का सुझाव दिया। इसके आधार पर पुस्तकालय ने केवल पत्रिकाओं को ऑन लाइन प्राप्त करने के अंश दान की नीति बनाई। पुस्तकलाय 2015 के दौरान 1370 पत्रिकाओं का ऑन लाइन अंश दान आरंभ किया है।

इस वर्ष के दौरान पुस्तकालय द्वारा अप–टु–डेट : ए सिस्टेमेटिक रिव्यू डेटाबेस, बीएमजे बेस्ट प्रैक्टिस, बीएमजे केस रिपोर्ट और एक्सेस मेडिसिन डेटाबेस का अंश दान दिया जिसमें मल्टीमीडिया विकल्प के साथ लगभग 70 बुनियादी संदर्भ चिकित्सा पुस्तकें शामिल हैं।

स्थान की कमी के कारण पुस्तकालय ने एब्सट्रैक्ट और इंडेक्सिंग का कार्य विस्थापित करने और दोहराए जाने वाले जर्नल को गुड़गांव में स्थित एम्स की ऑफ साइट रिकॉर्ड प्रबंधन फर्म में भेजने का निर्णय लिया। हमने इस वर्ष लगभग 7 हजार जिल्द बंद एब्सट्रैक्ट और इंडेक्सिंग जर्नल तथा अन्य दस्तावेज भेजे हैं। पुस्तकालय में सफाई की यह शुरुआत आने वाले वर्ष में आरंभ की गई है। यदि किसी डॉक्टर / प्रयोक्ता की ओर से किसी खास जर्नल की जरूरत नहीं पाई जाती है तो इसे ऑफ साइट भंडार में भेजा जाएगा।

रखने के स्थान को कम करने और पुराने दस्तावेजों के संरक्षण के लिए भू तल पर सीढ़ियों के दोनों ओर दो बड़े कॉम्पेक्टर लगाए गए हैं।

सम्मेलन और प्रकाशन

डॉ. शिव चिदंबरम

1. 23 अप्रैल 2014 को जेएनयू में, मुद्दे और चुनौतियां, राष्ट्रीय साहित्यिक चोरी पर कार्यशाला में भाग लिया।
2. 9 जून 2014 को यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली साउथ कैंपस नई दिल्ली में, ई–बुक पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।
3. 15 अक्तूबर 2014 को, एनआईएचएफडब्ल्यू में नई दिल्ली, 'चिकित्सा पुस्तकालय में सूचना प्रबंधन के लिए आईटी अनुप्रयोग' पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में 'स्वास्थ्य विज्ञान प्रयोगशाला में ई–संसाधन' पर व्याख्यान दिया।
4. आईजीएनसीए नई दिल्ली में 27–29 नवंबर 2014 को, पुस्तकालयों, अभिलेखागार और संग्रहालयों के अभिसरण (आईसीएलएएम–2014) पर निफ्ट दिल्ली द्वारा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।
5. फ्रेंच इंस्टीट्यूट, पॉन्डिचेरी में 9–11 दिसंबर 2014 को डेलनेट द्वारा आयोजित ज्ञान पुस्तकालय और सूचना नेटवर्किंग (एनएसीएलआईएन–2014) पर 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।
6. रविंद्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज, उदयपुर में, 15–17 दिसंबर 2014 को जनरल ऑफ नेशनल कंवेशन ऑफ मेडिकल लाइब्रेरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमएलएआई), के दूत।
7. नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली में, 23–24 जनवरी 2015 को पुस्तकालय और सूचना व्यावसायिक सम्मेलन (एलआईपीएस), 'हेल्थ साइंस इंस्टीट्यूट में नए तरीकों से कार्य और स्वास्थ्य ज्ञान प्रबंधन प्रणाली में सीखना' पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
8. जेएनयू, नई दिल्ली में 28 जनवरी 2015 को ट्रांस्फोर्मिंग यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान 'रिसोर्स शेयरिंग एंड सेटिंग ऑफ लोकल कंर्सोटिया अमंग अकेडमिक लाइब्रेरी ऑफ दिल्ली एंड एनसीआर' पर पैनल चर्चा के लिए पैनलिस्ट।
9. अकेडमिक स्टाफ कॉलेज ऑफ जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली में, 19 फरवरी 2015 को पुस्तकालय और सूचना विज्ञान पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में ''ओपन एक्सेस रिसोर्स इन मेडिकल साइंसेज' पर व्याख्यान दिया।

श्री एम. के. विश्वकर्मा

1. जेएनयू, नई दिल्ली में 23 अप्रैल 2014 को मुद्दे और चुनौतियां : राष्ट्रीय साहित्यिक चोरी पर कार्यशाला में भाग लिया।
2. यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली साउथ कैंपस, नई दिल्ली में 9 जून 2014 को ई–बुक्स पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।
3. जेएनयू, नई दिल्ली में 12 अगस्त 2014 को 'चेंजिंग रोल ऑफ लाइब्रिशियन इन डिजिटल इरा' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी पर भाग लिया।
4. आईजीएनसीए नई दिल्ली में, 27–29 नवंबर 2014 को पुस्तकालयों, अभिलेखागार और संग्रहालय के अभिसरण पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

श्री जहांगीर खान ने 15–17 दिसंबर 2014 को मेडिकल लाइब्रेरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमएलएआई), रविंद्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज, उदयपुर में राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

श्री प्रशांत श्रीवास्तव ने 1 नवंबर 2014 को वायएमसीए, नई दिल्ली में एक दिवसीय कार्यशाला/व्यावसायिक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

श्री उमेश कुमार ने 1 नवंबर 2014 को वायएमसीए, नई दिल्ली में एक दिवसीय कार्यशाला/व्यावसायिक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

11.2 कैफेटेरिया

अध्यक्ष

ओ. पी. खरबंदा

सदस्य सचिव

सुषमा सागर

लेखा अधिकारी

एस. के. शर्मा	मीनाक्षी डबराल (3 जनवरी 2015 से)

महा प्रबंधक

एस. के. कौशिक

उप–महाप्रबंधक

के. के. शर्मा

लक्ष्य एवं उद्देश्य

संस्थान के कर्मचारियों को उचित मूल्य पर पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए वर्ष 1972, में एम्स कैफेटेरिया की स्थापना की गई। कैफेटेरिया उपकरण, फर्नीचर, बर्तनों एवं अन्य मूल आवश्यकताओं के लिए संस्थान से बिना कोई वित्तीय सहायता प्राप्त किए 'न लाभ–न हानि'' आधार पर चलाया जा रहा है।

प्रबंध समिति

निदेशक, अ. भा. आ. स. द्वारा कैफेटेरिया विभाग से संबंधित नीतिगत मामलों पर निर्णय लेने के लिए एक प्रबंध समिति का गठन किया गया। सदस्य निम्नानुसार हैं :

डॉ. ओ. पी. खरबंदा	अध्यक्ष
डॉ. नीना मल्होत्रा	सदस्य
डॉ. बिनोद कुमार खैतान	सदस्य
डॉ. वनलाल्नग्का डारलोंग	सदस्य
डॉ. राजेश खड़गावत	सदस्य
डॉ. सुमित सिन्हा	सदस्य
एफ. ए. आई. एम. एस. का प्रतिनिधि	सदस्य
आर. डी. ए. का प्रतिनिधि	सदस्य
ऑफिसर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि	सदस्य
नर्सिस यूनियन का प्रतिनिधि	सदस्य
कर्मचारी यूनियन का प्रतिनिधि	सदस्य
डॉ. सुषमा सागर	सदस्य–सचिव
श्री एस. के. कौशिक, महाप्रबंधक, कैफे	समन्वयकर्ता

सेवा सुविधाएं

कैफेटेरिया द्वारा संस्थान के लगभग 10,000 कर्मचारियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए 9 यूनिटें चलाई जाती हैं।

1. जवाहर लाल नेहरू सभागार के निकट स्थित मुख्य कैफेटेरिया (24 घंटे सेवा)।
2. मुख्य अस्पताल की नौंवी मंजिल पर स्थित मुख्य ऑपरेशन थिएटर कैफेटेरिया।
3. केन्द्र की दूसरी मंजिल पर स्थित सी एन सेंटर कैफेटेरिया।
4. केन्द्र की पांचवी मंजिल पर स्थित डॉ. आर. पी. केन्द्र ऑपरेशन थिएटर कैफेटेरिया।
5. दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र
6. डॉ. बी. आर. अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल
7. मुख्य कैफेटेरिया के निकट स्थित संकाय कक्ष कैफेटेरिया।
8. दूरस्थ ओ.पी.डी, ग्राम बाडसा झज्जर, हरियाणा।
9. एम्स ओ पी डी कैंटीन की स्थापना एम्स कैफेटेरिया के प्रबंधन के अधीन रोगियों और उनके रिश्तेदारों की हर समय (24 घंटे की सेवा) जरूरतें पूरी करने के लिए की गई है।

इसके अतिरिक्त कैफेटेरिया सभी उच्च अधिकारियों तथा संकाय–सदस्यों को उनकी दिन–प्रतिदिन की आवश्यकताओं के साथ–साथ महत्वपूर्ण सरकारी बैठकों, कार्यशालाओं एवं संगोष्ठी आदि हेतु विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु भी सेवाएं प्रदान करता है।

स्टाफ क्षमता

कैफेटेरिया में तदर्थ / अस्थायी/संविदा आधार के साथ–साथ नियमित आधार पर 95 कर्मचारी नियुक्त हैं।

वार्षिक कुल बिक्री

कैफेटेरिया की कुल बिक्री लगभग 3.82 करोड़ रु. है।

विकास गतिविधियां

विगत वित्त वर्ष के दौरान कैफेटेरिया में अनेक परिवर्तन किए गए। इसमें रोगियों एवं उनके रिश्तेदारों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए ओ.पी.डी. के भीतर ही एक स्वतंत्र कैंटीन की स्थापना करना सम्मिलित है। यह कैंटीन चौबीस घण्टे कार्य करती है तथा एक अच्छे परिवेश में स्वास्थ्य प्रद भोजन प्रदान करती है।

भविष्य की योजनाएं

संस्थान के सभी कर्मचारियों, रोगियों एवं उनके रिश्तेदारों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए स्वच्छ परिस्थितियों में स्वास्थ्य प्रद भोजन प्रदान करने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी से सुसज्जित एक बहुमंजिल कैफेटेरिया के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है। कार्य सौंपा गया है और कार्य जल्दी ही आरंभ होने की आशा है।

11.3 केंद्रीय पशु सुविधा

प्रभारी आचार्य

डी. एन. राव	एस. के. मौलिक
(24 सितंबर 2014 तक)	(25 सितंबर 2014 से)

वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी

पी. के. यादव

वर्ष के दौरान इस विभाग में रोडेंट्स एवं गैर–मानव नर (बंदर) रखे गए। इस एकक की विभिन्न गतिविधियों को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है :

छोटे पशु (रोडेंट)

वर्ष के दौरान निम्नलिखित रोडेंट्स (औसत/माह) का रखरखाव किया गया :

1. चूहे (विस्टर)	1632
2. चूहे (स्प्रग डॉलें)	194
3. चूहिया (स्विस)	547
4. खरगोश (न्यूजीलैंड)	92
5. गिनी पिग्स (डंकिन हार्टली)	27

संस्थान के विभिन्न विभागों को कुल 3976 छोटे पशु (चूहे, चुहिया, खरगोश एवं गिनी पिग) उपलब्ध कराए गए तथा दिल्ली के तथा दिल्ली के बाहर के सहयोगी संस्थानों में (175 चूहे, 120 चूहिया, 6 खरगोश तथा 10 गिनी पिग) पशु बेचे गए।

गैर–मानव वानर (बन्दर)

गणना रिपोर्ट

1 अप्रैल, 2014 को बंदरों की कुल संख्या	10
संजय गांधी देखभाल केंद्र, राजा गार्डन में बंदरों का पुनर्वास	10
20 दिसंबर 2014 को नई दिल्ली	
31 मार्च, 2015 को बंदरों की कुल संख्या	0

प्रक्रियाओं का आयोजन

रक्त के नमूने जमा करना	20	शारीरिक परीक्षा, टीबी जांच	20
रुधिर विज्ञान और जैवरसायन	20	एक्स – रे	20

प्रायोगिक शल्यचिकित्सा

इस विभाग में विभिन्न विभागों के संकाय और छात्रों द्वारा संस्थान की केंद्रीय जंतु सुविधा में जंतुओं पर इकतीस शल्यक प्रक्रियाएं की गई थीं। इन विभागों में शल्यचिकित्सा, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एकक, तंत्रिका शल्यचिकित्सा, बालचिकित्सा, प्रयोशाला चिकित्सा, जैवप्रौद्योगिकी, स्टेम कोशिका सुविधा एवं विकृति विज्ञान शामिल हैं।

संस्थागत पशु एथिक्स कमेटी

वर्ष के दौरान संस्थागत पशु एथिक्स कमेटी (आईएईसी) को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (भारत सरकार) के तहत जंतुओं पर प्रयोगों के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण के प्रयोजन के लिए समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है। विभिन्न अन्वेषकों के छोटे पशुओं (रोडेन्ट्स) पर

46 परियोजनाएं पूरी की। एम्स की सीपीसीएसईए पंजीकरण सं. 10/ जीओ / ईआरईबीआई / एसएल / 99 / सीपीसीएसईए है। संस्थागत पशु एथिक्स कमेटी (आईएईसी) ने वर्ष के दौरान विभिन्न अन्वेषकों की छोटे जंतुओं (रोडेंट) पर 82 परियोजनाओं को समाशोधित किया है।

प्रदत्त सेवाएं

सीएएफ में सूक्ष्मजैवविज्ञान, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, जैव रसायन, जैव प्रौद्योगिकी, प्रजनन जीवविज्ञान, शरीररचना, मनोचिकित्सा, विकृतिविज्ञान, प्रयोगशाला चिकित्सा, स्टेम कोशिका सुविधा तंत्रिकाविज्ञान एवं तंत्रिकाशल्यचिकित्सा से संबंधित पशुओं की देखरेख की जाती है। इस सुविधा में औसतन हर माह उपरोक्त विभागों से संबंधित निम्नलिखित पशु रखे जाते हैं : 10 स्प्रैग डॉले चूहे, 445 विस्टार चूहे–446, 446 चुहियां, 28 खरगोश, 17 गिनी पिग और 15 हेमस्टर।

सीएएफ द्वारा सुविधा विभिन्न अन्वेषकों को ये प्रयोगशाला सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं अर्थात सेरा का निर्वात शुष्कन तथा सीरम नमूने का संग्रहण, रुधिर–विज्ञान, नैदानिक जैव रसायन, सूक्ष्मदर्शी जांच एवं एक्स–रे सुविधा।

शैक्षिक कार्यक्रम

1. डॉ. पी. के. यादव, को राष्ट्रीय पशु कल्याण संस्थान (पर्यावरण एवं वन मंत्रालय) में पशु कल्याण पर एक सप्ताह के तथा दो सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अतिथि व्याख्याता के तौर पर आमंत्रित किया गया।
2. डॉ. पी. के. यादव, (वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी) श्री जसबीर, (प्रयोगशाला परिचर) एवं श्री धनंजय कुमार, (पशु गृह परिचर) नैमिक रूप से 'एनिमल इन मिनीमली इंवेसिव सर्जरी ट्रेनिंग सेंटर, डिपार्टमेंट ऑफ सर्जिकल डिसिप्लिन्स एम्स' में भाग लेते हैं मदद करते हैं।

11.4 केंद्रीय कार्यशाला

संकाय समन्वयकर्ता

गंगा प्रसाद

मुख्य तकनीकी अधिकारी

आदर्श कुमार शर्मा | कालू राम

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी

हरिंदर पाल | नितिन श्रीवास्तव

केंद्रीय कार्यशाला में समूह 'ख' एवं 'ग' के स्टाफ सदस्यों की संख्या निम्नानुसार है :–

तकनीकी अधिकारी	5	तकनीशियन (ग्रेड 1)	5
तकनीशियन (ग्रेड – 1)	10	कार्यशाला सहायक	2
कार्यशाला	6	भंडार लिपिक (प्र. श्रे. लि.)	1
सहायक (एनएस)	1		

उपलब्धियां

केंद्रीय कार्यशाला, रोगी उपचार सेवाओं की गतिविधियों को बढ़ावा देने में एवं सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह चिकित्सा शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं अस्पताल सेवाओं में प्रयुक्त विभिन्न उपकरणों की मरम्मत एवं रखरखाव में संलग्न है तथा अस्पताल की बहुविध विशिष्टताओं की विभिन्न श्रेणियों की गुणवत्ता कार्य प्रणाली की सुनिश्चितता तय करती है। यह विभागों की जरूरत के अनुसार उपकरणों को संशोधित करता है तथा साथ ही साथ नए कार्यों की रचना भी करती है।

उपर्युक्त प्रदर्शित सेवाओं हेतु केंद्रीय कार्यशाला के विभिन्न विभाग सेवा प्रदान कर रहे हैं। प्रत्येक अनुभाग तकनीकी अधिकारी की अध्यक्षता में सहायक स्टाफ द्वारा संचालित है।

इलेक्ट्रॉनिक	इलेक्ट्रिकल
रेफ्रीजरेटिंग	मैकेनिकल (1 एवं 2)
फाइन इंस्ट्रयूमेंट	पेंटिंग, अपहॉलस्ट्री एवं कारपेंटरी

स्थान

केंद्रीय कार्यशाला, कपड़े धोने के लिए और पोस्टमार्टम हाऊस के पास सटी एक इमारत में बेसमेंट, भूतल और पहली मंज़िल में स्थित है। मुख्य अस्पताल बिल्डिंग (लिफ्ट नं. 10 के पीछे) की सातवीं मंज़िल पर इसका एक छोटा सा मरम्मत केंद्र भी है।

मरम्मत एवं रखरखाव

केंद्रीय कार्यशाला नैदानिक और चिकित्सीय उपकरणों के निवारक और सुधारात्मक रखरखाव के लिए जिम्मेदार है तथा नई प्रौद्योगिकी को मूल्यांकन प्रदान करता है, उपकरण की प्रासंगिकता की जांच आयोजित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि उपकरण उचित और सुरक्षित परिचालन की स्थिति में है।

अस्पताल में विभिन्न उपकरणों के अच्छी स्थिति में रखरखाव के लिए प्रभावशाली सहायता प्रदान कर रहा है। ऐसे उपकरणों की सूची में रक्त दाब मापक उपकरण, इंफ्यूज़न पंप, मल्टी पैरामीटर मॉनीटर्स, डिफाइ ब्रिलेटर्स, पेशंट वॉमर्स, ऑपरेटिंग थियेटर टेबल्स, ऑपरेटिंग थियेटर लाइट्स, रेफ्रीजरेटर्स, डीप फ्रीजर्स, माइक्रोवेव ओवन्स, स्पेक्ट्रोफोटोमीटर्स, इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन, माइक्रोस्कोप्स, नीडिल डिस्ट्रोयर, वॉटर बाथ, एक्स रे व्यू बॉक्स, सर्वो स्टेब्लाइजर्स, बॉयलर्स, हॉट प्लेट, टेबल टॉप सेंट्रीफ्यूजस, स्टेनलेस स्टील ड्रम्स एवं ऑपरेटिंग थियेटर की मशीन्स, जैसे

सक्शन मशीन, वॉल सक्शन रेगुलेटर्स, ऑक्सीजन फ्लो रेगुलेटर्स, फ्लो मीटर्स और सर्जिकल उपकरण सम्मिलित हैं किंतु ये इन तक सीमित नहीं है।

केंद्रीय कार्यशाला संपूर्ण अस्पताल के फर्नीचर जैसे रोगियों के बेड, ट्रॉली एवं लॉकर्स, उपकरण एवं लोडिंग ट्रॉली, बेड साइड लॉकर्स, पुश कार्ट इत्यादि की मरम्मत तथा पेंटिंग संबंधी कार्य भी करती है।

वर्ष के दौरान, केंद्रीय कार्यशाला में कुल 8060 मरम्मत संबंधी कार्य किए।

संरचना एवं मार्गदर्शन

धीरे धीरे मरम्मत एवं रखरखाव गतिविधियों का भार बढ़ने के बावजूद केंद्रीय कार्यशाला, संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों में अपने डिज़ाइन एवं संरचना कार्य द्वारा सहायता प्रदान करने में सक्षम हो गयी है।

इस दौरान केंद्रीय कार्यशाला द्वारा 24 विभिन्न संरचनात्मक कार्य (कुल 236 आइटम्स) किए गए जिसमें ट्रेकोस्टॉमी, ट्यूब, स्टीलेट, हैमर कैप, हैंडल फॉर सर्जिकल इंस्ट्रयूमेंट, सूक्ष्मदर्शी के लिए पर्सपेक्स बॉक्स, सैम्पल ट्रे बॉक्स, सक्शन बॉटल लिड, ट्रॉली ट्रे, ट्रॉली, सक्शन बॉटल लिड के लिए क्लैम्प, विसरा बॉक्स, डीएचएस पंच, प्लास्टिक मोल्ड, एंकर, हिप पुश अटैचमेंट, बैकेलाइट बोर्ड, टेस्टिकुलर बॉल, स्प्लिंट, साइड ब्लॉक, टैग पीस, मैनीपुलेटर कप, एसएस रॉड, सर्किल शेप आदि सम्मिलित हैं।

अल्पकालिक प्रशिक्षण

केंद्रीय कार्यशाला सक्रिय तौर पर विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों में डिप्लोमा / स्नातक पूर्व विद्यार्थियों के लिए 4 से 6 हफ्ते के अल्पकालिक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।

वर्ष के दौरान लघु अवधि प्रशिक्षण द्वारा कस्तूरबा पॉलीटेक्नीक (महिलाओं हेतु) दिल्ली की 2 छात्राओं को अल्पकालिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

11.5 कंप्यूटर सुविधा

प्रभारी संकाय

पी. पी. कोतवाल

सिस्टम विश्लेषक

एस एन रघु कुमार, सतीश प्रसाद, सुशील कुमार मेहर

वरिष्ठ प्रोग्रामर

संजय गुप्ता, विनय पाण्डे, हरी शंकर, पवन शर्मा, श्यामल बरुआ

प्रोग्रामर

तृप्ता शर्मा, संजीव कुमार, अमित, अंकिता सैनी

शिक्षा

स्नातकोत्तर

जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं नर्सिंग महाविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सिद्धांत और अभ्यास पहलुओं की कंप्यूटर प्रोग्रामिंग की कक्षाओं का संचालन किया गया था। चिकित्सा सूचना विज्ञान का अध्ययन करने के लिए प्रतिनियुक्त सशस्त्र बलों के अधिकारियों को 2 वर्ष की अवधि के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

स्नातक पूर्व

बी. एस. सी. (ऑनर्स) नर्सिंग के प्रथम वर्ष तथा बी. एस. सी. नर्सिंग (पोस्ट – सर्टिफिकेट) के छात्रों के लिए कंप्यूटर्स के बेसिक, इंटरनेट, विंडो एप्लीकेशंस, कंप्यूटर – एडिड लर्निंग, डेटाबेस आदि में तीन – माह के कंप्यूटर पाठ्यक्रम का संचालन किया गया था।

सेवाएं

अस्पताल का कंप्यूटरीकरण

निम्नलिखित सॉफ्टवेयर डिजाइन, विकास, कार्यान्वयन और समर्थन गतिविधियां की गई :

मुख्य अस्पताल और केंद्र

ई–अस्पताल सॉफ्टवेयर का विकास एनआईसी द्वारा कम्प्यूटर सुविधा के निरीक्षण में पूरे एम्स के कम्प्यूटरीकरण की प्रक्रिया को एक सामान्य मंच प्रदान करने हेतु किया गया है। इसे कार्यान्वित किया जा रहा है और इस सुविधा को 24/7 सहायता दी जाती है एवं निम्नलिखित गतिविधियों का रख रखाव किया जाता है : नए और दोबारा आने वाले लोग, राजकुमारी अमश्तकौर ओपीडी में क्लिनिक पंजीकरण, कार्डियो थोरेसिक और तंत्रिका विज्ञान (सीएन) केन्द्र ओपीडी, डॉ. आर पी नेत्र रोग विज्ञान केन्द्र (आरपीसी) ओपीडी, आईआरसीएच, दंत चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान केन्द्र (सीडीईआर) ओपीडी और सामुदायिक ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा परियोजना (सीआरएचएसपी), वल्लभगढ़।

कैश और बिलिंग

मुख्य कैश काउंटर, न्यू प्राइवेट वार्ड बिल्डिंग (भू तल), राजकुमारी अमश्त कौर ओपीडी (भूतल), आर पी सेंटर, डेंटल एजूकेशन एण्ड रिसर्च सेंटर, और सी एन सेंटर सहित अनेक स्थानों पर बिलिंग की व्यवस्था की गई है। कैश कार्ड को मुख्य अस्पताल तथा आर पी सी में भी कार्यान्वित किया गया है।

अंतः रोगी (आईपीडी) पंजीकरण

अब अंतः रोगी का पंजीकरण एनआईसी द्वारा विकसित नए सॉफ्टवेयर द्वारा किया जाता है। यह मुख्य अस्पताल, सीएन सेंटर, आईआरसीएच, सीडीईआर और आर पी सेंटर में संबंधित फेस शीट निर्माण कर रोगियों की अल्प अवधि और दीर्घ अवधि भरती व्यवस्था करती है।

प्रयोगशाला सूचना प्रणाली (एलआईएस)

प्रयोगशाला मेडिसिन (क्लिनिकल कैमिस्ट्री, रुधिर विज्ञान और क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी) की तीन प्रयोगशालाओं के लिए ई–अस्पताल के एलआईएस मॉड्यूल का निरंतर रखरखाव और वर्धन किया गया है। इसमें प्रयोगशाला नियोजन, सैंपल उत्पादन, बार कोड निर्माण, सैंपल प्राप्ति (स्वीकार करना), परिणाम तैयार करना और प्राधिकरण शामिल हैं। प्रयोगशाला मेडिसिन हेतु ऑटो रिजल्ट जनरेशन के लिए ई हॉस्पिटल के साथ हितैची ऑटो एनलाइजर इंटरफेस था। एलआईएस को एम्स के मुख्य अस्पताल (विभागीय प्रयोगशाला और विशेष प्रयोगशाला) और सभी केंद्रों (सी एन केंद्र, डॉ. बी आर ए आई आर सी एच केंद्र, आर पी सी और सी डी ई आर) में भी कार्यान्वित किया गया था।

वॉर्डों में ई हॉस्पिटल भर्ती, स्थानांतरण और छुट्टी (एडीटी)

मुख्य अस्पताल, सी एन केंद्र, आर पी केंद्र, सी डी ई आर और आई आर सी एच केंद्र में इसकी व्यवस्था की गई है।

ई–अस्पताल एनआईसी स्टोर और सब स्टोर (सामान – सूची प्रबंधन प्रणाली)

मुख्य अस्पताल, सभी केन्द्रों (सी एन केन्द्र, डॉ. बी आर ए, आई आर सी एच, आर पी सी, सी डी ई आर) के स्टोरों में तथा कम्प्यूटर सुविधा में ई–स्टोर मॉड्यूल कार्यान्वित किया गया है। अनुप्रयोग मॉड्यूल का उपयोग करने और दैनिक मामलों को सुलझाने तथा निरंतरण सहायता से रख रखाव हेतु वास्तविक प्रयोक्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाता है। मुख्य अस्पताल, सी एन केन्द्र, डॉ. बी आर ए, आई आर सी एच, सी डी ई आर और आर पी सी में वार्ड स्तर पर सब स्टोर का रख रखाव किया जाता है।

आहार

आहार विज्ञानी वॉर्ड से ऑनलाइन दैनिक आहार सूची तैयार करते हैं और वार्ड में भर्ती रोगियों के लिए इसे आहार विज्ञान विभाग में इलेक्ट्रॉनिकली भेजते हैं। मॉड्यूल में एक पूर्ण आहार सूची प्रदान की गई है। एक पूर्ण एमआईएस का रखरखाव किया जाता है और यह दैनिक आहार विभाग हेतु उपलब्ध है। मुख्य अस्पताल, सी एन सेंटर, आर पी सेंटर और आहार विज्ञान विभाग हेतु इस मॉड्यूल का विकास किया गया है।

ईएचएस कार्यान्वयन स्थिति

ईएचएस विंग में ईएचएस रोगियों का पंजीकरण, और कमरे के आबंटन, रोग निदान, तथा औषधि वितरण (ई एच एस औषधालय) किया जाता है। रोगियों की सुविधा के लिए प्रिस्क्राइब्ड औषधियां, औषधालय काउंटर पर दर्शाई जाती हैं और प्रिस्क्राइब्ड तिथि से 4 दिन तक औषधालय में प्रदर्शित की जाती हैं। रोगियों के लिए 8 ऑनलाइन काउंटर हैं, 6 सुबह और 2 शाम के समय। औषधालय स्टोर (ईएचएस औषधालय) : सभी 8 काउंटरों पर उनकी मांग पर (इंडेंट बढ़ने पर) औषधालय स्टोर अपने स्टॉक और ट्रांसफर औषधियों का रखरखाव करता है और स्टोरों तथा काउंटरों पर स्टॉक स्वतः अपडेट हो जाता है। जब औषधालय स्टोरों को आवश्यकता होती है वे इसे मुख्य स्टोर से लेते हैं और अपनी आवश्यकता हेतु स्टॉक भरते हैं।

ई–अस्पताल **@** एनआईसी एपोइंटमेंट मॉड्यूल

ई–अस्पताल @एनआईसी एपोइंटमेंट मॉड्यूल को मुख्य अस्पताल, सभी केन्द्रों (सीएन केन्द्र, डॉ. बी आर ए, आई आर सी एच, आर पी सी और सी डी ई आर) में कार्यान्वित किया गया है। एपोइंटमेंट मॉड्यूल को वैब, आईवीआरएस (फोन द्वारा एपोइंटमेंट के लिए इंटरेक्टिव वाइज़ रिस्पोंस सिस्टम) द्वारा और एम्स @ दिल्ली मोबाइल अनुप्रयोग और एम्स कॉल सेंटरों के जरिए उपलब्ध कराया गया है।

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल

ई–अस्पताल @एनआईसी को डॉ. बी आर ए आईआरसीएच में कार्यान्वित किया गया है। निम्नलिखित मॉड्यूल कार्यरत हैं। ओपीडी (नए और पुराने) पंजीकरण, अंतः रोगी पंजीकरण, बिलिंग सुविधा प्रयोशाला जांच के आग्रह / संग्रह सॉफ्टवेयर टूल, लैब रिपोर्टिंग, डिस्चार्ज समरी।

इस सॉफ्टवेयर का विकास दिन में देख भाल के लिए एपोइंटमेंट प्रणाली, आंतरिक रोगियों और दिवस देख भाल के लिए आंतरिक रोगी दवा प्राधिकार सॉफ्टवेयर, चैक को मुद्रित करने सॉफ्टवेयर पिछले 4 वर्षों से अच्छी तरह चलाया जा रहा है।

सी एन सेंटर ब्लड बैंक

प्रयोक्ताओं की सुविधा और डोनरों के पंजीकरण, बैग तैयार करने, कम्पोनेंट तैयार करने के लिए एक संपूर्ण ऑनलाइन प्रक्रिया उपलब्ध कराई गई हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में संपूर्ण प्रक्रिया कम्प्यूटरीकृत है और कार्य कर रही है। इसमें डोनर प्रोफाइल एंटी की गतिविधियों,

डोनर मेडिकल हिस्ट्री, डोनर ब्लड ग्रुप पहचान, ब्लड बैग तैयार करना, टीटीआई स्क्रीनिंग, कम्पोनेंट तैयार करना, एफिरेसिस, अनुरोध, क्रॉस मैच विवरण, ड्यू विवरण, ब्लड ट्रांसफर, बल्क रिसीव, एमआईएस की व्यवस्था है।

अस्पताल क्षेत्र में वाई फाई

सभी सेंटरों और मख्य अस्पताल में 650 से भी अधिक वायरलेस स्थापित किए गए हैं। कोई भी वाई फाई के माध्यम से ऑटोमेटिकली सिंगल नेटवर्क पर पूरे एम्स कैंपस में बिना व्यवधान के घूम सकता है। वायरलेस नेटवर्क नवीनतम प्रौद्योगिकी पर आधारित है तथा उत्तम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पीओई (पावर ओवर इथरनेट) है। कार्य प्रणाली इस प्रकार है :

1. इंट्रानेट एक्सेस के लिए (पीएसीएस (पैक्स), ई – हॉस्पिटल, लाइब्रेरी रिसोर्सिस) एम्स – इंट्रानेट एक्सेस पाइंट का चयन करें और आप उपर्युक्त सभी सेवाओं से जुड़ जाएंगे। किसी भी वाई फाई पास वर्ड आदि की आवश्यकता नहीं है।
2. इंटरनेट एक्सेस (ई मेल आदि) के लिए। यह सुविधा केवल एम्स फैक्टी के लिए उपलब्ध कराई गई है। प्रत्येक युक्ति के एमएसी पते को इंटरनेट से जोड़ने की जरूरत होती है जो बताए गए फॉरमेट में दिया गया है। कम्प्यूटर सुविधा में एक बार आने के बाद प्रयोक्ता उसी नेटवर्क पर इंटरनेट तक पहुंच सकता है।

रिको नेटवर्क प्रिंटर

एम्स में मुख्य अस्पताल, डॉ. बी आर अम्बेडकर आई आर सी ओ एच, आर पी सेंटर और कार्डियो न्यूरो सेंटर में 150 रिको नेटवर्क प्रिंटर स्थापित किए गए हैं। सभी प्रिंटर कार्य कर रहे हैं।

कियोस्क

ये टच और टाइप इनपुट के साथ वैंडर प्रूफ कम्प्यूटर हैं जो डॉक्टरों और नर्सों द्वारा पी ए सी एस इमेजेज, लैब रिपोर्टें, सी पी आर एस पर नोट लिखने और नर्सों द्वारा रोगी की अनिवार्य सूचनाएं रखने के लिए उपयोग हेतु एम्स के सार्वजनिक क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं। इन्हें नेटवर्क प्रिंटर से भी जोड़ा गया है ताकि एक सेंट्रल लोकेशन से प्रिंट आउट लिया जा सके।

इलेक्ट्रॉनिक पेशेंट रिकॉर्ड सिस्टम

सीपीआरएस को मुख्य अस्पताल, डॉ. बी आर अम्बेडकर आई आर सी ओ एच, आर पी सेंटर और कार्डियो न्यूरो सेंटर में क्लिनिकल नोट एंट्री (भर्ती नोट, राउंड नोट, डिस्चार्ज नोट, ऑपरेशन नोट (इत्यादि) के लिए कार्यान्वित किया जाता है। सभी आंतरिक रोगियों के लिए वाइटल प्रविष्टि, नर्सिंग अंतरण नोट, ई–रोस्टर नोट को पूरे मुख्य अस्पताल में इस्तेमाल के लिए आंतरिक रूप से विकसित किया गया है और इसे एम्स के अलग अलग स्थानों में कार्यान्वित किया जाता है।

पैक्स

मुख्य अस्पताल में आई आर सी एस में हर जगह में ओपन पैक्स (ओवियम) कार्यान्वयन किया गया है। इसे सी एन केन्द्र ई–अस्पताल के साथ जोड़ा गया है।

एम्स, झज्जर (हरियाणा) में ई अस्पताल एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर कार्यान्वयन की स्थिति

ओपीडी में औसतन 400 रोगी पंजीकृत होते हैं। डॉक्टरों द्वारा ऑन लाइन दवा का नुस्खा लिखा जाता है कंप्यूटरीकृत प्रणाली से पिछले 3 वर्षों से चलाया जा रहा है और रोगियों को निः शुल्क दवाइयां दी जाती हैं।

नर्सिंग सूचना विज्ञान

संकाय प्रभारी और अध्यक्ष, कम्प्यूटीकरण सुविधा

दीपक अग्रवाल

नर्सिंग सूचना विज्ञान भलीभांति प्रशिक्षित नर्सों का एक संवर्ग है जो विभिन्न विभागों की आवश्यकताओं के अनुसार अनुप्रयोगों के कार्यान्वयन और विकास में सहायता देता है। एन आई एस के तौर पर वर्तमान में 75 नर्सें कार्यरत हैं (मुख्य अस्पताल में 35, सी एन केंद्र में 16, आर पी केंद्र में 5, डॉ. बी आर ए आई आर सी एच में 8 और जे पी एन ए टी सी में 11)। एन आई सी द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का निष्पादन और समन्वय किया जा रहा है।

शिक्षा

नर्सों के लिए जनवरी 2014 में उन्हें विभिन्न जारी ई – मॉड्यूलों पर नर्सिंग कर्मचारियों को उचित अभिविन्यास प्रदान करने के लक्ष्य के साथ सी एन ई कार्यक्रम शुरू किया गया। अब तक नर्सिंग कार्मिकों के लिए 30 सी एन ई सत्र आयोजित किए गए हैं। इसकी मुख्य विशेषताएं जीवंत प्रदर्शन और स्वयं प्रशिक्षण सत्र हैं। सुधार के लिए सभी पाठ्यक्रमों हेतु प्रतिक्रिया मांगी गई और अगले सत्रों में इन सुझावों को निहित किया गया। कार्यक्रम की प्रमुख झलक यह साकार करना रही है कि एन आई एस को भारत के अन्य संस्थानों में भी स्वास्थ्य देखभाल व्यावसायिकों के सशक्तीकरण के लिए संसाधन पूल के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

अस्पताल में सेवाएं

प्रत्येक विभाग के संकाय की सहमति से प्रत्येक विभाग में एन आई एस की तैनाती की जाती है। ये एन आई एस डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल कार्मिकों को अनुप्रयोगों का कार्यान्वयन करने का प्रशिक्षण देते हैं और ये अनुरोध के अनुसार मॉड्यूल के संशोधन में संलग्न हैं। मॉड्यूल इस प्रकार हैं :

इमरजेंसी विभाग

लैब मॉड्यूल के कार्यान्वयन के साथ इमरजेंसी विभाग का कम्प्यूटरीकरण आरंभ किया गया है। इसके बाद अन्य मॉड्यूल्स जैसे ई – हॉस्पिटल, ऑनलाइन स्टोर प्रबंधन के लिए स्टाफ नर्सों और वार्ड इंचार्जों को प्रशिक्षण दिया गया। रोगियों को एक्स रे और इमरजेंसी में सीटी रिपोर्टों के लिए लम्बे इंतजार से राहत दिलाने के लिए सभी स्टाफ और रेजिडेंट्स को पी ए सी एस का प्रशिक्षण दिया गया। इमरजेंसी में वाई – फाई एक्सेस प्वाइंट के इंस्टालेशन से रेजिडेंट्स को रोगियों का डेटा प्राप्त करना बहुत आसान हो गया है। रेजीडेंट द्वारा मुद्रित पंजीकरण पर्ची को रोगी के दस्तावेज प्राप्त करने के लिए अनिवार्य बनाया गया था।

रोगियों का सभी विवरण प्रस्तुत करने वाला एक पेशेंट डिस्प्ले सिस्टम, इमरजेंसी में प्रत्येक रोगी के ट्रीटमेंट की स्थिति व्यक्त करने के लिए सभी इमरजेंसी क्षेत्रों में स्थापित किया गया ताकि रोगियों की उचित देखभाल और देख रेख हेतु, अस्पताल की देख रेख सेवाओं में पारदर्शिता लाई जा सके। पीडीएस में शामिल प्रणाली आधारित पंजीकरण से डेटा संग्रहण में बड़ी मदद मिलती है, जिसे एनआईएस द्वारा किया जा रहा है जो हर समय विभाग में तैनात होते हैं।

आपातकालीन विभाग में पूरी तरह कार्यात्मक पी डी एस के अनुसार एक अन्य नवाचारी कदम डॉक्टर के ड्यूटी डिस्प्ले, आपातकालीन हेल्प लाइन नंबरों के कार्यान्वयन तथा आपातकालीन नर्सिंग समन्वयकों को दर्शाया गया है।

डॉक्टर ड्यूटी डिस्प्ले में आपातकालीन विभाग के विभिन्न विभागों में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों की सूची प्रदर्शित की गई है और इस प्रकार प्रणाली में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। एन आई एस एक आपातकालीन नर्स समन्वयक के रूप में भी कार्य करता है जो इलाज की प्रक्रिया और आपातकालीन विभाग में रोगी के न्यूनतम समय रुकने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए डॉक्टरों, नर्सों के साथ समन्वय करता है।

- **ई–एमएलसी :** एम्स ने 1 अक्तूबर 2014 से एक छेड़छाड़ रहित ई एम एल सी तैयार करने के उद्देश्य के साथ आपातकालीन विभाग में एक इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड प्रणाली का कार्यान्वयन किया है जिसे कानून द्वारा अधिदेशित पहचान की तस्वीर के साथ एक फॉर्मेट में प्रिंट किया जा सके और इस प्रकार सभी कानूनी जरूरतें पूरी की जाएं। ई एम एल सी में रोगी की फोटो पहचान होने का अतिरिक्त लाभ हैं, इसे भावी संदर्भ के लिए आसानी से दोबारा प्राप्त किया जा सकता है। एन आई एस ने आपातकालीन विभाग में हर समय तैनाती से इसका सौ प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया है और यह मॉड्यूल से संबंधित किसी भी मामले को सुलझाता है।
- **प्रवेश रोकना :** यह प्रोग्राम रोगी को आपातकालीन विभाग में किसी भी संबंधित वार्ड से ले जाने के लिए इसे समय पर सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। पहले, ड्यूटी अधिकारी मैनुअल विधि से इसे ब्लॉक करते थे। अब इस अनुप्रयोग से यह पता लगाने में मदद मिलती है कि किस विभाग के प्रवेश में आपातकालीन / पेरिफेरल वार्ड के रोगी को भेजने में विलंब के कारण ब्लॉक होने की संभावना है। वे अनिवार्य कार्रवाई कर सकते हैं और इस प्रकार आपातकालीन प्रवेश प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाया जा सकता है।

ड्यूटी रोस्टर के साथ बायोमेट्रिक उपस्थिति :एक अन्य नवाचारी परियोजना ड्यूटी रोस्टर के साथ एकीकृत उपस्थिति की बायोमेट्रिक प्रणाली हैं। बायोमेट्रिक उपस्थिति को ऑनलाइन ड्यूटी रोस्टर से जोड़कर बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का पालन सुनिश्चित किया जाता है, जो जे पी एन ए टी सी में पहले से कार्यरत है। इस प्रणाली को दोहराने के लिए एक बड़ा अभ्यास किया गया था। प्रत्येक कर्मचारी की अंगुलियों के निशान बायोमेट्रिक मशीन पर दर्ज किए गए हैं। एम्स में सभी स्थानों पर ये मशीनें लगाई गई है और इनका समेकन लगभग पूरा हो गया है।

ओ पी डी / क्लिनिक / प्रक्रिया के लिए भविष्य में समय लेने हेतु निर्गत काउंटर : सभी ओ पी डी / क्लिनिक / प्रक्रिया के लिए भविष्य में समय लेने हेतु 6 निर्गत काउंटर और 5 कीओस्क आरंभ किए गए थे, ताकि लोग अपने लिए सुविधा जनक समय चुन सकें। इससे ओ पी डी कार्य की प्रक्रिया को सुचारु बनाया गया है ताकि प्रत्येक रोगी अगली बार आने के लिए पहले से समय तय कर सके। एन आई एस के साथ टी सी एस को भी इस रूपांतरण और प्रक्रिया बनाने में शामिल किया गया है।

प्रयोगशाला मॉड्यूल : जनवरी 2014 से अब तक 22 प्रयोगशालाओं को ऑनलाइन बनाया गया है। रिपोर्टिंग का अनुरोध ओ पी डी रोगियों और आंतरिक रोगियों के लिए ई – अस्पताल प्रणाली में किया गया है। नर्सिंग सूचना विज्ञान विशेषज्ञों के साथ एन आई सी दल भी प्रयोगशाला ऑनलाइन बनाने, तकनीशियनों और डॉक्टरों को प्रयोगशाला में प्रशिक्षण देने के लिए समन्वय करते हैं यहां 17 प्रयोगशालाएं ऑफलाइन हैं और इन्हें भी अगस्त 2015 तक ऑनलाइन लाया जाएगा।

क्र. संख्या	प्रयोगशाला का नाम
1	साइड लैब (बायोकेम – ई एम जी – लैब), कमरा नंबर 2
2	साइड लैब (बायोकेम दिनचर्या–लैब), कमरा नंबर 20
3	साइड लैब (हेमेटोल – दिनचर्या – लैब), कमरा नंबर 23
4	नेत्र बायोकेमिस्ट्री लैब, 6वां तल, आरपीसी
5	डॉ. सरमन सिंह लैब, कमरा नंबर 28, केन्द्रीय संग्रह सुविधा
6	सीएन सेंटर, भूतल, कमरा नं 17ए
7	साइड लैब (हेमेटोल – ईएमजी – लैब) कमरा नंबर 3
8	साइड लैब नियमित हेमेटोलॉजी, कमरा नंबर 22
9	आईआरसीएच कैंसर विज्ञान लैब
10	आईआरसीएच एफेरेसिस लैब
11	आरपीसी हेमेटोलॉजी लैब, 7वां तल, आरपीसी
12	केंद्रीय संग्रह सुविधा, कमरा नंबर 11
13	टीबी लैब, कमरा नं 2056, टीचिंग ब्लॉक, दूसरा तल
14	एसटीडी लैब कमरा नं 2069, टीचिंग ब्लॉक, दूसरा तल
15	सेरोलॉजी लैब, कमरा नंबर 24 (साइड लैब), मुख्य भवन
16	माइक्रोबायोलॉजी लैब, कमरा नं 2071, टीचिंग ब्लॉक
17	आरपीसी पैथोलॉजी, 7वां तल, आरपीसी
18	पैथोलॉजी पहला तल, टीचिंग ब्लॉक
19	मायकोलॉजी लैब, कमरा नंबर 2080, टीचिंग ब्लॉक
20	प्रजनन जीव विज्ञान, कमरा नं 2090, टीचिंग ब्लॉक
21	चिकित्सा कैंसर विज्ञान, आईआरसीएच
22	माइकोप्लाज्मा लैब, दूसरा तल, टीचिंग ब्लॉक

आंतरिक मॉड्यूल

ई – जन्म प्रमाण पत्र : 1 दिसंबर 2014 को इलेक्ट्रॉनिक जन्म प्रमाण पत्र नामक एक वेब आधारित अनुप्रयोग कार्यान्वित किया गया था – इस अनुप्रयोग में जन्म की सूचना जमा करने के लिए विधि को सरल बनाने हेतु अनेक विशेषताएं डाली गई है, और इन्हें केंद्रीय डेटा बेस में जमा किया जा सकता है। इस सॉफ्टवेयर के साथ केवल बच्चे के यू एच आई डी नंबर को एक बार डालने की जरूरत होती है। एक बार प्रविष्टि करने के बाद डेटा अपने आप केंद्रीय प्रणाली में फीड हो जाता है, जिससे एक बटन क्लिक करने पर प्रमाण पत्र प्राप्त हो जाता है।

एम एस एस ओ : एम एस एस ओ सॉफ्टवेयर का विकास एम्स में इलाज के लिए आने वाले रोगियों को रेल रियायती प्रमाण पत्र और विकलांग प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आंतरिक रूप से किया गया है। रेल रियायती प्रमाण पत्र और विकलांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन विधि से रिपोर्ट के साथ तैयार होते हैं।

ब्लड बैंक : ब्लड बैंक का कंप्यूटरीकरण एक अन्य ऐतिहासिक कदम है सी एन सी ब्लड बैंक का अनुरोध पत्र 27 जनवरी 2015 से लाइव बनाया गया है और यह एम्स के मुख्य ब्लड बैंक में शुरू किया जाएगा। कंप्यूटरीकरण के माध्यम से हमारा लक्ष्य ब्लड बैंक में पारदर्शिता लाना, तत्काल प्रतिक्रिया देना है।

गुणवत्ता आश्वासन मॉड्यूल (क्यू ए एम) : इसे उन सभी मामलों के उपाय के रूप में शुरू किया गया जिनमें संकाय द्वारा प्रस्तुतीकरण के समय ग्रेड दिया जा सकता है। इससे रेजीडेंट की उपस्थिति भी मिलती है, जिससे उनकी उपस्थिति को बायोमेट्रिक के साथ जोड़ा जा सकता है। यह न्यूरो सर्जरी और स्त्री रोग विभाग में लाइव है।

ओ टी अनुसूची : एक विशेष विभाग के ओ टी की सूची को अनुसूचित करने का अनुप्रयोग हे जिसे वास्तविक समय में अपडेट किया जाता है और उनके घर से भी प्रयोक्ताओं को इसकी पहुंच का अधिकार दिया गया है (पुस्तकालय पहुंच के माध्यम से)। इससे ओ टी की सूची बनाई जाती है और मैनुअल प्रक्रिया की तुलना में न्यूनतम गलतियों के साथ आसानी से अनुसूची बनाई जाती है।

मृत्यु नोट : दिल्ली सरकार द्वारा बनाए गए फॉर्मेट के अनुसार मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार करने का ऑनलाइन अनुप्रयोग सफलतापूर्वक तैयार किया गया है और इसे पूरे एम्स में सफलता पूर्वक कार्यान्वित किया गया है। एन आई एस ने इसके प्रशिक्षण और कार्यान्वयन का समन्वय किया है।

वाइटल प्रविष्टि : उस रोगी के जीवन के लक्षणों को दर्ज करने के लिए एक ऑनलाइन मॉड्यूल बनाया गया है जिसकी समेकित रिपोर्ट छुट्टी के समय प्रिंट की जा सके।

राजगढ़िया विश्राम सदन (तीन विश्राम सदन) : इस मॉड्यूल का विकास किया गया और यह कमरे के आरक्षण और बिलिंग को ठीक तरीके से चलाने के लिए वास्तविक प्रयोक्ता को नियंत्रण समर्थन प्रदान करता है।

संकाय प्रबंधन प्रणाली :

यह एम्स के संकाय सदस्यों के लिए एक इंटरफेस है, जहां उन्हें अपनी छुट्टी के आवेदन, ओ पी डी तथा आई पी डी रोगियों के निदान, ओ टी के विवरण, प्रकाशन, ए सी आर और वार्षिक रिपोर्ट से संबंधित जानकारी मिल सकती हैं। इसके लाभ हैं :

1. संकाय सदस्यों को अपने अवकाश, राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के बारे में पूछताछ के लिए प्रशासन में जाने की जरूरत नहीं होती है। संकाय डैशबोर्ड पर एक स्क्रीन में उन्हें यह जानकारी मिलेगी।
2. वार्षिक रिपोर्ट, जो इस समय जारी हैं, इससे संकाय सदस्यों को सी एम ई, प्रकाशनों, प्रकाशित की गई पुस्तकों, परियोजना के विवरण आदि के ब्यौरे मिलते हैं।

प्रशासन

यह सुविधा केंद्रों तथा विभागों सहित प्रशासन/वित्त/इंजीनियरी/भण्डार के सभी अनुभागों में ई – ऑफिस प्रोग्राम के समन्वय और कार्यान्वयन में शामिल हैं। फाइनेंस सर्वर (नौवेल)/प्रशासनिक सर्वर (विंडो) के रखरखाव से वित्तीय अनुप्रयोग किए जाते हैं और वेब आधारित प्रशासनिक/वित्तीय अनुप्रयोग किए जाते हैं।

आईटी मूलसंरचना और नेटवर्किंग, इंटरनेट और इंट्रानेट प्रबंधन गतिविधियां

1. वायरलेस नेटवर्किंग के लिए सुविधा प्रबंधन : छात्र सहायता के लिए समर्थन प्रणाली और कॉल सेंटर के निरंतर कार्यान्वयन।
2. वेबमेल सिस्टम का निरंतर प्रबंधन।
3. यूनीफाइड थ्रैट मैनेजमेंट (यूटीएम) एवं गेटवे लेवल एंटीवाइरस, एंटी–स्पेम, आईपीएस, लोड बैलेसिंग और कंटेंट फिल्टरिंग में प्रबंधन के लिए कंप्यूटर नेटवर्क्स एवं एप्लीकेशंस की सुरक्षा हेतु स्थापना की गई।
4. 18 छात्रावास के स्थानों पर वायरलैस नेटवर्किंग क्षेत्रों के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन का सतत प्रबंध, छात्रों एवं रेजीडेंट डॉक्टरों के लिए इंटरनेट, सूचना तथा ऑनलाइन पत्रिकाओं की पहुंच हेतु वाई फाई जोन्स का निर्माण किया। अब तक 6000 छात्र इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। वर्तमान में 1200 प्रयोक्ता इस सुविधा के लिए पंजीकृत हैं।
5. संस्थान के बाहर वी पी एन टनल आधारित पहुंच के द्वारा सक्षम बी. बी. दीक्षित पुस्तकालय द्वारा निर्धारित पत्रिकाओं हेतु ऑनलाइन पहुंच का सतत प्रबंध करने में सक्षम है।
6. आई सी यू से बाहर कहीं भी आई सी यू रोगियों के स्तर को देखने के लिए आई सी यू तंत्रिका रोगी की ऑनलाइन जांच का सतत प्रबंध।
7. आई सी यू से बाहर कहीं भी आई सी यू रोगियों के स्तर को देखने के लिए सी टी – 6 आई सी यू रोगी की ऑनलाइन जांच का सतत प्रबंध।
8. बीबीडीएच ओपीएसी की सेवाएं जारी तथा एम्स वेबसाइट के जरिए बी बी दीक्षित पुस्तकालय के माध्यम से पुस्तकालय ऑन लाइन संस्थान का अंशदान बढ़ाया गया।
9. द्विभाषी वेबसाइट निर्माण की प्रक्रिया जारी है। अब तक 50 विभागों का हिंदी में अनुवाद हो चुका है जिसे वेबसाइट में दर्शाया गया है।
10. छात्रों हेतु इंटरनेट एवं ऑनलाइन पत्रिका की पहुंच हेतु बी. बी. दीक्षित पुस्तकालय में वाई – फाई जोन का सतत प्रबंध।
11. वेबसाइट www.aiims.edu, www.aiims.ac.in का रख रखाव किया जा रहा है।
12. लगभग 3900 नोड्स (881 ई–अस्पताल नोड्स सहित) में अ. भा. आ. सं. नेटवर्क पर 24/7 दिनों तक संकाय एवं छात्रों के लिए इंटरनेट सुविधा का अनुरक्षण किया गया था।
13. दो जी.बी.पी.एस. तक विस्तारित क्षमता सहित 2 जी बी पी एस की राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एन.के.एन.) लीज़लाइन को एन आई सी से कम्प्यूटर सुविधा में संस्थापित किया गया है। एन.के.एन. के द्वारा सूचना को पहुंचाने के लिए विभिन्न लेक्चर थियेटरों एवं विभागों को नोड्स दिए गए है।
14. aiims.ac.in डोमेन पर 1000 ई मेल प्रयोक्ता खातों का निर्माण एवं अनुरक्षण।
15. वर्ष 2014–15 के दौरान एम्स वेबसाइट पर आने वालों की कुल संख्या लगभग 45 लाख है।
16. वेब सर्वर, प्रोक्सी सर्वर एवं मेल सर्वर 24x7x365 दिन का अनुरक्षण।
17. एम्स के संकाय एवं स्टाफ को 350 नए इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।
18. इंटरनेट एवं नेटवर्क प्रयोक्ताओं की शिकायतों एवं रेजोल्यूशन हेतु सुविधा प्रबंध एवं कॉल अनुरक्षण।
19. स्कॉलरों एवं वरिष्ठ/जूनियर रेजीडेंटों के लिए ड्यूटी कक्षों एवं सामान्य कक्षों में इंटरनेट एवं कंप्यूटरों का उपयोग करके ऑनलाइन जर्नल पहुंच तथा जर्नल पहुंच के प्रावधान हेतु तकनीकी सहयोग का सतत प्रबंध।
20. सी एन केंद्र ओ पी डी कैश कार्ड पेमेंट गेटवे, जेपीएनएटीसी और नशा मुक्ति केन्द्र, गाजियाबाद हेतु एम्स एवं एफ एस एस चैन्नई के मध्य वी पी एन टनल जारी।
21. कंप्यूटर सुविधा, अ. भा. आ. सं. के नेटवर्क इकाई द्वारा ई–अस्पताल (मुख्य अस्पताल) और आउटरीच ओपीडी झज्जर नेटवर्किंग ली।
22. बल्लभगढ़, एम्स केंद्रों के लिए विशेष रूप से कॉन्फिगर किए गए एम्स के बाहर ई–अस्पताल मॉड्यूल पहुंच के लिए वी पी एन आधारित पहुंच तंत्र।
23. एनडीडीटीसी, जेपीएनएटीसी तथा उत्कृष्टता केन्द्र, मिर्गी और मस्तिष्क केन्द्र के दूरस्थ स्थानों को जोड़ने के लिए एनकेएन द्वारा नेटवर्किंग और कॉन्फिगर किया गया।
24. वीडियो और तस्वीरों की मेजबानी के लिए मीडिया सर्वर सी एम ई टी पर बनाया।

25. एम्स सेवा के सर्वर पर आचार समिति की होस्टिंग वेब पोर्टल।
26. आचार समिति वाई–फाई सक्षम का कार्यालय बनाना
27. एम्स सर्वर पर होस्टिंग अनुसंधान विभाग की वेबसाइट।
